प्रकाशक—
साहित्य-संस्थान
राजस्थान विश्व विद्यापीठ
उदयपुर।

मुद्रक—
विद्यापीठ प्रिन्टिग प्रेस
उदयपुर

प्रकाशकीय निवेदन

राजस्थान मे प्राचीन साहित्य, लोक साहित्य, इतिहास एवं कला-विषयक प्रचुर सामग्री यत्र-तत्र बिखरी हुई है। आवश्यकता है, उसे खोज कर संग्रह और सम्पादित करने की। राजस्थान विश्व विद्यापीठ [तत्कालीन हिन्दी विद्यापीठ] उदयपुर ने इस आवश्यकता को अनिवार्य अनुभव कर विक्रम सं० १९९८ में "साहित्य-संस्थान" (उस समय प्राचीन साहित्य शोध संस्थान) की स्थापना की और एक योजना बनाकर राजस्थान की इस साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक निधि को एकत्रित करने का काम हाथ में लिया। योजना के अनुसार "साहित्य-संस्थान" के अन्तर्गत विभिन्न प्रवृत्तियाँ निम्न छः स्वतन्त्र विभागों में विकसित हो रही हैं : (१) प्राचीन साहित्य विभाग, (२) लोक साहित्य विभाग, (३) पुरातत्व विभाग, (४) नव साहित्य-सृजन विभाग, (५) अध्ययन गृह और संग्रहालय विभाग एवं, (६) सामान्य विभाग।

१ 'साहित्य-संस्थान' द्वारा सर्व प्रथम राजस्थान में यत्र तत्र बिखरे हुए हस्तलिखित हिन्दी के ग्रन्थों की खोज और संग्रह का काम प्रारम्भ किया गया। प्रारभ में विद्वानों को इस प्रकार के ग्रन्थालयों को देखने में बड़ी कठिनाइयाँ उठानी पडी। राजकीय पुस्तकालय, जागीरदारों के ऐसे संग्रहालय एवं जहाँ भी ऐसी पुस्तकें थीं, देखने नहीं दी जाती थी, धीरे २ इनके लिये वातावरण बना कर काम कराया जाने लगा। सबसे पहले साहित्य संस्थान द्वारा पं० मोतीलाल मेनारिया द्वारा सम्पादित "राजस्थान में हिन्दी के हस्त लिखित ग्रन्थों की खोज प्रथम भाग,

प्रकाशित कराया गया और उसके बाद बीकानेर के प्रसिद्ध विद्वान श्री अगरचन्द नाहटा द्वारा सम्पादित उक्त ग्रन्थ का दूसरा भाग छपाया एवं प्रस्तुत तीसरा भाग श्री उदयसिंह भटनागर की देख-रेख और सम्पादन में 'संस्थान' ने तय्यार करवाया है; जो आपके हाथों में है। इसी प्रकार चौथा, पाचवा और छठा भाग भी क्रमशः श्री अगरचन्द नाहटा, श्री नाथूलाल व्यास एव श्री भोलाशंकर-व्यास द्वारा सम्पादित किये जा चुके हैं। इनका प्रकाशन शीघ्र ही किया जाने वाला है।

प्राचीन साहित्य विभाग में हस्त लिखित ग्रन्थों की खोज के अतिरिक्त १२००० चारण गीत विभिन्न विषयों के एकत्रित किये जा चुके हैं।

२. लोक साहित्य विभाग द्वारा हजारों कहावतें, लोकगीत, मुहावरें, लोक-कहानियाँ, वात-ख्यात, ख्याल, पहेलियाँ, बैठकों के गीत आदि संग्रह किये जा चुके हैं। पं० लक्ष्मीलाल जोशी द्वारा सम्पादित-मेवाड़ी कहावतें और श्री रतनलाल मेहता द्वारा सम्पादित मालवी "कहावतें" पुस्तक रूप मे प्रकाशित की जा चुकी हैं। कहावतों के दो भाग और प्रकाशन के लिये तय्यार हैं। 'लोक वार्ताओं' के दो संग्रह, गीतो के दो संग्रह प्रेस कॉपी के रूप में तय्यार हैं। आर्थिक सुविधा होते ही इनको प्रकाशित करा दिया जायगा।

३. पुरातत्व विभाग के अन्तर्गत पट्टे, परवाने, ताम्र पत्र और ऐतिहासिक महत्व के अन्य कागज-पत्रों का संग्रह किया जाता है। प्राचीन मूर्तियाँ, सिक्के, शिला लेख, चित्र तथा अन्य कला कृतियाँ एकत्रित की जाती हैं। इसमें अच्छी सामग्री एकत्रित करली गई है।

४ नव साहित्य-सृजन विभाग मे अब तक तीन पुस्तकों का प्रकाशन किया जा चुका है। पं० जनार्दनराय नागर द्वारा लिखित "आचार्य चाणक्य" नाटक, पं० कन्हैयालाल ओझा द्वारा रचित "तुलसीदास" ब्रज भाषा काव्य, एवं श्री हुकमराज मेहता द्वारा लिखी गई "नया चीन" आदि पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें विद्वानो से लिखवाई जा रही हैं।

४ अध्ययन गृह और संग्रहालय विभाग में अब तक १००० हस्तलिखित सम्पूर्ण पुस्तकें एवं [illegible] मुद्रित ग्रन्थ एकत्रित किये जा चुके हैं। यह धीरे २ एक विशाल संग्रहालय का रूप ले सकेगा ऐसी आशा है।

६ सामान्य विभाग के अन्तर्गत राजस्थानी के प्रसिद्ध महाकवि श्री सूर्यमल की स्मृति में "सूर्यमल आसन" और राजस्थान के प्रसिद्ध इतिहासज्ञ तथा

पुरातत्ववेत्ता स्व० डॉ० गौरीशंकर हीराचंद ओझा की पुण्य स्मृति मे "ओझा आसन" स्थापित किये गये हैं। इन आसनों से प्रति वर्ष संबंधित विषयो पर अधिकारी विद्वानों के तीन भाषण समायोजित कराये जाते हैं। और उन्हें पुस्तकाकार प्रकाशित किया जाता है। "सूर्यमल-आसन" से अब तक डॉ० सुनीति कुमार चाटुर्ज्या, नरोत्तमदास स्वामी, अगरचन्द नाहटा तथा रा० ब० रामदेवजी चौखानी के भाषण कराये जा चुके है। और डॉ० चाटुर्ज्या के भाषणो की "राजस्थानी-भाषा" नामक पुस्तक 'संस्थान' से छप चुकी है।

'ओझा आसन" से प्रसिद्ध इतिहास वेत्ता सीतामऊ के महाराज कुमार डॉ० रघुवीरसिंह के तीन भाषण "पूर्व आधुनिक राजस्थान" विषय पर हो चुके हैं और यह पुस्तक प्रकाशित की जा चुकी है। दूसरे अभिभाषक डॉ० दशरथ शर्मा थे, जिनके भाषण शीघ्र ही प्रकाशित होने वाले हैं।

साहित्य-संस्थान से शोध-सम्बन्धी एक त्रैमासिक "शोध-पत्रिका" श्री डॉ० रघुवीरसिंह, श्रीअगरचन्द नाहटा, श्रीकन्हैयालाल सहल, श्रीदेवीलाल सांभर एवं श्री भगवतीलाल भट्ट के सम्पादन में प्रकाशित होती हैं। हिन्दी के समस्त शोध-विद्वानो का सहयोग इस पत्रिका को प्राप्त है, इसलिये यह शोध-जगत में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना चुकी है।

इस प्रकार साहित्य-संस्थान अपनी बहुमुखी कार्य योजना द्वारा राजस्थान के बिखरे हुए साहित्य को एकत्रित कर प्रकाश में लाने का नम्र प्रयत्न कर रहा है लेकिन यह काम इतना व्यय और परिश्रम साध्य है कि कोई एक सस्था इसे पूरा करना चाहे तो असम्भव है। हमारे देश की प्राचीन साहित्यिक, सास्कृतिक और सामाजिक परम्पराओ तथा चिन्तन-स्रोतो को सदैव गतिशील एव अमर बनाये रखना है तो इस काम को निरन्तर आगे बढ़ाना होगा। देश के धर्मात्मा सेठ-साहुकारों, राजा-महाराजाओं, जागीरदारों तथा जमींदारों को ऐसे शुभ सरस्वती के यज्ञ मे सहायता एव सहयोग देना ही चाहिये। राजस्थान और भारत के विद्वानो, विचारको और साहित्यकारों का इस प्रकार के शोध-पूर्ण कार्यों की ओर अधिकाधिक प्रवृत्त होना आवश्यक है।

साहित्य-संस्थान हिन्दी के आदि ग्रन्थ "पृथ्वीराज रासो" का प्रामाणिक सस्करण अर्थ और भूमिका सहित शीघ्र ही प्रकाशित करवा रहा है। "रासो"

का सम्पादन-कार्य इस विषय के मर्मज्ञ विद्वान श्री कविराव मोहनसिंह, उदयपुर कर रहे हैं। इसके प्रकाशन से हिन्दी साहित्य की एक ऐतिहासिक कमी की पूर्ति होगी।

आशा है विद्वानों, कलाकारो और धनी-मानियों द्वारा संस्थान को इसके कार्य में पूरा सहयोग प्राप्त होगा। इसी आशा के साथ—

विक्रम सं० २००६
सन् १६५२

गिरिधारीलाल शर्मा
मन्त्री
साहित्य-सस्थान

"दो शब्द"

राजस्थान विश्व विद्यापीठ, उदयपुर ने अपने १५ वर्षों के कार्यकाल में अनेक संघर्षों, संकटों और कठिनाइयों को झेलते हुए भी निस्सन्देह ऐसे कार्य किये हैं, जो उसके अस्तित्व तथा उपयोगिता के लिये प्रमाण रूप माने जा सकते हैं। राजस्थान विश्व विद्यापीठ के अन्तर्गत स्थानीय कवि-गोष्ठियों और साहित्य-चर्चाओं से लगाकर राजस्थान एवं अखिल भारतीय महत्व के सम्मेलन समायोजित किये जा चुके हैं। राजस्थान विश्व विद्यापीठ की स्थापना का मुख्य लक्ष्य ही राजस्थान की साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एव शिक्षणात्मक उन्नति करना था। इसी लक्ष्य को मूलाधार मानकर इसके अन्तर्गत वे सभी विविधि प्रवृत्तियाँ तथा काम प्रारंभ किये गये, जो देश के सर्वांगीण विकास तथा निर्माण के लिये आवश्यक एव अनिवार्य थे। लोक शिक्षण द्वारा उत्तरदायी लोक तन्त्रात्मक लोक-जीवन निर्माण का काम राजस्थान में सर्व प्रथम इसी संस्था द्वारा प्रारम्भ किया गया।

राजस्थान विश्व विद्यापीठ, उदयपुर (तत्कालीन हिन्दी विद्यापीठ) ने संवत् १९९८ में प्राचीन साहित्य की शोध-खोज, संग्रह-सम्पादन एवं प्रकाशन के लिये साहित्य-संस्थान (उस समय खोज विभाग) की स्थापना की और राजस्थान के प्राचीन साहित्य-विशेषकर डिंगल-के ग्रन्थों की शोध-खोज प्रारम्भ की। साहित्य-सस्थान ने इसकी महती आवश्यकता अनुभव की कि राजस्थान के प्राचीन ठिकानों, मन्दिरों, उपाश्रयों और रामद्वारों में पड़ी हुई अमूल्य साहित्यिक निधि को अन्धकार से प्रकाश में लाने का जब तक योजनाबद्ध कार्य नहीं किया जायगा तब तक अतीत का गौरवपूर्ण महिमामय राजस्थान आधुनिक जनतन्त्रात्मक प्रगतिशील भारत के साथ संयोग साधकर प्रगति कर सके, यह संभव नहीं है। इसीलिये समस्त राजस्थान के प्राचीन साहित्य और लोक साहित्य की गवेषणा का कार्य व्यापक आधार पर देश के विद्वानों की सहायता से करने का नम्र प्रयत्न किया जा रहा है। ऋषि-मुनियों की इस पुरातन तपोभूमि में अनेक

सरस्वती-पुत्रों ने वर्षों तक साधनारत रहकर सरस और सुन्दर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक रचनायें मुखरित की हैं, उन्हे आज हम अपनी असावधानी और प्रमाद से नष्ट हो जाने दें तो इससे बढ़कर क्या लज्जा की बात हो सकती है?

साहित्य-संस्थान राजस्थान विश्व विद्यापीठ ने अब तक प्राचीन साहित्य की शोध-खोज कर विवरणियों (बिबलियोग्राफी) के तीन भाग प्रकाशित कर दिये हैं और तीन भाग अभी आर्थिक कठिनाई के कारण अप्रकाशित रखे हैं। ज्यों ही आर्थिक सुविधा प्राप्त होंगी, उन्हे भी प्रकाशित कर दिया जायगा।

दस वर्षों के निरंतर शोध-खोज के कार्य के बाद इस वर्ष राजस्थान-सरकार ने साहित्य-सस्थान को 'प्रकाशन-कार्य' के लिये १०,०००) न्यूनतम सहायता प्रदान की है, उसी सहायता से इस "राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज, भाग-३ का प्रकाशन किया जा सका है। सरकार द्वारा 'प्रकाशन कार्य' के लिये प्रदत्त सहायता को स्वीकार करते हुए मैं संस्था की ओर से सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूँ और आशा करता हूँ कि भविष्य में भी राजस्थान-सरकार, उसके मत्रीगण तथा शिक्षा विभाग के अधिकारी महाशय ऐसे गभीर और गवेषणापूर्ण साहित्यिक्-सामग्री को प्रकाश में लाने का प्रोत्साहनपूर्ण सहयोग देते रहने में किसी प्रकार के संकोच का अनुभव नहीं करेंगे।

साहित्य-संस्थान, राजस्थान विश्व विद्यापीठ के सभी सहायकों, हितैषियों और शोध-खोज के विद्वानों का मैं उनके सहयोग के लिये-अत्यन्त आभारी हूँ। यह तो उन्ही का काम है और उन्हीं के लिये इस संस्था द्वारा किया जा रहा है-अतः उनका सहयोग तो निस्सन्देह मिलेगा ही।

गुरु गोविन्दसिंह जयन्ति
दिसम्बर १९५२

जनार्दनराय नागर
एम० ए०, साहित्यरत्न
प्रोपकुलपति
राजस्थान विश्व विद्यापीठ

अपनी ओर से—

प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थ किसी भी देश की संस्कृति–उसकी भावना और चिन्तन के विकास की परम्परागत निधि हैं। युद्धों की परम्पराओं के बीच जीते–जागते राजस्थान में हस्तलिखित ग्रन्थों की अमूल्य निधि का संग्रह उसकी सांस्कृतिक सजीवता का द्योतक है। अविश्वास और परम्परागत दकियानूसीपन इस निधि की रक्षा में विशेष सहायक हुआ है। फिर भी उत्तम कोटि के राजपूत शैली के चित्रों के समान अनेकों अमूल्य ग्रन्थ भी यूरोप और अमेरिका में चले गये हैं और वहाँ के संग्रहालयों की शोभा बढ़ा रहे हैं।

उदयपुर के विद्यापीठ में, अपने आरम्भिक जीवन से ही इन ग्रन्थों के संग्रह, संरक्षण, प्रकाशन आदि की ओर मेरी विशेष रुचि थी। अत इसका विभाग खोला गया और मेरे संयोजन में कार्य आरम्भ हुआ। मुझे आज यह व्यक्त करते हुए हर्ष है कि यह विभाग संस्था का एक प्रधान और सजीव अङ्ग बनकर कार्य कर रहा है। इसकी बहुमुखी प्रवृत्तियाँ उत्तरोत्तर विकसित होती जा रही हैं। हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज का कार्य बहुत बड़ा है, व्यापक और विस्तृत है। इसके लिये अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है। इस दृष्टि से मेरा यह कार्य एक प्रयोग मात्र था। फिर भी मैंने इससे बहुत बड़ा अनुभव लाभ किया। कई स्थानों से तो मुझे कई बार निराश लौटकर आना पड़ा। परन्तु मैंने उन लोगों को प्रसन्न करने और उनसे ग्रन्थ निकलवाने का विश्वास भी प्राप्त किया, और उसके परिणाम स्वरूप मैं लगभग १५०० ग्रन्थों के विस्तृत विवरण ले सका। प्रस्तुत रिपोर्ट में उन सब का विस्तार बहुत कठिन था। यद्यपि इस प्रकार की विवरणी के लिये मेरा एक भिन्न दृष्टिकोण है। विवरण व्यापक और विस्तृत होने चाहियें, जिससे ग्रन्थ पर एक आलोचनात्मक अध्ययन हो सके, उसमें सम्बन्धित भाषा, साहित्य,इतिहास, जीवन चरित्र, महत्वपूर्ण घटनाएँ, सामाजिक परिस्थितियों आदि की ओर भी आवश्यक संकेत हों, क्योंकि सभी ग्रन्थों का न तो प्रकाशन सम्भव है और न उनकी बार बार प्राप्ति ही। विवरण अधिकतर इसी दृष्टि से लिये गये थे। परन्तु, इतनी विस्तृत सामग्री के प्रकाशन की व्यवस्था भी तो एक समस्या है। अत मैंने लगभग ५०० रचनाओं का विवरण देना निश्चय किया।

प्रस्तुत रिपोर्ट का कार्य सन १९४२ के दिसम्बर में ही समाप्त हो गया था। १ सितम्बर १९४२ में मैंने इस कार्य को आरम्भ किया और पूरे चार महिने तक बराबर घूमने और विवरण लेने

का कार्य किया गया। इसका बहुत सा श्रेय मेरे उन सहयोगियों को है जिन्होंने मेरे साथ घूमकर विवरण उतारे और मेरे कार्य में सहायता प्रदान की। यद्यपि अपने क्रम में इस रिपोर्ट का प्रकाशन दूसरे भाग के रूप में होना चाहिये था, परन्तु इसका प्रकाशन आज पूरे दस वर्ष के पश्चात् हो रहा है। इसका बहुत कुछ श्रेय मेरे इस कार्य के सहयोगी भाई श्री गिरीधारीलाल शर्मा को है। एक प्रकार से उनका यह कर्तव्य ही था, क्योंकि इन विवरणों को लिखने के लिये उन्हें भी मेरे साथ घर-घर की खाक छानने के कटु अनुभव करने पड़े हैं। श्री पुरुषोत्तम मेनारिया को भी मैं भूल नहीं सकता। उन्होंने भी इसी प्रकार मुझे उतना ही सहयोग दिया और इसकी प्रेस प्रति बनाने में अथक परिश्रम किया। आज मुझे इस बात का गर्व है कि ये दोनों ही व्यक्ति अपने विषय में सलग्न और अपनी धुन के पक्के हो गये हैं। मेरे पश्चात् इस विभाग (शोध-सस्थान) का कार्य इन्होंने बारी बारी से सम्हाला और इसका विकास किया। अत ये दोनों ही बधाई के पात्र हैं। उन सज्जनों का मैं अत्यन्त आभारी हू जिन्होंने विश्वास के साथ अपने ग्रन्थों को मेरे सम्मुख लाकर रख दिया तथा मुझे उनसे विवरण उतारने दिये। श्री मोतीलाल मेनारिया के प्रति भी मैं अपना आभार प्रकट करना चाहता हूँ। समय-समय पर उनकी सम्मति ने मेरे कार्य में उत्साह-वर्द्धन किया। श्री अगरचद नाहटा ने इसके प्रकाशन में अपनी सम्मति से मुझे अनुग्रहित किया है। आचार्य जिनविजय का तो मुझ पर काफी ऋण है। एक शिष्य अपने गुरु को क्या धन्यवाद दे और क्या उनके प्रति आभार प्रदर्शन करे। अपने सतीर्थ भाई डा० भोगीलाल सांडेसरा से भी इसकी प्रस्तावना प्राप्त करने का सुअवसर बड़ौदा में रहने से मुझे प्राप्त होगया। उनका मैं आभारी हूँ।

दस वर्ष पश्चात् यह विवरणी पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत की जा रही है। जिस रूप में यह विद्वानों के सम्मुख प्रकाशित हो रही है, मुझे आशा है, उनके लिये यह उपयोगी सिद्ध होगी। मुझे सतोष है कि अनेकों छिपे हुए ग्रन्थों में से कुछ की सूचना विद्वानों के सामने आ रही है। प्रस्तुत विवरणी राजस्थानी भाषा और साहित्य के इतिहास की एक आधार भूमि बन सकती है। इसमें प्राचीनतम ग्रन्थ वि० स० १४१३ तक के मिलेंगे जो भाषा की दृष्टि से महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे।

यों तो मेवाड़ में ही साहित्य की इतनी सामग्री बिखरी पड़ी है कि उसके आधार पर एक स्वतन्त्र ग्रन्थ तैयार किया जा सकता है, जिसके द्वारा मेवाड के सांस्कृतिक और साहित्यिक विकास का परिचय हमें मिल सकता है। महाराणा सांगा के जीवन काल तक (वि० स० १५८४) या यों कहिये कि वि० स० १६०० तक राजस्थान का इतिहास मेवाड़ का इतिहास ही है। पृथ्वीराज के साम्राज्य के ध्वस के पश्चात् मेवाड ही प्रधानत इतिहास में जीवित रहा है। उसके पूर्व भी मेवाड़ में साहित्य और कला का जो विकास हुआ है वह अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण है। साहित्यिक अभिव्यक्ति

संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, देशभाषा सभी में हुई और इनके ग्रन्थों का कहीं तो उल्लेख मिलता है और कहीं कहीं ग्रन्थ भी प्राप्त होते हैं।

मेवाड़ में साहित्य, ज्ञान, विज्ञान और कला के विकास की सूचना हमें मेवाड़ और मेवाड़ के बाहर बिखरे हुए अनेकों शिलालेखों के द्वारा प्राप्त होती है। राजा नरवाहन के एकलिंगजी के शिलालेख (वि० सं० १०२८) से हमें ज्ञात होता है कि यहाँ स्याद्वाद (जैन), सौगात (बौद्ध) और वेदाङ्ग मुनि (आर्य) का महत्वपूर्ण शास्त्रार्थ हुआ था। यह शास्त्रार्थ मेवाड़ के बौद्धिक विकास की महानता का द्योतक है। राजा शालिवाहन के समय (वि० स० १०३०) का एक अन्य शिलालेख मेवाड़ की सांस्कृतिक, साहित्यिक और कला सम्बन्धी प्रगति की सूचना देता हुआ यह व्यक्त करता है कि राजा नरवाहन स्वयं संस्कृति, साहित्य और कला का महान पोषक और संरक्षक था[1]। एकलिंगजी की प्रशस्ति (वि० स० १०२८) का रचयिता अमर स्वयं एक महान् कवि था। यह इस प्रशस्ति से ही ज्ञात होता है। इसी युग में रामानुजाचार्य (वि० स० १०७३) का प्रभाव मेवाड़ पर पड़ा, जिससे आगे चलकर अनेकों नारायण (विष्णु) के उपासक साधु-महात्माओं ने इस भूमि को उपासना और भक्ति से आप्लावित किया। जैन और बौद्ध प्रभाव भी इस देश पर उस समय अवश्य रहे हैं यह केवल उक्त प्रशस्ति में दिये गये शास्त्रार्थ से ही नहीं विदित होता, अन्य प्रमाणों से भी होता है। प्रसिद्ध जैन साधु जोइन्दु (योगीन्द्) जो एक महान् विद्वान्, वैयाकरण और कवि था, संभवतः चित्तोड़ का ही निवासी था। इसका समय विक्रम की १० वीं शती था[2]। इसी समय रामसिंह नाम जैन कवि की भी रचना भाषा में मिलती है। रावल जैत्रसिंह के समय (वि० सं० १२७०-१३०६) में अहाड़ नगरी में दो प्रसिद्ध ग्रन्थों की रचना हुई। पहला 'ओघनिर्युक्ति' (वि० सं० १२८४ में लिखित) और दूसरा कमलचन्द्र द्वारा लिखित 'पाक्षिक वृत्ति' (वि० सं० १३०६)। अहाड़ नगरी में लिखित एक तीसरा ग्रन्थ (वि० सं० १३१७ तेजसिंह का समय) 'श्रावक प्रतिक्रमणसूत्र-चूर्णि' पाटण के भण्डार में सुरक्षित है। ये तीनों ग्रन्थ ताड़पत्र पर लिखित हैं। अहाड़ के समीप 'धूलकोट' में लिप्त 'तांबावती नगरी' २००० ई० पूर्व की सभ्यता की द्योतक है। रावल तेजसिंह के समय (वि० स० १३१७-१३२४) जैन-संस्कृति का मेवाड़ में प्रभाव जमने लगा। उस समय के प्रसिद्ध जैन मुनि रत्नप्रभसूरि का रावल तेजसिंह के मन्दिरों और उसकी माता पर काफी प्रभाव था[3]। रत्नप्रभसूरि स्वयं विद्वान् और कवि था।

---

१ जर्नल ऑफ द रॉयल एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल, जि० २२, पृ० १६६।

२ राहुल सांकृत्यायन-हिन्दी काव्यधारा पृ० २४०।

३ चित्तौड़ की गम्भीरी नदी के पुल के नीचे पाया गया शिलालेख (वि० स० १३२४)

वि० सं० १३३० में उसने जिस प्रशस्ति की रचना की[१] उसे उसके शिष्य पार्श्वचन्द्र ने शिला पर लिपिवद्ध किया, केल्हिसिंह ने उसे खोदा और सूत्रधार देल्हण ने उसे स्थापित किया। इससे प्रशस्तियों की रचना से लेकर स्थापन तक की कला का सकेत हमें मिलता है। बौद्धकालीन सभ्यता कल्याणपुर और चित्तौड़ के पास मझमिका नगरी के भूगर्भ में छिपी पड़ी है। शैव और वैष्णव सस्कृति का यह स्थान सदा से केन्द्र बना रहा। नागदा की मूर्ति और वास्तुकला इसका एक अच्छा उदाहरण है। चित्तौड़ के विजय-स्तम्भ और कीर्तिस्तम्भ जैन और वैष्णव स्थापत्य के कला स्तम्भ हैं।

लाखा और कुम्भा (वि० स० १४३९-१५२५) के युग में मेवाड़ सस्कृति, साहित्य, और कला की चरम सीमा पर था। यह युग मेवाड़ का स्वर्ण युग कहा जा सकता है। इसमें जिन सांस्कृतिक भावनाओं का सचार हुआ, साहित्य के विविध अङ्गों को उन्नति हुई और कलाओं-सगीत और चित्र, शिल्प, मूर्ति, स्थापत्य और युद्धकला भी का जो विकास हुआ उसने मेवाड़ को सामान्य भूमि से बहुत ऊपर उठा दिया, उसने ऐसी प्रबल और स्वतत्र सत्ता का रूप धारण किया कि पड़ोसी यवन आक्रमण कारी कभी सुख की नींद न सो सके। गोरखनाथ की गोरखपथी शाखा और उससे निकले हुए अघोर-पथ का मेवाड़ अखाड़ा था। उदयपुर के पास तीतरड़ी की प्रसिद्ध गुफा गोरखपथियों से सम्बन्धित मानी जाती है और उसके पास का गांव समीनाखेड़ा अब तक ओघड़ बाबा का अखाड़ा है। कदाचित गुरु भण्डार, चुणकरनाथ, चरपटनाथ, जालन्धीपाव धूँधलीमल, पृथ्वीनाथ, बालनाथ, ओघड़-पथ के प्रमुख प्रवर्तक मोतीनाथ, सती कपोरी, शभूनाथ, सिद्ध गवरी, सिद्ध घोड़ाचोली, सिद्ध हरवाली आदि में से कुछ यहाँ से अवश्य सम्बन्धित थे और कुछ ने अपनी रचनाओं का यहीं से प्रसार किया होगा। कुमा स्वय एक महान भक्त, कलाकार, सगीतकार संगीतज्ञ और संगीत शास्त्री, काव्यकार तो था ही, परन्तु साथ ही योग्य शासक, नीतिज्ञ और एक कुशल सेनानी तथा वीर योद्धा भी था। वह कलाकारों, विद्वानों, पडितों, सगीतज्ञों, कवियों, शिल्पियों, मूर्तिकारों, सैनिकों आदि का महान पोषक और नेता था। 'एकलिंग महाकाव्य' से ज्ञात होता है कि कुम्भा वेद, स्मृति, मीमांसा, उपनिषद, व्याकरण, राजनीति आदि का विद्वान था। संगीत पर उसके तीन ग्रन्थों–१ सगीत राज, २, सगीत मीमांसा ३ सूड़ प्रबन्ध का पता चलता है। उसके बनाये हुए कीर्त्तिस्तम्भ के एक टूटे शिलालेख से ज्ञात होता है कि वह शिल्प और वास्तू शास्त्र का भी विद्वान् था और कीर्त्तिस्तम्भों पर उसने स्वय एक ग्रन्थ रचा था-जिसको उसने जय और अपराजित के मतों को आधार माना है[२]। कुमा एक नाट्यकार भी

---

१ चीरवा में प्राप्त।

२ ओझा-उदयपुर राज्य का इतिहास भाग २, पृ० १११८। २९

था। उसने चार नाटक लिखे, जिनसे विविध भाषाओं–कर्णाटी, महाराष्ट्री, राजस्थानी, आदि पर उसके अधिकार का परिचय मिलता है। शासन व्यवस्था पर उसने 'सुप्रबन्ध' ग्रन्थ लिखा, 'चण्डी शतक' का अनुवाद किया और गीत गोविन्द पर 'रसिक प्रिया' टीका लिखी। अनेकों स्तुतिओं की रचना की जिन्हें वह स्वय विभिन्न रागों और तालों में गाता था। उसके समय में मण्डन सूत्रधार ने 'देवतामूर्ति प्रकरण', 'प्रासाद मण्डन,' वास्तु मण्डन, 'वास्तु शास्त्र', 'राजवल्लभ', 'रुपमडन', 'रुपावतार', 'वास्तुसार' की रचना की। उसके भाई नाथा ने 'वास्तुमजरी' तथा उसके पुत्र गोविन्द ने 'उद्धार धोरणी,' 'कलानिधि', और 'द्वारदीपिका' की रचना की। अत्रि और उसका पुत्र महेश उस समय के प्रसिद्ध प्रशस्तिकार थे। वैद्यक और ज्योतिष के ग्रन्थों की भी रचना हुई १। इस समय तक यहीं कहीं शार्ङ्गधर ने अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ 'शार्ङ्गधर-सहिता और 'सगीत रत्नाकर' समाप्त कर दिये थे (वि० स० १४२०)। 'हम्मीर रासौ' और हम्मीर काव्य' की भी इस समय तक रचना हो चुकी थी२। परन्तु,इनकी खोज करना एक बहुत बड़ा कार्य है। कुभा के पिता मोकल स्वय विद्यानुरागी थे। मोकल के राज्य (१४७८–१४६०) में कविश्वर महेश ने कवि के रूप में, प्रशस्तिकार के रूप में, दर्शन शास्त्र के विद्वान् के रूप में सम्मान प्राप्त किया। मोकल के समय के शिलालेखों से स्पष्ठ है कि कविराज वाणीविलास योगीश्वर और एकनाथ उसके प्रसिद्ध कवि, वीसल प्रसिद्ध शिल्पकार और फना और मन्ना प्रसिद्ध सूत्रधार थे। मोकल के पिता लाखा से लेकर कुभा तक भोटिङ्ग भट्ट अपने काव्य और प्रशस्तियों के लिये प्रसिद्ध रहे। रावल समरसिंह (वि० स०१३५८) का प्रसिद्ध कवि वेदशर्मा था।

विक्रमसवत् १३०० से १५०० तक का युग सामाजिक और धार्मिक क्रान्ति का युग था। धार्मिक अधिकार किसी वर्ग विशेष का नहीं, मनुष्य मात्र का है। कोई भी कर्म हेय नहीं है, वह भगवद्भक्ति के मार्ग में बाधक नहीं है। अपना कर्म करते रहकर ही भगवान् की प्राप्ति करना इस युग की प्रधान विशेषता थी। नामदेव ने छीपा-कर्म करते हुए, कबीर ने जुलाहा-कर्म करते हुए, सेना ने नाई का काम करते हुए, अपनी भक्ति और साधना का प्रभाव जनता पर डाला। इसी प्रभाव ने धन्ना जैसे एक जाट कृषक को राजस्थान का महान् भक्त बनाया (वि०स० १४७२), रैदास जैसे चमार को (वि०स०१४८५–१५८५) भक्तों के ऊँचे आसन पर आरुढ़ किया, पीपा को (वि०सं०१४८०–१५३०) राज महल से निकालकर द्वारिका में भिक्षुक का काम कराया। और तो और, मेवाड़ के राजमहल के अन्त पुर की मर्यादा तोड़कर राजराणी मीरॉं को

---

१ ओझा–उदयपुर राज्य का इतिहास भाग २ पृ० १११८–२६।

२ जैसा कि 'शार्ङ्गधर' से पता चलता है।

बाहर निकाला और साधुओं और सन्तों के बीच बैठाकर गान और नृत्य करवाया। धन्ना, पीपा, रैदास और मीराँ मेवाड़ के अमर भक्त हैं, मोतीनाथ अघोरियों का महान प्रवर्त्तक है, शार्ङ्गधर महान कवि और वैद्य है, कुंभा भक्त, कवि,कलाकार, विद्वान और योद्धा है, भोटिंग भट्ट इस युग का महान विद्वान्, कवि और प्रशस्तिकार है, सूत्रधार मण्डन शिल्पकला का सूत्रधार है। इस प्रकार धन्ना, पीपा, रैदास, मोतीनाथ, शार्ङ्गधर, कुम्भा, भोटिङ्ग भट्ट, मण्डन सूत्रधार और मीराँ, इस युग के 'मेवाड़ के नवरत्न' हैं, जिसकी संतति है सांगा और प्रताप जैसे युद्धवीर देश भक्त !

इस युग में संस्कृत का अधिक महत्व था, पर इन व्यक्तियों ने यह भी प्रमाणित कर दिया कि देश भाषा का भी उतना ही महत्व है। भक्तिकाल में भावनाओं के परिवर्तन के साथ साथ भाषा का भी परिवर्तन देख पड़ता है। राजस्थानी पर व्रजभाषा का प्रभाव आरम्भ होता है। मीराँ की भाषा में ये लक्षण स्पष्ट रूप में दृष्टिगोचर होते हैं। पर चारण भाटों की भाषा और साहित्यिक परम्परा भी इसी युग में स्वतन्त्र अस्तित्व धारण करती हुई दिखाई पड़ती है। इसी युग मे 'डिंगल गजब डोकरो डाकी, पिंगल पूगल नाजुक नार' की ध्वनि (१५७५ के आसपास) सुनाई पड़ती है और राजस्थानी की दो शैलियाँ डिंगल-पिंगल हमारे सन्मुख आती हैं। आगे चलकर दादू-पंथ, निरंजनपथ, रामस्नेही पथ आदि अनेकों पथों ने मेवाड़ के सांस्कृतिक विकास में योग दिया। रामस्नेही का जन्म तो मेवाड़ ही में हुआ है। इसके आदि गुरु संतदास (सं०१८०६ में मृत्यु) मेवाड़ के दांतड़ा गांव के ही निवासी थे। साहित्य-कोटि के अनेकों कवि मेवाड़ में हो गये हैं। साँगा (सं०१५६६) से महाराणा सज्जनसिंह (सं०१९४१) तक मेवाड़ में अनेकों साहित्यकार, संत, साधु, भक्त, पण्डित आदि हो गये हैं जिन्होंने मेवाड़ के सांस्कृतिक विकास में अपनी ओर से कुछ दिया है। इनमें से कुछ की ही रचनाएँ अभी तक हमें उपलब्ध हुई हैं और कुछ की सूचना मात्र मिलती हैं। 'रायमल रासौ', 'हरिवंश महाकाव्य' (संस्कृत), सौदा बारहठ जमना (सं०१५६६–८४) और केसरिया चारण हरिदास (वि०सं०१५६६–८४) पीथा आशिया (सं०१६२८–५३) की रचनाएँ आज अप्राप्य हैं। प्रताप के पुत्र अमरसिंह ने बिखरे हुए रासौ को एकत्रित कराया (१६६०), [१] पर अमरसिंह की काव्य-रचनाएँ अप्राप्य हैं। चारण मल्ल (सं०-१६७६-८४) और बारहठ गोविन्द (सं० १६८४-१७०६) के कोई नाम तक नहीं जानता। किसी दयालदास ने राणा रासो (सं० १६८० के लगभग) काव्य की रचना की, पर उसका कहीं पता नहीं। भींडर के जैन उपाश्रय की परम्परा से सम्बन्धित पन्यास (प०=पन्यास) दौलत विजय (दलपत) ने प्रसिद्ध 'खुम्माण रासौ' की रचना (वि० सं० १७२५ के लग भग) की।

---

१ देखो विवरणी पृ० ६८, पंक्ति १६।

महाराणा राजसिंह के साथ विष द्वारा मारे जानेवाले[१] और महाराणा द्वारा 'भाई' माने जानेवाले दधिवाड़िया आशाकरण की वीरगाथाएँ अब तक अप्राप्य हैं। इसी युग में कम्मा नाई भी कोई कवि हो गया है, जिसने उक्त महाराणा को अपने पूर्वजों के गौरव का स्मरण दिलाकर उन्हें दिल्ली जाकर बादशाह के सन्मुख झुकने से रोका[२]। किशोरदास चारण ने 'राजप्रकाश' (स० १७१६) और मान कवि (जैन कवि) ने 'राजविलास' (सं० १७३५-३७) की रचना की। इसी समय लाल भट्ट ने भी महाराणा राजसिंह पर १०१ छंदों का एक काव्य रचा। रणछोड़दास का 'राज प्रशस्ति महाकाव्य' भारत का सब से बड़ा शिलालेख माना जाता है। यह रचना भी राजसिंह के समय की है। जोगीदास चारण कृत 'हरिपिंगलप्रबन्ध' (स० १७४४), मुरली कृत 'अश्वमेध' (स० १७५५) और 'त्रियाविनोद' ख्याति में आचुके हैं। कविराज करणीदान ने महाराणा सग्रामसिंह द्वितीय (स०१७६७-९० के राज्य में किसी काव्य की रचना की। कवि नन्दराम कृत 'शिकार भाव' (स०१७९०) और 'जगविलास' (सं०१८०२), महाराणा जगसिंह के मन्त्री देव करण कायस्थ कृत 'वाराणसी विलास' भी साहित्य की उत्तम कोटी की रचनाएँ हैं। रामकृष्ण और नाथूराम महाराणा जगतसिंह द्वितीय (वि०सं० १७९०–१८०८) के प्रसिद्ध प्रशस्तिकार थे और नेकराम प्रसिद्ध कवि, जिसने 'जगद्विलास' की रचना की। इसी समय दाँतड़ा में प्रसिद्ध सन्तदास हुए, जिनके शिष्य कृपाराम की प्रेरणा से रामचरणदास ने 'रामस्नेही पंथ' की स्थापना की। विक्रम सवत् १८१७ में सोमेश्वर कवि ने 'राज्याभिषेक काव्य' (संस्कृत) की रचना की और उसी परम्परा को वैकुण्ठ पल्लीवाल ने 'अमरसिंह राज्याभिषेक काव्य' (सं १८१७) की रचना में निभाया। पडित मङ्गल के 'अमर नृप काव्य' की रचना भी इसी समय हुई। महाराणा अमरसिंह ने (स १८१७–१८२९) 'रसिक चमन' लिखा इसी समय किसी अज्ञात कवि ने 'सुदामा चरित्र' की रचना की, जो नरोत्तमदास के 'सुदाम चरित' से सर्वथा भिन्न है।

महाराणा भीमसिंह के समय तक (स० १८३४–१८८५) मेवाड में कृष्ण भक्ति का पूर्णत: प्रचार हो चुका था। महाराणा भीमसिंह की कृष्ण भक्ति सम्बन्धी कुछ कविताएँ भी प्राप्त होती हैं। इस समय तक व्रज भाषा और राजस्थानी का समन्वय हो चुका था। इसी समय फतहकरण चारण, फतेराम वैरागी, कविआ करणीदान, किशना आढा, आशिआ मानसिंह, अपनी रचनाओं से प्रसिद्धि में आये। फतहकरण राजस्थानी का गद्य–पद्य लेखक था। पर उसकी केवल 'पचाख्यान' (टीका) की सूचना ही मिलती है। किशना आढा के तीन ग्रन्थ–भीमविलास, चण्डिशतक,

---

१ महाराणा यश प्रकाश–भूसिंह शेखावत

२ राजनगर के महल में इसका एक पद खुदा हुआ मिलता है।

घुवर जस प्रकाश उपलब्ध है। आशिआ मानसिंह ने डिंगल में किसी रूपक की रचना थी [१]। इसी मय संत परम्परा में दीन दरवेश का एकलिंगजी में प्रादुर्भाव हुआ, जिनके जीवन काल के विषय में न्त-साहित्य के विद्वानों में भिन्न-मत हैं। दीन दरवेश की रचना राजस्थानी में है परन्तु उस पर कुछ डिंगल का प्रभाव अवश्य है। इसी समय ब्रजभाषा के प्रसिद्ध कवि पद्माकर का उदयपुर में आगमन हुआ, जिसका प्रभाव यहाँ के साहित्य पर अच्छा पड़ा। उन्होंने यहीं पर 'गनगौर' पर रचना की। ब्रजभाषा ने राज दरबार में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लिया। इसका परिणाम महाराणा जवानसिंह हैं। इनकी रचनाओं से स्पष्ट ज्ञात होता है कि ये पूर्ण अधिकार के साथ ब्रजभाषा में रचना करते थे। वि० स० १८८७ में उत्पन्न कवि गुमानसिंह (बाठल्डा) की रचना ब्रजभाषा में आध्यामिक विषय की रचना का उत्कृष्ठ उदाहरण है।

महाराणा सज्जनसिंह के समय तक मेवाड़ में ब्रजभाषा का विकास अपनी चरम सीमा पर पहुँचता हुआ देख पड़ता है। इसके पश्चात् साहित्य की राजकीय परम्पराएँ भी टूटने लगती हैं और साहित्य एक स्वतन्त्र अस्तित्व प्राप्त कर लेता है। महाराणा सज्जनसिंह का समय प्राचीन संग्रह और वर्तमान विकास का युग था। इसका श्रेय महाराणा के गुरु ज्ञानी बिहारीलाल को है, जो संस्कृत, हिन्दी, फारसी और अँग्रेजी के विद्वान थे। इनके कारण महाराणा की प्रवृत्ति बदली और वे साहित्य, कला, इतिहास, विद्वानों के प्रेमी और प्रशंसक ही नहीं आश्रयदाता भी बने। वे स्वयं काव्य के मर्मज्ञ थे। उन्होंने हस्तलिखित ग्रन्थों, प्राचीन चित्रों और विविध ऐतिहासिक सामग्रियों के संग्रहालयों की स्थापना की। कवि सम्मेलनों का आयोजन किया। आधुनिक हिन्दी साहित्य के जनक भारतेन्दु का इन्होंने मेवाड़ में भव्य स्वागत किया। भारतेन्दु के प्रभाव से सरकारी कार्यालयों और अन्य विविध विभागों के नाम हिन्दी में दिये गये। प्रसिद्ध इतिहासकार कविराजा श्यामलदास, कवि ऊजल फतहकरण, बारहठ किशनसिंह, स्वामी गणेशपुरी उनके प्रसिद्ध कवि थे। वे स्वयं एक सिद्धहस्त कवि और गायक थे। स्वामी दयानंद का प्रभाव भी मेवाड़ पर पड़ा। महाराणा ने उन्हें अपना गुरु स्वीकार किया। महाराणा ने मेवाड़ में पार्लियामेन्ट के ढंग की शासन व्यवस्था की भी घोषणा की [२], परन्तु अँग्रेजी शासन नीति के कारण वह सफल न हो सकी।

मेवाड़ के साहित्यिक और सांस्कृतिक विकास का संक्षिप्त परिचय यहाँ दिया गया है। जिन

---

१ श्रीओझाजी के संग्रह में इसकी प्रति थी।

२ महाराणा सज्जनसिंह की एक प्राचीन प्रकाशित घोषणा के आधार पर।

ग्रन्थकारों का और ग्रन्थों की सूचना इसमें दी है वे केवल नाम मात्र हैं। हमें उन सबकी खोज तथा अध्ययन कर, उनका जीवन के साथ मूल्याङ्कन करना होगा।

हिन्दी-विभाग
विश्व विद्यालय, बड़ौदा
१५-१२-५२

उदयसिंह भटनागर

लेखकानुक्रमणिका

ग्रन्थानुक्रमणिका

---

* वार्ताओं के अतिरिक्त इन ग्रन्थो के रचयिता अज्ञात हैं।

* वार्त्ताओं के अतिरिक्त इन ग्रन्थों के रचयिता अज्ञात हैं ।

* वार्त्ताओं के अतिरिक्त इन ग्रन्थों के रचयिता अज्ञात है।

---

* वार्त्ताओं के अतिरिक्त इन ग्रन्थों के रचयिता अज्ञात हैं।

---

* वार्त्ताओ के अतिरिक्त इन ग्रन्थों के रचयिता अज्ञात हैं।

* वार्त्ताओं के अतिरिक्त इन ग्रन्थों के रचयिता अज्ञात हैं।

* वार्त्ताओ के अतिरिक्त इन ग्रन्थों के रचयिता अज्ञात हैं।

---

* वार्त्ताओं के अतिरिक्त इन ग्रन्थों के रचयिता अज्ञात हैं।

---

* वार्ताओं के अतिरिक्त इन ग्रन्थों के रचयिता अज्ञात हैं ।

* वार्त्ताओं के अतिरिक्त इन ग्रन्थों के रचयिता अज्ञात हैं।

* वार्त्ताओ के अतिरिक्त इन ग्रन्थो के रचयिता अज्ञात है।

१	कुल ग्रन्थ संख्या	५०९
२	कुल ग्रन्थकार संख्या	३२६
३	अज्ञात लेखकों के ग्रन्थ	७६
४	अज्ञात लेखकों की वार्त्ताएँ	९२
५	ज्ञात लेखकों की वार्त्ताएँ	३
६	काव्यशास्त्र-ग्रन्थ	३९
७	महत्वपूर्ण साहित्यिक ग्रन्थ	६२

"प्रस्तावना"

साहित्य-संस्थान की ओर से श्री उदयसिंह, भटनागर द्वारा सम्पादित 'राजस्थान मे हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज भाग ३' का स्वागत करते हुए मुझे हर्ष होता है। इसके प्रथम दो भाग राजस्थान के प्रसिद्ध साहित्य सशोधक श्री मोतीलाल मेनारिया तथा श्री अगरचंद नाहटा ने तैयार किये हैं। साहित्य के इतिहास की महत्त्वपूर्ण सामग्री राजस्थान विश्व विद्यापीठ के अन्तर्गत 'शोधसंस्थान' द्वारा प्रकाशन की यह योजना प्रशसनीय है। राजस्थान के प्राचीन साहित्य भडारों में सचित कतिपय महत्त्वपूर्ण रचनाओं की सूचना प्रस्तुत विवरणों द्वारा विद्वानों को प्राप्त होगी। इसमें मेवाड़ के कतिपय प्राचीन ग्रन्थ सग्रहालयों का उपयोग कर सम्पादक ने यह ग्रन्थ तैयार किया है। इस संग्रह से पश्चिम भारत के मध्यकालीन साहित्य की प्रगति के अप्रकाशित ग्रन्थों से उद्धृत नमूनों का लाभ विद्वानों को प्राप्त होगा। परन्तु इस 'माला' का नाम 'राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज' किस उद्देश्य से रखा गया-यह मेरी समझ में नहीं आता? इसमे अधिकतर व्रजभाषा तथा जूनी राजस्थानी-गुजराती के ग्रन्थों का ही विवरण है। यदि इस 'माला' का नाम 'राजस्थान में प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज' रखा गया होता तो वह अधिक व्यापक अर्थ का द्योतक होता। राजस्थान और गुजरात में सग्रहीत हस्तलिखित ग्रन्थ हजारों नहीं लाखो की सख्या में मिलेंगे। अब प्रकाशित ग्रन्थों का प्रकाशन तथा इस प्रकार के शोधपूर्ण विवरण का प्रकाशन महत्वपूर्ण और प्रशसनीय है। सम्पादक तथा 'साहित्य सस्थान' इस महत्वपूर्ण प्रवृत्ति को चालू रखेंगे-ऐसी मैं आशा रखता हूं।

भोगीलाल ज. सांडेसरा एम. ए. पी. एच. डी.
युनिवर्सिटी प्रोफेसर तथा अध्यक्ष—
गुजराती-विभाग,
म० स० विश्व विद्यालय, वड़ौदा

अध्यापक निवास
बडौदा
६-२-१६५३.

राजस्थान में हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थों की खोज

(तीसरा भाग)

(१) अध्यात्म, धर्म, दर्शन, भक्ति, सम्प्रदाय, पंथ आदि··· ।

१ अजारी सरस्वती। रचयिता– शान्तिकुशल। आकार– ६.७"×४.२"। पत्र–संख्या २। इसमे जैन शैली का एक पँच रंगा सरस्वती का चित्र है। लिपिकार- अजबकुशल। विषय– अजारी सरस्वती की प्रार्थना। छंद–संख्या ३७।

हेमा चारिज ने पणि तू ठी । कालिदास ने तू हीज तू ठी

अनुभूति सन्यासी लाधी । मुनि लावण्य समें तूँ साधी ॥१०॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(२) अध्यात्म प्रकाश। रचयिता– सुखदेव मिश्र। आकार–८"× १०"। पत्र–संख्या– ३१। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पक्तियाँ और प्रति पक्ति में १८ अक्षर हैं। छद–(दोहा, सोरठा, कवित्त कुण्डलियाँ, सवैया आदि) संख्या २५१। रचनाकाल–संवत् १७५५ आसोज शुक्ला ११ बुधवार।

आदि भाग–

कवित्त

स्थावर जगम जीव जिते जग भाँतिन भाँतिन वेष धरे हैं ।

नांमहि सचिदानद स्वरूप श्रातम एक प्रकाम करे हैं ॥

ता बिन जानत सिंधु सो लागत जानते गोपद तुल्य तरे हैं ।

वंदति ताहि कहै सुखदेव सो ब्रह्म सदा सब ही ते परे हैं ॥

अन्तिम भाग–

दोहा

आगम तत्र पुरान पुनि, पच रीति मति जान ।
सौंचि आपने पख्य को, जग में डारत श्रांन ॥२४१॥

[अन्ताणी सग्रह]

(३) **अनभै प्रबोध** । रचयिता– गरीबदास । इसकी दो प्रतियाँ है । पहली प्रति । आकार–६ ५″ × ४″ । पत्र-संख्या १३ । प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पक्तियां और प्रत्येक पंक्ति में २५ अक्षर है । छन्द–सख्या–१४१ ।

आदि भाग–

चौपाई

ॐ प्रणम ॐ गुरु के पाई । मति बुद्धि ग्यांन देहु समझाई ॥
जासौं बरनो प्यंड ब्रह्मंडा । सातो सायर अर नव खंडा ॥१॥
आदि अनादि जोति अपार । तायें प्रगट्यौ ॐ कार ॥
ॐ कार तें पाँचों तत । राजस सातिग तामस मत ॥२॥
धरती पांणीं अगनि मिलाऊँ । पवन अकास ए पाँचों नाऊँ ॥
राजस ब्रह्मा विष्णु कै स्वांति । तामस महादेव की भाँति ॥३॥

अन्तिम भाग–

दोहा

गरीबदास घटि ऊचरी, बांणी निर्मल सार ।
जे यहु गावै सु णैं, तिनके कटैं बिकार ॥१४०॥

अनभै प्रमोध उचारता विचारत। पापेन लिपते पुर्नि न हरंते ब्रह्म समाधि गच्छन्ते ॥ ॐ नमो गुरु दादू पादूका प्रणाम ॥ १४१ ॥

[चुन्नीलाल दादूपंथी,उदयपुर]

दूसरी प्रति–यह ७२सन्तो के सग्रहवाले गुटके में है । देखो ग्रन्थ–सख्या ३०।

[केवलराम दादूपन्थी]

(४) **अनुभव प्रकाश** । रचयिता– महाराजा जसवन्तसिंह, जोधपुर। आकार–६″ × ५¾″ । पत्र-संख्या १५ । पद्य-सख्या २५ । लिपिकाल-सम्वत् १७३४

[अन्ताणी संग्रह, विद्यापीठ, उदयपुर]

(५) **अपरोक्ष सिद्धान्त** । रचयिता-महाराजा जसवन्तसिंह, जोधपुर, आकार-६" × ५¾" । पद्य-सख्या १०० । लिपिकाल स० १७२४ ।

[अन्ताणी सग्रह, विद्यापीठ, उदयपुर]

(६) **अवतार चरित्र** । रचयिता-नरहरिदास । पहली प्रति । आकार-१३" × ८¾" । पत्र-संख्या १६४ । प्रत्येक पृष्ठ पर २७ पंक्तियां और प्रत्येक पंक्ति मे २२ अक्षर हैं ।

[अन्ताणी सग्रह, विद्यापीठ, उदयपुर]

दूसरी प्रति-श्री नाथूसिंह राव, सलुम्बर

(७) **आनन्द विलास**– । महाराजा जसवन्तसिंह, जोधपुर । आकार ६" × ५¾" । पत्र-संख्या ३४ । पद्य-संख्या २०२ । लिपिकाल सं० १७२४—

दोहा

सवत् सत्रह सै बरष, ता ऊपर चौवीम ।
सुक्ल पख्य कातिक विदै, दसमी सुत रजनीस ॥२०२॥

[अन्ताणि संग्रह, विद्यापीठ, उदयपुर]

✓(८) **आणंदार्णवसार**– । रचयिता-रतनदास । आकार-११½" × ६" । पत्र-संख्या ७५ । प्रत्येक पृष्ठ मे १५ पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्ति मे १२ अक्षर हैं ।

विषय-फुटकर रचनाएँ । लिपिकाल तथा रचनाकाल सं० १६३४
आदि भाग–

कवित्त

विद्या गुण मडित जे पडित वदत ऐसें
सुधा को निवास पाँच ठौर मे प्रमानियें ।
सागर में चन्द्रमा मे अधर में तियानिके मे
व्याल के बदन माहि देवलोक मानिये ॥

खारी छीन पति-मरै डसत गरल चढै
होत है निपात बात छिपी नाहिं जानिये ॥
कठ हरि भक्तिनि के बसत सदैव सुधा
भनत रतनदास ठीक चित्त मानिये ।

अन्तिम भाग-

मालिनी छन्द

अखिल मल निवास, पाणिनात सुपास ॥
कनिक गिरि निवास, सूर्य कोटि प्रकास ॥
भवतु भव निवास, मालति तीर वास ॥
गणपति ममि वदे मानसे राजहस ॥

विशेष-इस ग्रंथ के साथ 'गोविन्दाष्टक' और 'गंगाष्टक' दो रचनाएँ और हैं।

[ब्रजलाल साधु, श्रीधरजी का मन्दिर, भींडर]

(६) इग्यारह अंग स्वाध्याय। रचयिता-जसविजय उपाध्याय। आकार-१०″×४½″। पत्र-सख्या ६। पद्य-सख्या ७५। रचनाकाल स० १७२२। विषय-जैन धर्म वार्त्ता।

आदि भाग-

आचाराग वड कह्यु लो अग इग्यार मझारि रे।
चतुर नर अठार हजार पद जिहां रे लो दाख्यो मुनि आचार रे ॥

अन्तिम भाग-

विपाक सुत अग नास जाय अग इग्यारे साभल्यारे
पोहता मन ना कोडि।
टोडरमल जीत्यूं रे। गई आपदा सपदा मिली रे
आवी होडा होडि।
मात वकाई मगल पिता रूपचद भाई उदार।
माणिक आप कांइ सांभल्यारे विध सूं अग इग्यार ॥
युग युग मुनि विधु पछ्छरे श्री जसविजय उवझाय।
सूरति चोमांसू रही रे कीधो ए सुख साय ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, कसारागली, उदयपुर]

(१०) **ईश्वर विवाह** । रचयिता–देवीदास । आकार ७″ × ५′५″ । पत्र-संख्या ६ ।

आदि भाग–

सकर सारदा ने सीस नामु ।
गग्वा गणपति जो'जो मुज सामु ॥
सारदाये ते समरथ जाणी ।
आइ आपो अनुपम वाणी ॥
परमोही ने पूछी वात ।
काम करी परण्या ते सभुंनाथ ॥
वीवा वगते करी वपाणौं ।
ये भो देवीदासे नव जाणौं ॥
प्रभुजी ना नाम पुछावो ।
वीवा वगते करीन गावो ॥

इसके साथ 'पद्मावती की वार्त्ता' भी संग्रहीत है ।

[कविराव मोहनसिंहजी, भटियाणी चौहटा, उदयपुर]

(११) **उपदेश चिन्तामणि**– रचयिता-सुन्दरदास । यह रचना १३६ संतों के संग्रहवाले गुटके में है । पत्र-संख्या– ५ । पद्य-सख्या ७६ ।

आदि भाग–

दोहा

काल चिंतामणि ए कही, अब माखूँ उपदेस ।
लोक चतुर दस बरण ह, रहो विधि ज्ञान प्रदेस । १ ।

अन्तिम भाग–

काया छूटसी झरलाय । पंछी वोलता उड़ जाय ॥
मरणा मोत के आगै । मूरख काई नही जागै ॥ ७७ ॥
राम ही साजनो कर चेत । उमी वाहां हेला देत ॥
मजरे काईसा करतार । मुगती मालका मडार ॥ ७८ ॥
मजीयां उघरेगा प्रान । एह उपदेस मेरा मान ॥
भूला क्यूँ न हरी कूँ ध्याय । तेरा वापका क्या जाय ॥ ७६ ॥

[रामद्वारा धोली बावडी, उदयपुर]

(१२) **उपदेस छत्तीसी** । रचयिता–जिनहर्ष । आकार–२″×४'५″ पत्र–सख्या ४। पद्य–संख्या ३६। प्रत्येक पृष्ठ पर १२ पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्ति मे ३५ अक्षर हैं।

आदि भाग–

सकल सरुप यामें, प्रभुता अनूप भूप
भूप छाया छाया मांहैं, नए न जगदीस ज्यू ।
पुण्य हैं न पाप हैं न,सीत हैं न ताप हैं न
जाप के प्रताप कटे, करम अनीस ज्यूँ ॥
ज्ञानको अगज पुञ्ज, सुख वृम्य को निकुज
अती से चोतीस फुनि, बचन पेंतीस ज्यूँ ।
एसो जिन राज जिन हरष प्रणमि उपदेस की
छत्तीसी कहु सवैये, छत्तीस ज्यू ॥

अन्तिम भाग–

अधम न करी मान, मान किये होवे हाण
मान मेरी सीख मान, सुख ग्राही मांन रे ।
मानते रावण राज, लका सो गयो त्रिमाज
कियों है अकाज गई सब जांन रे ॥
दुर्जोधन मान करी, हारी सब धराहरी
मांनते गयो है मु ज चातुरी की खान रे ।
कहे जिनहर्ष मान, मन में न आण मान
आणे तो विसाणभद्र जिसो मान आण रे ॥

[माणिक्य ग्रथ भण्डार, भींडर]

(१३) **उपदेस बावनी** । रचयिता–किशन कवि। (यह १३७ सतों की रचनाओ के गुटके में सग्रहीत है) पत्र–सख्या केवल १८ है। ग्रन्थ अपूर्ण है। इस मे ६२ पद्य थे परन्तु प्रथम तीस पद्य अप्राप्य है। ऐसा मालूम होता है कि ये तीस पद्यवाले पत्र, कागज बहुत पुराना होने से तडक कर निकल गये हैं। इसी गुटके में इन गायब पत्रो के दूसरी ओर के कुछ पत्र वर्तमान हैं। और कुछ, जिन पर मीरा के भजन थे, गुम गए हैं। प्रत्येक पृष्ट पर सात–आठ पक्तिया और प्रति पक्ति में १५-१८, अक्षर है। अक्षर बारीक और नागरी लिपि मे अङ्कित हैं। ग्रथ का विषय

धार्मिक है, जिसमे ससार के माया-मोह से दूर रहने का उपदेश दिया गया हैं। ग्रंथ के अन्तिम भाग से ज्ञात होता है कि कवि ने अपनी बहन रतनबाई की मृत्यु पर सं० १७०८ विजया दशमी को उसकी पुण्य स्मृति मे इस ग्रंथ की रचना की।

अन्तिम भाग-

श्री पे मग राज लोग जस रस ताज गुरु
तिनकी क्रिया जू की विताई पाई पावनी।
समत् सतरै से अरु आठे बिजै दसमीं कू
ग्रथ की समापति भई है मन भावनीं॥
माधवी ग्यान मा की जाई श्री रतन बाई
तज्यौ देह तातैं एह रची पद चावनी।
मत की ममत लीन्हीं तत्व ही पैं रुचि दीन्हीं
वाचिक किसन कीन्हीं उपदेस बावनी॥

[रामद्वारा, धोली बावड़ी, उदयपुर]

(१४) **एकादस की ध्याई**। रचयिता-चतुरदास। आकार-३″ x २.४″ पत्र-संख्या १७। प्रत्येक पृष्ठ पर ११, १४ पक्तियाँ और प्रत्येक पक्ति मे २२, २५ अक्षर हैं। इसमे ७, ८, ९, और १० अध्याय है। सातवें अध्याय में ७७ चौपाइयाँ और २ दोहे हैं। आठवे अध्याय मे ५५ चौपाइयाँ, ९ वे अध्याय में ३९ चौपाइयाँ और १ दोहा और १० वें अध्याय मे ५० चौपाइयाँ और १ दोहा है।

आदि भाग-

अथ एकादस की ध्याई लिख्यते। श्रीभगवानउवाच -
उधव सं कही देऊँ ग्याना। सत्त कहत हू नाही आंना॥
या जग साध भए है जेते। आप ही आप उधरे तेते॥ १॥
आप ही भलो बुरो पहिचानै। छाडे बुरो भले कूँ ठाने॥
गरु आपनूं आपही होई। पसु पछी मानै ज्यौं कोई॥ २॥

अन्तिम भाग-

सो दसि जनपद एक ही, ध्यावे जग तर बंस।
तो (ता) सन मुख जगनाथ जन, मैं ध्याऊँ पंडस हस॥ १॥
सोस पग पाछो परे, सनमुख जग तर बंस।

तासूं में जगनाथ जन, पाछो पैडम हंस ॥५०॥

यह रचना २० सन्तों की रचनाओं के गुटके में है।

[रामद्वारा, धोली बावडी, उदयपुर]

(१५) **ओधवजीना संदेसा** । रचयिता–रघुनाथ । आकार–७" × ५.५" छन्द–संख्या २० । लिपिकाल–संवत् १९१८ ।

अन्तिम भाग–

अवगुणी आनल घरसो अवला री कना ।
वाक घणो पण वीने वीसारो राय जो ॥
आकाते तेडी ने के जो अेटलु रगुनाथ प्रभु पधारे घेरजो ।
ओधवजी अमे साथे रसीयो रूमणे ॥ पद २० ॥
ओधवजी अलबेली कोरे आवसे

(अपूर्ण)

[कविराव मोहनसिंहजी के संग्रह मे]

(१६) **करुणा बत्तीसी** । रचयिता–माधौराम । आकार–६" × ४.८" । पत्र-संख्या १७ । प्रत्येक पृष्ट पर ६ पक्तियाँ और प्रत्येक पंक्ति मे १३, १५ अक्षर है । छद–सख्या ३५ । लिपिकाल स० १६०० अश्विन शुक्ला ५ गुरुवार । लिपिकार-भट चयनराम । विषय–कृष्ण–भक्ति, इस के साथ 'नसीतनामा' (१) 'अनेकार्थ-मंजरी' (२) 'पाण्डव–यशेन्दु–चन्द्रिका' (३) सग्रहीत है। अनेकार्थ मजरी और पाण्डव–यशेन्दु–चन्द्रिका अपूर्ण हैं।

आदि भाग–

कवित्त

गिरि कौं उठाए व्रज गोप कौं वचाय लये
अचल तैं उवारे पुन वालक मजारी कौं ।
गजकी गरज सुनि ग्राहतैं छुडाय दयो
राख्यो व्रत नेम धर्म पडव की नारी कौं ॥
राखे गज घटा तल वालक विहगम कौं
गख्यो पन भागत मे भीषम ब्रह्मचारि कौं ।

त्रिविधि ताप हारी निज मंतन सुखकारी
मोहि तो भरोसो भारी ऐसे गिरिधारी कौं ॥ १ ॥

अन्तिम भाग-

करौं अपराध घोर सांझ भोर भोर नित
अति ही कठोर मति वोर को निकाम हूं ।
आतुर अधीर तातैं धीरज धरत नाहीं
ऊंच नीच बोली ठोली बकौं आठौं जामहूं ॥
अरचा न जानु कछु चरचा हू न बूझत हौं
कभू हेत प्रीत सौं न लेत हरि नाम हू ।
सबै तकसीर बलवीर मेरी छिमा करौं
कहे माधौराम प्रभु तिहारो गुलाम हू ॥ ३४ ॥
या करुना बत्तीस कौं, पढे सुने नर नारि
ताके सब दुख दु दु न्दौं काटे कृष्ण मुरारि ॥ ३५ ॥

[कविराव मोहनसिंहजी, उदयपुर]

(१७) **कबीर की साखी** । रचयिता-कबीर । आकार-६″ × ६″ । पत्र-संख्या २ । पद्य-संख्या ३४ । प्रति अपूर्ण है । कबीर की अन्य कई रचनाएं मिली हैं जिनका यथा स्थान उल्लेख किया गया है । इस प्रति के केवल दो ही पत्र हैं । प्रथम दो पत्र जिन पर २१ साखिया थीं, अप्राप्य हैं । इन दो पत्रों पर २२ से लेकर ५६ तक साखियां हैं ।

[माणिक्य ग्रन्थ भण्डार, भीण्डर]

(१८) **कबीर की रमैणी** । रचयिता-कबीर । आकार-६.७″ × ५.८″ । यह प्रति एक दो-सौ ग्रन्थों के चोपडे में संग्रहीत है, जिसका उल्लेख आगे किया गया है । पत्र-सख्या ४ । छन्द-संख्या ३७ ।

ग्रंथ का आदि भाग-

राम रमे रम राम ही जीऊ । इम्रत राम सुधारस पीऊ ।
समरथ राम सजीवण मेरी । दरीगा छांडपड्‌ किन सेरी ॥ १ ॥
सेरी मेरा मेरी मेरा । करम उपाय राम नहीं नेरा ।
विद्या वेद पडे जग भूला । कथनी कथि सुमरण तें भूला ॥ २ ॥

आप ज भूला जग भरमाया । निरफ लगाया फल हाथि न आया ।
त्रिथा बेद जगतकी करीया । हरि बिनि भरम करम अनुसरीया ॥ ३ ॥

अन्तिम भाग–

धन सत सोई राम उपासी । हरि सू प्रीत जग सू उदासी ।
दुबध्या छरे स राम न पावै । दिन दिन यू ही जनम गुमावै ॥ ३६ ॥
भगति निरतर या त्रिधि कीजे । अठ सिधि नौं निधि चित्त न दीजे ।
जि परमातम ब्रह्म बिचारी । कहे कबीर मैं ताकी बलिहारी ॥ ३७ ॥

[माणिक्य ग्रन्थ भडार, भींडर]

(१६) **कानडदास की बाणी** । रचयिता–कानडदास । आकार–८२" × ७२" पत्र–सख्या ४३ । पद्य–सख्या–साखी ७३५, सोरठा २, चन्द्रायणा ५४, सवैया १११, कवित्त १२६, कुण्डलियाँ ८५, रेखता ३१, पद ३० । लिपिकाल–१८४२ विपय–निर्गुण उपासना । लिपिकार–भूधरदास ।

आदि भाग–

नमो अरगी राम अभगी, आप अनामी ।
नमो परम गुरुदेव परम पद, दाइक स्वामी ॥
नमो सिरोमणि सत, अत मन को करि बैठै ।
दई जगत कू पूठि ऊठि हरि सुख मै पैठे ॥
राम गुरु जन एक तन, मन विचि मेरे ईस ।
जन कान्हड़ बदन करे,तुम चरणन मम सीस ॥ १ ॥

अन्तिम भाग–

धनि धनि मुलक मेवाड जू, धनि भीलैडो ग्राम ।
जाहां प्रगस्या सत जन, रामचरणजी राम ॥ १ ॥
जाका सिख ऐसा भया, मम गुरु कान्हड़दास ।
भूदर कहै बनाइ कौं, सरणै लह्यौ निवास ॥ २ ॥
भीलैड़ा मे मावसू, लिखी ज भूदरदास ।
कान्हड की क्रिपा भई, अग जोढ़ि परकास ॥ ३ ॥
लिखी ज वाणी होइ कुछि, घटती वधती वात ।
मिधु जवानी तोतली, नीका समभत मात ॥ ४ ॥

अट्ठारासे बियालीस का, दुति सुदि होई (?) ।
तिथि दोजी अर सोम दिन, बाणी भई संपूरण सोई ॥ ५ ॥

[बडा रामद्वारा, हनुमान घाट, उदयपुर]

(२०) **कृष्ण जीवन नी बारामासि** । रचयिता-अज्ञात । आकार-७″×५′५″ । पत्र-सख्या ५ । पद्य-सख्या १८ । लिपिकाल-सं० १६१८ । लिपिकार-त्रिभोवन । भाषा-वागडी ।

आदि भाग-

प्रथम पुजुं गणपति रे, समरू सारदा माय ।
बुधि अनोपम आपजो रे, जोवु मारा वाला नीं वाट ॥
वेले रा वलजो वीठला, सूनों जमना नो घाट ।
सूनीं मथुरानी वाट कृष्ण ॥ १ ॥
असाड आवो से सखी रे, मेऊला करे घम घोर ।
पपैया पेउप करे गरवा, बोले छे मोर ॥ कृष्ण ॥ २ ॥
लीला ते चरण पेरीया, मनसू आणी रे घार ।
वेवाधो मुने अती घणो, ना' या हलधर वीर । कृष्ण ॥ ३ ॥

अन्तिम भाग-

जेठ मैंने जादव वींण्या रे झुरे गोकुल नी नार ।
जल वीन्या जल माछली, दाए जलती वार । कृष्ण ॥
जोर नथी मारा नाथ जी रे लीधो दुखड़ा नो अत ।
कुणेप्रस्ते कुणे आथमो मथुरा मारे जो नचीत कंत ॥कृष्ण
वनथी प्रभुजी पधारीयारे पुरां राधा रा कोड ।
गाय सीखे ने सामले रगमा रणछोड़ ॥कृष्ण ॥ १२ ॥

[कविराव-मोहनसिंहजी, उदयपुर]

(२१) **ग्रह रूप बरणन** । रचयिता-अज्ञात । यह रचना १३७ सतो के संग्रहीत गुटके में है । पत्र-सख्या २ । पद्य-संख्या ३१ । इस ग्रंथ में महाभारत के शान्ति पर्व में भीष्म पितामह द्वारा पाण्डवों को दिए गए उपदेश का सार है ।

आदि भाग-

करत प्रीति हरि भक्त सू, करुणा सिन्धु कृपाल ।
धर्म सिरोमणि देव मुनि, नाहि धरै उर साल ॥ १ ॥

भीष्मोवाच

सावधान होय सुनियो बाता । अब हू तन छाडत हू ताता ॥
अति रहस भारथ उपगारा । सान्ति पर्व मध्य जो सारा ॥ २ ॥

अन्तिम भाग–

बिन हरि कथा सुने नी काना । ध्रग विद्या जहाँ बुद्धि न ग्याना ॥
ध्रग सो ग्यान जहाँ नही विरागा । अजहूँ मूढ़ जगाये जागा ॥ २० ॥
ऐसी सब साधन की रीति । राम नाम सू कीजे प्रीति ॥
स्थिर मति हरि सौं हित करे । सो ससार समुद्र ही तरे ॥ ३० ॥

[रामद्वारा, धोली बावडी, उदयपुर]

(२२) **गावा को ग्रंथ गोपीचन्द** । रचयिता-कान्ह कवि । यह भी १३७ सतों के संग्रहीत गुटके मे है । पत्र-सख्या ६१ । पद्य-सख्या १६८ ।

आदि भाग–

राजेश्वर अलख निरजन रे ॥ अलख ।
भजले नाथ नैं गोपीचन्द राजा
भजन किया सूँ मेरा लाल अमर होइ जाई ॥ २ ॥
गोपीचन्द तन धन जोबन रे ॥ तन ।
थिरता है वहीं गोपी० ॥
थिरता नही मेरा लाल भरतरी भाई ॥ ३ ॥
मैणावाती मेहलां बैठी है । मेहला०
सीस तपे गुर पीर दरस नित जाई ॥ ४ ॥

[रामद्वारा, धोली बावडी, उदयपुर]

(२३) **गीत संग्रह** । रचयिता-जसविजय । आकार-१०" × ४½" । पत्र-संख्या १७ । पद्य-सख्या २६४ । रचनाकाल–१७७१, श्रावण सुद २ ।

आदि भाग– राग-राम कलि

रिषभदेव हित कारी । जगत गुरु०
प्रथम तिथ्थकर प्रथम नरेसर प्रथम यती ब्रह्मचारी ॥
वरसी दान देई तुम जगमी, ईलति ईति निवारी ।
तपसी काहि करतु नही करना, माहित्र वेर हमारी ॥
मांगत नहीं हम हाथी घोरे, धन कचन नहीं नारी ।

दिउ मोहि चरन कमल की सेवा, याही लगत मोहि प्यारी ॥
भव लीला वासित सुरडोर, तू परि सब ही उमागी ।
मिं मेरे मन निश्चल कीनों, तू आना सिरधारी ॥
अयसो साहिब नहिं को जनमी, यासू होइ दिलयारी ।
दिल ही दलाल प्रेम के बीचि, तिहां हव खांचे गमारी ॥ १ ॥

अन्तिम भाग–

धन रा ढोला ए ढाल
साचो देव सुपास जी रे, साहिब तू सुलतान । गुणना गेहा ।
तुझ सूं प्रीत भक्ती बनी रे, चन्दन गंध समान ॥
ए तो कदिइं न कारमी रे, कदीइ न अलगी थाइ ।
दिन दिन अधिकी विस्तर' ई रे, महिमा इमांह काइ ॥
सरस कथा जे एहनी रे, तेह पवन मइ सग ।
वासित भवि जन तस हूइ रे, चन्दन रूप सुरग ॥
सार सामनो तेहगें रे, एह तो जनमना रोग ।
तेणां अधिक तुम्ह प्रीतडी रे, न लहई पामर लोग ॥
करम भुजग बंधन इसा रे, विरुयां ढीमें जेह ।
विरति मयूरी मोकलो रे, जिम सवी छूटे तेह ॥
मुझ पासें एक मत्र छे रे, गारुड प्रवचन सार ।
कहो तो तेने बन्धन हरूँ रे, देव करो जो सार ॥
प्रीति ते चदन वासना रे, वासित मोरू मच ।
तुम्ह तो मलयाचल समा रे, वाचक जस कहे धन ॥ ८ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(२४) **गोपीचन्दजी को वैराग** । रचयिता–दास (?) । आकार–३ ६" × ३" पत्र-संख्या २८ । पद्य-सख्या १५३ ।

आदि भाग–

नमो नमो निरजण देवा । अजन रहति निरजन सेवा ॥
काल करम न लागे कोई । ताहि सुमरि जीव सद्गति होई ॥ १ ॥
सुमरे जाको सेस महेसा । ब्रह्मा विसन रु जपै गणेसा ॥
सारद नारद सव सिर नावे । सिध्य रिधि मुकति ग्यांन पद पावैं ॥ २ ॥

करे बंदगि धरणी अकाश । पांणी पवन सिव के दास ॥
चन्द सूर न आपा अनुसरैं । सुर नर चरन पखालन करैं ॥ ३ ॥

अन्तिम भाग–

गोपीचन्द कु मिलि गया, जोगी जलोंधरनाथ ।
'दास' कहैं धन्य गुरु मिल्यां, मरण्या अविलि ही साथ ॥ १५१ ॥
कोऊ सुणौं बैराग बोध, सोधै अपणौं जीव ।
राम भगति सरधा सकति, ज्यौं गति मिले इन पीव ॥ १५२ ॥
'दास' कह्यो बैराग बोध, करि आरोधन नाथ ।
खम्या करौ परि बधिअन्न, मैं लूध न समरूँ बात ॥ १५३ ॥

[स्वरूपलालजी जगदीश चौक, उदयपुर]

(२५) **गुटका** । आकार ६२"×४" । पत्र-सख्या ६८० । लिपिकार--करुणाराम । इसमें निम्नलिखित रचनाएँ हैं –

(१) श्री रामचरणजी महाराज की अणमैवाणी
(२) राजू कृत भक्तां का नाम
(३) सत पुरुषां का सबद
(४) अथ राम सतक । रचयिता चत्रभुज
(५) ध्रू चरित्र । रचयिता–जनगोपाल
(६) फुटकर पद–सूर, मीरां, तुलसी, रामचरन, नन्ददास आदि के
(७) मोहमरद राजा की कथा । रचयिता–जगन्नाथ । (रचनाकाल--स० १७७६)
(८) प्रहलाद चरित्र । रचयिता–जनगोपाल
(९) हरिचन्द ग्रथ । रचयिता– ध्यानदास
(१०) कान्ह कृत गाथा को गोपीचन्द । पद्य-सख्या १२४१
(११) राम रसायन बोध
(१२) दत्तात्रेय उपाख्यान
(१३) ग्रथ वेराग बोध
(१४) विविध सतों की कृतियों के फूटकर अग
(१५) श्रृवगसार
(१६) विविध सतों के अग
(१७) गुरु महिमा ग्रथ । रचयिता–रामचरण

(१८) ग्रंथ नांव प्रताप । रचयिता—रामचरण

(१९) ग्रंथ शब्द प्रकाश

(२०) ग्रंथ चिन्तामणि

(२१) ग्रंथ मन खण्डन

(२२) गुरु देव को अंग । रचयिता—रामचरण

(२३) चौरासी बोल

(२४) फूटकर पद

(२५) राजा मोरध्वज की लावणी

(२६) नामकेत की कथा

(२७) ग्रह कूप वर्णन

(२८) प्रसादी महात्मै भगवते प्रथम स्कन्दे

(२९) भरतहरि की लावणी

(३०) चिन्तामणि को अंग

(३१) भक्त वत्सल राग कौतूहल नरसिंह महता को माम्हेरो—शिवकरण कृत

(३२) सुन्दरदास कृत विवेक चिन्तामणि

(३३) तर्क चिन्तामणि

(३४) प्रसण सिणगार

(३५) उपदेस चिन्तामणि

(३६) ब्रह्म समाधि लीन जोग

(३७) पूरब चिन्तामणि

(३८) जम्बूमर को प्रसग

(३९) सुख समाध

(४०) भरतहरि चरित्र

(४१) टेक को अंग— मुरलीराम

(४२) ककका बत्तीसी

[रामद्वारा धोलीबावडी, उदयपुर]

(२६) गुटका विविध संग्रहः—

(१) रामचरण महाराज की वाणी । पद्य-सख्या १६१६

(२) रामजन महाराज की वाणी । पद्य-सख्या ६११ ।

(४१) **पिताका लच्छन तथा षोड़सक्रम** । रचयिता-राव बखतावर-सिंह ।आकार-१२'६"×७'६"। यह चिंतामनि पिंगल के साथ ही लिखा है। संवत् १६३७ इसका लिपिकाल है। इसमे १० पत्र हैं। प्रत्येक पृष्ठ पर २२। २३ पंक्तियाँ हैं, परन्तु स्थान स्थान पर मेरु, पताका (पिताका) गण आदि के कोष्ठक आ जाने से पंक्तियों और अक्षरो की संख्या कम भी हो गई है। प्रत्येक पंक्ति में २०। २१ अक्षर हैं। केवल आदि भाग यहाँ दिया जाता है—

आदि भाग-

चौपाई

आडे दंड पिताका करिये, सूची एक मत्त लौं भरिये ।
अंत एक तैं निकट जु अंका, घटाउ बरे लौं निरसंका ॥ १ ॥
लैके यक गुरु के रखथाना, निकट अंक लुपि कै तर लान्हा ।
यो एक लौं घट उबरे लीजै, यक गुरु की यक पकति कीजै ॥ २ ॥

[राव मोहनसिंहजी, उदयपुर]

(४२) **बिहारी सतसई** । रचियता-बिहारीलाल

इसकी कई प्रतियाँ देखने में आई है जिनका विवरण नीचे दिया जाता है। अब तक की प्राप्त प्रतियों में सबसे प्राचीन प्रति संवत् १७४३ चैत्र शुक्ला पंचमी की लिपिकृत है (देखो भाग १, ७३ । (७७)। किन्तु यहाँ जिन प्रतियों का उल्लेख किया जा रहा है उनमें सबसे प्रथम प्रति किसी नथ्थमल नामक व्यक्ति द्वारा संवत् १७८८, फागुण कृष्णा प्रथम एकादशी, सोमवार की लिपिकृत है।

आकार-८"×५१"। पत्र-संख्या २६। पद्य-संख्या ७१३।

आदि भाग-

दोहा

मेरी भव बाधा हरा, राधा नागरि सोइ ।
जा तन की झाँई परै, स्याम हरित दुति होइ ॥ १ ॥

अन्तिम भाग-

सामा सेन समान को, सबै सही के साथ ।
बाहु बलि जयसिंह जु, फतू तिहारें हाथ ॥ ७११ ॥

यो दल काढे वलकर्ते, ते जयसींघ भुवाल ।
उदर अघासुर के परे, ज्यों हरि गाय गोपाल ॥ ७१२ ॥
घर घर हिंदुनि तुरकिनी, कहें असीस सराहि ।
पतनि राषि चादरि चुरी, तें राषी जय साहि ॥ ७१३ ॥

बिहारी रत्नाकर में सवत् १७३६ की एक प्रति का वर्णन अवश्य है, परन्तु उसकी प्राप्त प्रतिलिपि स० १८०० की है अत अब तक प्राप्त प्रतियों में वह सब से प्राचीन प्रति है ।

[श्री स्वरूपलालजी, जगदीश का चौक, उदयपुर]

प्रति २ । आकार-१३″ × ५.६″ । पत्र सख्या-१० । पद्य-सख्या-७२० । लिपिकाल-सं० १८६५ आपाढ़ सुद ५ भौमे ।

[स्वामी केवलराम दादू पथी, उदयपुर]

प्रति ३ । आकार-६.५″ × ५.८,″ सजिल्द । पत्र-संख्या ६६ । अक्षर बहुत सुन्दर और प्रति सचित्र है । चित्र दोहों की भावनाओं को प्रकट करने वाले हैं और राजपूत शैली में चित्रित हैं । ये बहुरंगी चित्र छोटे और बडे सब मिलाकर ४३ हैं । इसकी लिपि तथा चित्रो का लेखक रामपुरा निवासी कडुजी दशोरा था । यह प्रति संवत् १८१६ अगण वदि ६ मंगलवार को लिपिवद्ध की गई ।

[जगन्नाथ वैरागी, भींडर]

प्रति ४ । आकार-६″ × ६.५″ । पत्र-संख्या ३३ । छंद-सख्या ६७२ । लिपिकाल-सं० १८४४ ।

विशेष-इसमें सभी दोहों को विषयवार छांट कर अलग-अलग शीर्षक के नीचे रीतिकाल की शैली में लिपिवद्ध किया गया है ।

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(४३) बिहारी सतसई की टीका । (हरिप्रकाश) । टीकाकार हरिचरणदास ।

आकार-१२″ × ८.५″ । इसमे ११२ पत्र हैं । प्रत्येक पृष्ठ पर २६ पक्तियाँ और प्रति पक्ति मे २७ अक्षर हैं । अक्षर साफ और सुन्दर हैं । पत्रों को दीमक काट लेने पर भ अक्षर वच गये है । इसका रचना काल सवत १८३४ है और

लिपिकाल सं० १८६५ भाद्रपद कृष्णा ११ भोमवार । रचना काल सं०१८५० ।

आदि भाग-

सवैया

तुलसीदल माल तमाल सो स्याम अनग तें सुन्दर रूप मोहाहीं
श्रुति कुडल के मनि की झलकें मुष मडल पै वरनी नहि जाहीं ॥
सषि दोषि पियूष मयूष हुतें सुषमा अति आनन की सरसाही
विहरै हरि गोप सुता सग कान्ह निसीपिनि मैं वनवीथिनि मांही ॥ १ ॥

उदाहरण-

दोहा

देष्यौ अन देष्यौ कियो, अँग अँग सवें दिषाय ।
पैठत सी तन में सकुचि, पैठी चित हिल जाय ॥ १६ ॥

टीका-देष्यौ इति । सषी सों सषो वचन हे सवय हे सषि नायक कों अग अग दिषाय कें । नायक कों देष्यौ सो कियो । मानो नाही देष्यौ हैं । चित ही लजाय आपने चित में लजाय कें ऐसे वेठी आपना नन में सकुचिके पेठे हे पैठत सी । पैठत क्रिया हें ताके आगे सी वाचक हें यातें अनुक्तास्पदा वस्तुत्प्रेच्छा ।

अन्तिम भाग-

दोहा

सालग्रामी सरजू जहाँ, मिली गग सों आय ।
अतराल में देस सों, हरि कवि को सरसाय ॥ १ ॥
सेवी जुगल किसोर के, प्राननाथजी नांव ।
सस सती तिनसो पढी, वसि सिंगार वट ठांव ॥ २ ॥
जमुनांचर श्रृगार वट, तुलसी विपन सुदेस ।
सेवत सत महत जहि, देषत हरत कलेस ॥ ३ ॥
पूरोहित श्रीनद के, मुनि सांडिल्य महान ।
हम हें ताकें गोत में, मोहन मो जजमान ॥ ४ ॥
मोहन महा उदार तजि, और जाचिए काहि ।
सपति सुदामा को दई, इद्र लही नहि जाहि ॥ ५ ॥
गही अक्म मनु ताततें, विधि को वस लपाय ।
रावा नाम कहें सुने, आनन कान वटाय ॥ ६ ॥

संवत अठारह सौं विते, तापर-तीस रु चार ।
जन्माठे पूरो कियौं, कृष्ण चरन मन धार ॥ ७ ॥

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(४३) रघुनाथ रूपक । रचयिता-कवि मंछ । रचना काल-संवत् १८६२ भादवा सुद ५ शुक्रवार । आकार-८" × ६'५" । पत्र-संख्या ७३ । प्रत्येक पृष्ठ पर १५ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २३, २४ अक्षर हैं । छन्द-संख्या १५०० । पिंगल के रीति ग्रथ के समान यह भी डिंगल का एक रीति ग्रथ है । इसमें राम कथा को उदाहरण स्वरूप लेकर डिंगल के रीति-शास्त्र का प्रतिपादन किया गया है । इसकी भाषा भी डिंगल है ।

आदि भाग-

गाहा

श्री निघ आगम सारँ । वास्पनयन च ज्यान की
अखिल जगत् आधार । सारंग धरण जयो अवधेस्वर ॥ १ ॥

दूहो

चरस करत लिखमण चमर, सरस अगर सामीर ।
ईस सिय जुत जन मछ उर, वसो सदा रघुवीर ॥ २ ॥

अन्तिम भाग-

दूहो

जम को आज सरवरी, सरवरी सत्र छिर चद ।
काम अधमरे अधमरे, मातर मतिर मति वृ द ॥
मछ सुकवि कीधौ मुदैं, निरमल भाषा नेत ।
मन रूप जति लिखियो महा, हरग मनां कर हेत ॥

पुष्पिका

राज श्री १०८ श्री अर्जुनसिंहजी का राज में लषित ब्राह्मण डुगारामेण ॥ पठनार्थ मोडजी पोथी सुखजी की छै ।

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(४४) रसचन्द्रोदय । रचयिता-कवीन्द्र उदयनाथ । रचना काल-संवत् १८०४ । यह प्रति अपूर्ण है । इसके ४ पत्र लिखित है, शेप सब पत्र खाली हैं ।

प्रथम २॥ पत्रों पर ४५ छंदों में 'काव्य कुलवधु' वर्णन समाप्त हुआ है। दूसरे प्रकाश के केवल ३१ छंद ही लिखे गये हैं।

एक उदाहरण-

मध्याऽधीरा-सवैया

कुज निकुजनि कौतुक हेतु, फिरौ तुम श्रीफल लेत-सुठारे।
वानन बेधत कांम हमैं मरि, कोप कसीस कि कानि-किनारे॥
पीवत हो तुमतो मदिरा, हम पै मद मोहन जात सम्हारे।
लाल जगे कितहूँ तुम रैनि, मये दग आलस लाल हमारे॥

सूचना विशेष-देखो आचार्य शुक्लजी कृत हि० सा० इ० पृ० ३२६ तथा ना० प्र० स० द्वारा प्रकाशित आचार्य श्यामसुन्दरदासजी द्वारा संपादित हस्त-लिखित हिन्दी पुस्तकों का संक्षिप्त विवरण पृ० १५ और १३०।

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(४५) रस पीयूष। रचयिता-सोमनाथ। आकार-९″×७″। पत्र सख्या १ से १२ तक, आगे के पन्ने अप्राप्य हैं।

आदि भाग-

छप्पै

सिंदुर वदन अमद चद सिंदु भाल घर।
एक दत दुति वत बुद्धि निध अष्ट सिद्धिवर॥
मद जल श्रवत कपोल गु जरत चचरीगन।
चचल श्रवन अनूप थोदि थिर करत मोहित मन॥
सुर नर मुनिवर नटजोरि कर गुन अनत इमध्याय चित्त।
ससि नाथ नद आनन्द करि जय जय श्री गणनाथ नित॥

[उदयसिंह भटनागर, उदयपुर]

(४६) रस मंजरी। रचयिता-भानु कवि। आकार-६ ३″×५ २″। पत्र-सख्या ६। प्रति अपूर्ण है-

अत. इस विपय में अधिक कुछ नहीं कहा जा सकता है। पाठ भी वहुत अशुद्ध है। केवल आदि भाग यहाँ दिया जाता है—

दोहा

गुरु गणेस पद वदि के, सारद चरन नमाय ।

वरनत हीं रस मजरी, रसकन के सुखदाय ॥ १ ॥

सवैया

गोन विपैनत कन्नेत भूमै तिही पहोलै डग्रु आप मरी है ।

फूलन भ्रम के डरते द्रम हूँ की भुजा सिव की प्रचरी है ॥

सैन समै अग छालि कि वुपरै आपुन अग करीट करी है ।

प्रेम के मारते आ रस वत प्रिया हरने अरधग यरी है ॥

[राव मोहनसिंहजी, उदयपुर]

(४७) **रस रंग** । रचयिता-ग्वाल कवि । आकार-१४'' × १३'' । पत्र-सख्या ४० । रचना अपूर्ण है । प्रथम ५ पत्र अप्राप्य हैं । इन ५ पत्रों में ७६ पद्य थे । प्रत्येक पृष्ठ पर २० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २६-३० अक्षर हैं । विपय का विभाजन इस प्रकार है—

प्रथम उमंग—विभाव, स्थायी भाव, अनुभव संचारी भाव, सात्विक भाव-वर्णन-१६२ छंद ।

द्वितीय उमंग—पद्मिन्यादि, उत्तमादि, द्विव्यादि स्वकीया भेद मान वर्णन-११२ छंद ।

तृतीय उमग—परकीया, गणिकादि वर्णन-७४ छंद ।

चतुर्थ उमंग—अवस्था भेद ते ८च-दस नामका वर्णन-१०७ छंद ।

पंचम उमग—सखी लक्षण (अपूर्ण)-६ छंद । एक उदाहरण यहाँ दिया जाता है—

गन्छत पतिका मुग्धा को लक्षण

कवित्त

आयो काहू देस तै नरेस को वुलावो वेगि,

सुनत सिधायों सीत्रा भोज के मिलन को ।

नाथ के चलत वटवाल नै नवायो माथ,

हाथ में रखोन हीय हूक नही लल की ॥
ग्वाल कवि कहै चांमी करसी चमक हीसो,
रेखह रही न कहूँ तन में चिलक की ।
सीत जर सोरी खैंचि मुख पे झुके सवारी,
सासु के पीछारी खरी थारी ले तिलक की ॥ २५ ॥

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(४८) **रस रत्न टीका ।** रचयिता–सुरति मिश्र । रचनाकाल संवत् सातअष्टादसै (१८०० या १८०७) सावन छवि भृगुवार । लिपिकाल सं० १६२७ । आकार–८.६"×७.२" । पत्र-संख्या ४२ । पद्य-संख्या ७५ ।

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(४६) **रस रहस्य ।** रचयिता–कुलपति मिश्र । आकार–फुल्सकेप । पत्र संख्या–४४ । प्रत्येक पृष्ठ पर २७ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ३० अक्षर हैं । ग्रन्थ का विषय ८ भागों में बटा हुआ है, जिनका क्रम तथा छंद-संख्या इस प्रकार है—

१ अध्याय — अप्राप्य है
२ ,, — शब्दार्थ निर्णय ३७ छंद
३ ,, — ध्वनि निरुपण ६० छंद
४ ,, —गुणीभूत व्यंग निरुपण २२ छंद
५ ,, — काव्य दोष १३७ छंद
६ ,, — गुण निरुपण २४ छंद
७ ,, — शब्दालंकार ४३ छंद
८ ,,—अवसर ते प्राप्त अर्थालंकार १८३ छंद

एक उदाहरण यहाँ दिया जाता है—

न्यून पद लक्षण–

दोहा

जा विनु अर्थ बने नहीं, सो पद जहाँ न होइ ।
पदम समूह व्यापार युत, कहे न्यून पद सोइ ॥ ४३ ॥

कवित्त

राजयत मोर वदी मोरन को भोर जहु,
गावैं ठोर ठोर हरषित जीव जन्तु है ।
फूलत सुमन वरैं अधिक अनल आगैं,
कोकिल मधुर सुर पढैं वेद मत्र है ॥
वन घर अम्बर बने है बहु भातिन सो,
नर नारी पर सुत लगन को ततु है ।
पयो राज नयो सब जग बस भयो सोई,
मेन अरु पहुमी को व्याह को वसत है ॥ ४५ ॥

इहाँ विरही अनल कह्यो चाहिये ॥ अरु द्विज कोकिल कहिये तो वेद मत्र पढिवो समवै जाके कहे कछु विगरै नाही सो अधिक पद कहावै ॥

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(५०) रसराज । रचयिता-मतिराम । रचनाकाल-संवत् १८८० । आकार-५'७" × ४" । पत्र-सख्या ६० । प्रत्येक पृष्ठ पर ८ पक्तियाँ और प्रति पंक्ति मे २० अक्षर हैं । छद-सख्या-४२४ ।

आदि भाग-

सोरठा

श्री नृप गुरु पद कज, वानिप जुग पद उर धरो ।
जाते मन आनन्द विविध केलि रसराज नृप ॥ १ ॥

दोहा

होत नायका नायकहि, आलवित सिंगार ।
तातें वरनों नायका, नायक मति अनुसार ॥ २ ॥
उपजत जाहि विलोकि के, चित्त बीच रस भाव ।
ताहि बषानत नायका, जो प्रवीन कवि राव ॥ ३ ॥

सवैया

कुदन रग फीको लगैं, भलकैं अगन चारु गुराई ।
आंषिन में अलसानि चितौन में मंजु विलासन की सरसाई ॥
को विन मोल विकात नहीं, मतिराम लपैं मुसक्यानं मिठाई ।
ज्यों ज्यों निहारिये नैरे व्हे जानति त्यों त्यों परी निपरैंषि निकाई ॥ ४ ॥

अन्तिम भाग–

दोहा

अनयिष लोचन लाल के याते नद कुमार।
मचि गई जु रषि चहि, विरहानल की जार ॥ ४२३ ॥
समुझि समुझि सब रीझि है, वचन सुकवि समाज।
रसिकन के रस को कियो, इहें ग्रन्थ रसराज ॥ ४२४ ॥

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

नोटः— नाथूलाल हजूरी द्वारा चित्तरोड़ में यह ग्रन्थ लिपि बद्ध हुआ।

(५१) **रस रूप।** रचयिता–ग्वाल कवि। रचना काल– ? आकार– ११″ × ७ ३″। पत्र-संख्या १। पद्य-संख्या ८।

आदि भाग–

च्यार भुज धारी थोद थूल की थरक्त भारी
विघन प्रहारी देत दासन सुमति हैं।
माल चद चदन हें सब जग बदन हें
पारवती–नदन हें ईस-पद रति हैं ॥
ग्वाल कवि कहैं भक्ति भाव की भरन घन
असरन सरन करन सीस अति है।
सिद्ध निद्ध ऋद्धि के करैया परसिद्ध पूर,
सकल समृद्धि दैन सिद्ध गनपति है ॥

अन्तिम भाग–

वीरता लखैंगे रघुवीर जू तिहारी अब
भारी परी वहस समारी परी फद हौं।
तोर डारी मैंने तो मृजादा जादा वादा विन
तुम तो मृजादा पुरसोत्तम सुछद हो ॥
ग्वाल कवि परम प्रतीत पन पारों में तो
पावत प्रतीत तुव नांव सुख कद हो।
मैं तो दीनराज तुम दीनानाथ रघुनाथ
मैं तो दुति-मद तुम रामचद चद हो ॥ ८ ॥

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(५२) रस विलास । रचयिता–माधवसिंह । आकार–१४″×१२″ ।
इस ग्रंथ की यह प्रति अपूर्ण है । आरंभ के तीन पत्र गायब हैं । आगे २६ से ३४ तक के पत्र गायब हैं, अंत में ४२ से पत्र नहीं हैं । इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १८ से २२ तक पंक्तियाँ हैं और प्रति पंक्ति मे १८ से २८ तक अक्षर हैं । ग्रन्थ के विषय को रीति काल की शैली के ही अनुसार कई उल्लासो में विभक्त किया गया है, यहाँ केवल ये उल्लास इसमें मिले हैं ।

प्रथम उल्लास–शृंगार रसालंबन रूप नायक–नायिका वर्णन–२४८ छंद (आरंभ के ५२ छंद गायब हैं)

द्वितीय उल्लास–सखि दूति जात्यादि वर्णन–१ से ४४ तक और फिर १८ छंद हैं–पृष्ठ २६ से ३४ गायब हैं ।

तृतीय उल्लास–रस प्रसंग–१ से ३० तक छंद हैं । ३० से ६० तक गायब हैं । ६० से ६२ छंद वर्तमान हैं । उसके बाद लगभग ३० छंद और हैं, पर उनके ऊपर कोई संख्या नहीं है और लिखावट साफ न होने से गिना नहीं जा सका । यह ग्रन्थ कवि ने रीति काल की शैली पर ही रचा है । पहले एक छंद मे लक्षण देकर फिर उसके स्वरचित तथा अन्य कवियो के उदाहरण दिये गये है । आवश्यकतानुसार गद्य मे व्याख्या भी की गई है । एक उदाहरण उचित होगा.—

अथ प्रोषित पति का निरूपण

दोहा

गयो जु पति परदेस कों, होत विरहते छीन ।
प्रोषितपतिका जानिये, कविता मांझ प्रवीन ॥ १८ ॥

उदाहरण

कवित्त

फूल फूल पुंज लोंनी लतिका लारज गई
कमले कमल मौंर सोर विर रायो है ।
चलि चलि सुन्दर समीर तजि सीतलता
ललित रसाल फल नालन तें छायो है ॥
होन लगे सघन जवामन के भार मधु,
दश विदिशान तेज तरुन दिखायो है ।
लेख लेख पथ चित्त होत न निर्चित तहू,
कतहू न आयो पै बसत अन्त आयो है ॥ १६ ॥

चर्चा

इहां चिंतमनि प्रोषित शब्द को त्रिकाल वाचि लिखे है। प्रोषितपतिका प्रवत्स्यतपतिका प्रवसित पतिका। तिनके ये लछन कीने सो जाको पति परदेस सो तो प्रोषित पतिका। अर प्रवत्स्यत पतिका को लछन ये-प्रिय विदेस के गोन को उद्यम लखि दुख पाये। अर प्रवसित पतिकाये लछन कीनों सो–'कढन पिऊ परदेस को अपने अगवन देख। या प्रकार तो लछ लिखे अर उत्तमादि भेद हूवि ऐसे लिखे सो प्रवास के कथन मात्र व्याकुल होय सो उत्तमा। पति को परदेस चलवो देखि दुखित होय सो मध्यमा। पति को परदेस गये पीछे दुखित होय सो अधमा। तब इहा प्रवसित पतिका उनमें तीसरो भेद भिन्न कैसे लियो। मध्यमा प्रोषित पतिका को लछन अरू प्रवसित पतिका को लछन एक है। ताते हम दोनों ही भेद लिखे हैं—एक प्रोषित पतिका, दूसरी प्रवत्स्यत्पतिका।

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(५३) **रसिक प्रिया** । रचयिता-केशवदास । रचनाकाल-१८८३ । आकार-६" × ६" पत्र-सख्या ६६ ।

[सरस्वती भडार, भींडर]

प्रति २ –रचनाकाल-१८४४ द्वितीय श्रावण सुदि ५ शनिवार । आकार-६" × ६ ५" । पत्र-सख्या ५८ । छद-सख्या ५४० ।

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(५४) **रसिक प्रिया की टीका–जोरावर प्रकाश** । रचयिता–सुरति कवि । लिपिकाल–स० १६२६ । रचनाकाल–स०१८१० आकार–१२" × १०" । पत्र-सख्या १३२ । छद-सख्या ५६२ ।

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

• (५५) **रसिकानंद** । रचयिता–ग्वाल कवि । रचनाकाल–स० १८७६ आकार–११" × ७'२" । पत्र-सख्या ४८ । प्रत्येक पृष्ठ पर १४ । १६ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ३२ । ३६ अक्षर हैं । छंद-सख्या ३०६ । यह ११" × ७ २" आकारवाले चोंपडे का तीसरा ग्रंथ है । इन पत्रो में इस ग्रंथ के तीन प्रकरण समाप्त हुए हैं । शेष ६ प्रकरण भी एक दूसरे चोपडे में स्वतन्त्र रूप से लिखे हुऐ हैं । लिपिकाल स० १६२७ । इस ग्रथ की रचना (काव्य के आदि भाग के कुछ दों से ज्ञात होता है) कवि ने नाभा महाराजा जसवन्तसिंह के आदेश से उन्हीं के लिये की ।

सवत निधि९ रिपि७ सिद्धि ससि१, स्याम पक्ष मधुमास ।
अदितवार सु द्वादसी, रसिका नद प्रकास ॥ ३७ ॥

कवि ने दो छंदों मे मंगलाचरण किया है फिर गुरू की प्रार्थना की है—

श्री गुरू श्री जगदीश सुरी, श्री पति जू महाराज ।
तिन पद उज्वल विमल कों, करत प्रनाम समाज ॥ ३ ॥

चौथे कवित्त में नाभा नगर का वर्णन किया गया है। पद्य ५ से २५ तक राजवंश, तुरग और सभा का वर्णन है।

राजवश का संक्षिप्त वर्णन—

लियो विक्रमाजीत तें, जिन साको जग माहि ।
वीर सालवाहन प्रगट, तिन (सम) दूजो नाहि ॥

उनके वंश में बली प्रचण्ड फूलसिंह–उनके तिलोकसिंह जो गुरू गोविन्दसिंह का भक्त हुआ–जिसको उन्होंने सिरोपाव, वस्त्र, जयपत्र प्रदान किया, जिसके सिर पर छत्र तना–उसके राजा गुरुदत्तसिंह हुआ, जो वीर था। उसके सूरतसिंह, जो दानी और तेजस्वी था–उसके हमीरसिंह, उसके महाराजा यशवंतसिंह हुऐ, जिनका यश काश्मीर से दक्खिन, बंबई से मुलतान, काशी, कलकत्ता आदि देश-देश में व्याप्त हुआ और–

माँगै जो मँगैय्या येक वार आय जाके पास,
ताको सुख सपति सौं सदन, छयो करैं ।
वादी वनि पडित सुनावै वाद सौं हि वैठि
तोपै दोऊ वादिन को मानन दयो करैं ॥
ग्वाल कवि प्रेमी प्रेम पूछिवो करै तो ताहि,
प्रेम के पयोध में पकरि डूवियो करैं ।
नाभा के नरिंद आगे कवित्त कह्यो करैं तो
कवि ताकी कविता की सिक्ल भयो करैं ॥

अमृत धुनि—

फर कर पिट्ठ कमट्ठ की ट्रक्क ट्रक्क भये जत्व ।
पन्नगेस फन फुट्टि हैं अविखमत्त दधि तत्व ।
अविरखसत्त दधि चभ्भ वलम्भल सधर थिरन्चर ।
मग्ग गय अरि नग्ग गय दरि धग्गगयथ्थिर ॥

जगगगमग्ग जलमय भये सज्ज छद कवि ग्वाल बर।
अबहि कुप्पि जसवत हरि जतउ मग्ग गहि खग्ग कर॥ १८॥

ग्रंथ की वर्णन शैली कवि दर्पन के ढंग की है। एक पद्य में लक्षण देकर उसकी साथ ही साथ गद्य में टीका तथा व्याख्या भी करदी गई है।

एक उदाहरण–पुनरुक्त लच्छन

दोहा

मुख्य अर्थ द्विबार जहँ, बिना कार्ज बीजुक्त।
ताहि बचावहु बुद्ध जन दूपन है पुनरुक्त॥ ३५॥

पुनरुक्त उदाहरन

चलि चितवो चेटक भरयो, बदन चद सुखदान।
विधि विधितें विरच्यो विसद, चद लखन गुनखान॥ ३६॥

कवित्त

आनद को कद वृषभानुजा को मुख चद,
लीला ही ते मोहन के मानस को चोरे है।
दूजो तेसो रचिवे को चाहत विरच नित,
ससि को बनावे अजों मन को न भोरे हैं॥
फेरत है सान आसमान पें चढाय फेर,
पानप चढायबे को वारिध में बोरे हैं।
राधिका के आनन की जोटन विलोके विधि,
टूक टूक तोरे पुनि टूक टूक जोरें हैं॥

टीका

इहाँ वृषभानजा याही पद के कहिवे ते श्रीराधाजू को बोध भयो। फेर राधिका पद न कह्यो चाहिये अर्थ पुनरुक्त होत है। फेर मुख चन्द कहिके फेर आनन कह्यो इहाँ अर्थ में पुनरुक्त भयो। फेर एक बार विधि कहि के फेर विरचि कह्यो अह अर्थ पुनरुक्त भयो।

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(५६) रसोत्पति–रचयिता–कविराव बख्तावरसिंह। आकार १२″ × ७ ६″ पत्र संख्या–६। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तिया और प्रति पंक्ति में २६ अक्षर है। इसमें

कुल–पद्य ही है और जिनमे रसों का ही विवेचन है। रचना काल–

सवत् अयन' रु हर-नयन, खड रदन गननाह।
करी रसोत्पति वखत कवि, चैत्र शुक्ल त्रतियाह ॥ १ ॥

अन्तिम भाग–

अयन (भुवन) = ३, हरनयन = ३, खंड = ६ और रदन गननाह = १। इस क्रम से इसका रचनाकाल वि०सं० १६३१ होता है।

व्रज-वन कुजन विहारी, प्यारी राधा आलवन भूता।
शृ गारा रसचारी, प्रागटय हारी त्व वंदेह ॥ १ ॥
मिलि विभाव अनुभावा, सात्विक 'स्थाई' रु सचारिय जू।
अगहि रस उपजावा, सो वर्नत लच्छन सयुक्ता ॥ २ ॥

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(५७) **व्यंग्यार्थ कौमुदी**। रचयिता--प्रतापसाहि। आकार–६'३" × ५'२"। पत्र संख्या ८३। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १२ पंक्तियाँ और प्रति पक्ति में १२ अक्षर हैं। कुल १०६ छंदों में यह ग्रन्थ समाप्त हुआ है। इसका रचनाकाल संवत् १८८२ है ग्रन्थ सटीक है। कवि ने ग्रन्थ के आदि भाग में अपना विषय और शैली इस प्रकार प्रकट की है—

दोहा

गनपति गिरा मनाय के, सुमरि गुरन के पाइ।
कवित रीत कछु करत हों, व्यंग अर्थ चित लाइ ॥ १ ॥
वाचक लछक व्यंग को, सब्द तीन विधिमान।
वाचक लक्ष्य रु व्यंग है, अर्थ त्रिविधि पहिचानि ॥ २ ॥
इनके लछन लच्छ बहु, रस ग्रन्थन ठहराइ।
तातै याबरने नही, बढ़े ग्रन्थ समुदाइ ॥ ३ ॥
जहाँ सब्द में अर्थ की, होइ जु अधिक प्रवृत्ति।

चमत्कार इति से जहाँ, जानि विंजना वृति ॥ ४ ॥
व्यग जीव है कवित्त मैं, शब्द अर्थ गति अग ।
सोही उत्तम काव्य है, वरनै व्यग प्रमग ॥ ५ ॥
करि कवि जन सो वीनती, सुकवि प्रताप सहेत ।
कथि व्यगारथ कौमुदी, व्यग जानि पे हेत ॥ ६ ॥

सुचनिका

कही व्यग तें नाइका, पुनि लछना विचारि ।
ता पीछे वरनन करौं, अलकार निरधारि ॥ ७ ॥

अन्तिम भाग–

व्यग अर्थ सब तै कठिन, को कवि पावे पार ।
ममट मत कछु समझि चित, कीजो मति अनुसार ॥ १०७ ॥
यह व्यगारथ कौमुदी, पढे गुने चितलाइ ।
ताको मत साहित्य को, कछुक पथ दरसाइ ॥ १०८ ॥
सवत कर[२] वसु[८] वसु[८] मही[१], गति असाढ को मास ।
किय विंग्यारथ कौमुदी, सुकवि प्रताप प्रकास ॥ १०९ ॥

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(५८) षट्ऋतु वर्णन : रचयिता-ग्वाल कवि । यह एक ११" × ७.५" आकार की चोपड़ी मे मिला है । यह कवि के यमुनालहरी ग्रन्थ का एक अंग मालूम होता है । इस चोपड़े में 'अलंकार रत्नाकर' 'रसिका-नन्द', वलभद्र कृत 'नख सिख', 'नैत्रवर्णन', ग्रन्थ हैं जिनका यथा स्थान वर्णन किया गया है । इनके अतिरिक्त इसमे आलम, दयानिधि, ग्वाल, पजनेस, पद्माकर, राव अमानजी आदि कई कवियो की फुटकर रचनाएँ हैं ।

इस ग्रन्थ में कुल २७ कवित्त हैं । एक कवित्त यहाँ दिया जाता है ।

चम चम चाँदनी की चमकि चमक रही,
राखी हैं उतार मांनो चन्द्रमा चरखतें ।
अचर अवनि अवु वाले सु विटप गिर,
एक ही तें पेखे परें परेन वरखतें ॥

ग्वाल कवि दिसा दिसा ह्वै गई सपेद चारु,
खेद को रह्यो न भेद फूला है हरखतें ।
लीपी अवरखतें कि टीपी पुंज परदेंत,
कैधों हुनि दीपी हैं के चांदी के वरखतें ॥ २६ ॥

[कविराव मोहनसिंह, उदयपुर]

(५६) **सभा प्रकाश** । रचयिता– हरिचरणदास । आकार-१०´५´´ × ७´४´´ । पत्र-संख्या ७६ । प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ३२ अक्षर हैं। ग्रन्थ के आदिभाग से ज्ञात होता है कि ग्रथकार ने भरत और वामन का आधार लेकर खडन-मंडन की दृष्टि से इस ग्रन्थ की रचना की । रचना काल–सं० १८१४ श्रावण शुक्ल त्रयोदशी, शुक्रवार । ग्रन्थ १० उल्लासो में समाप्त है। लिपिकाल–सवंत् १६१७, वैशाख सुद १२, भौम ।

आदि–

गौर स्याम जो वपु धरै, वस्तु विचारे एक ।
ज्यौं विसर्ग सो राखि है, निज जन मन की टेक ॥ १ ॥
मोहि ग्यांन गौरव न को, कहै जोरि 'हरि' ग्यांन ।
तुम ही ग्रथ वनाय हो, राधा राधा जान ॥ २ ॥
प्यारी पिय नारी ललन, आदि नाम निरधार ।
उचित ठौर में लक्ष्य है, राधा नद कुमार ॥ ३ ॥
जो जै चाहत कविन सौं, खडन मडन आम ।
सो चित दै नित देखि है, 'हरि' कृत सभा प्रकास ॥ ४ ॥
लिख्यौ निरख मत भरत कौ, वामन हू को सूत्र ।
दोष वुद्धि करि है नहीं, जो कवि माहिं सुपुत्र ॥ ५ ॥

अन्तिम–

दोहा

वह निरखनि मुसुक्यानि वह, वैसो कृपानिधांन ।
राधा अचल विहारि के, वसौ हिये वह ध्यांनि ॥२४॥
दूर करत जुवि कर्म गति, मनु दयाल सुभ गीत ।
राधा-हरि यह ग्रन्थ सौं, होउ सदा शुभ प्रीत ॥२५॥

वेद ४ इंदु १ गज ८ भू १ गनित, संवत्सर रविवार ।
सावन शुक्ल त्रयोदसी, रच्यौ ग्रथ सविचार ॥२६॥

[राव मोहनसिंह, उदयपुर]

(६०) सुन्दर शृंगार । रचयिता-सुन्दर कवि ।

प्रति-१. आकार-११" × ८" । पत्र-संख्या १६ । पद्य-३६७ । लिपिकाल १७६१ ।

[माणिक्य ग्रन्थ भण्डार, भींडर]

प्रति-२ आकार-९" × ६ ५" । पत्र ३७ । पद्य-३६७ । लिपिकाल-सं० ४४ । रचनाकाल-सं० १६८० ।

[कविराव मोहनसिंह, उदयपुर]

(६१) अनेक नाम माला । रचयिता-नन्ददास । विषय-शब्द-कोष ।

प्रति-१. आकार-६.३" × ५.२" । पत्र-सख्या ११ । छंद-सख्या ६६ ।

[कवि राव मोहनसिंह, उदयपुर]

प्रति-२ आकार-७" × ३.६" । पत्र-सख्या ३७ । छंद-संख्या २९१ ।

दाहरण-

चन्द्रमा के नाम

इदु सुधानिधि कलानिधि, अब्ज जीव हिम रोम ।
ससिधर हिमकर निसाकर, ओषधीस ससि सोम ॥ १०३ ॥

कुमुंद बधु श्री बधु हरि, रोहिणेय सुर-पेय ।
उडिराजा द्विजराज पुनि, लो मृगांक आत्रेय ॥ १०४ ॥

[केवलराम दादूपथी, उदयपुर]

अनेकारथी । रचयिता-नन्ददास ।

प्रति-१ आकार-७" × ३.६" । यह अनेक माला के साथ ही है । पत्र-सख्या १५ । पद्य-सख्या ११९ ।

प्रति-२ -आकार-५" × ५ ३" । पद्य-सख्या ११९ । लिपिकाल सं० १८६१ ।

[केवलराम दादूपथी; उदयपुर]

(३) ख्यात-वात, कथा-काव्य, जैन-रास, जीवन-चरित्र, आदि

(१) अजना सुन्दरी रास । रचयिता-अज्ञात । रचनाकाल-सं० १६११ आश्विन कृष्णा ६ । आकार-६'५" × ५" । पत्र-संख्या ३६ । पद्य-संख्या ८१ दोहे और १६१ ढाल । विषय-जैन-रास-रचना, सती शिरोमणि अजना के शीलव्रत की कथा ।

आदि भाग-

दोहा

मुनि सुव्रत सांमजी, त्रिभवन तारण देव ।
तिर्थंकर प्रभु वीसमौ, सुर नर सारे सेव ॥ १ ॥

अन्तिम भाग-

तौ जी आप स्वारथ सहू सजौ, ए मलीया माया की जाल ।
हणुमत सजम लेई तप करे, पाँच माहाव्रत खांडीनी धार ॥
तौ बावीस परीसीम है सहे, सील सतोप जे छै गुणवत ।
तौ पट आवशक नीम, साच धो हणमत ॥
वीर गयो निरवांण तौ ॥ १६ ॥

तौ अंधकी ओछी मैं कह्यो ते मी छामीछ कड होज्यो
जिन मुभ तौ मील तणा गुण वरणव्यां सती ने सीरोमणी
अजणां माय तो एतले संबध पूरौ हूवौ आगल चालसी

सीता नी वात तौ विरहणी बली रे वेरागणी माय जिगतनी
माय तौ १६१ सती सीरोमणी अजणा ॥ १ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(२) **अचलदासजी री वार्त्ता** । रचयिता-अज्ञात । आकार-१०" × ४'३" पत्र-संख्या ७ । प्रत्येक पृष्ठ पर १५ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ४२ अक्षर है ।

[वर्द्धमान ज्ञान मंदिर, उदयपुर]

(३) **अमरदत्त मित्राणंद रास** । रचयिता-तत्व विजय । रचना-काल सं० १७२४ । लिपिकाल-सवत्-१७३३, प्रथम श्रावण सुदी ६ । भरोचबन्दर-मध्ये आकार-१०" × ४'३" । पत्र-संख्या २८ । प्रत्येक पृष्ठ पर २८ पंक्तिया । प्रति में पक्ति ५२ अक्षर । लिपि जैन पाटो की । विपय-जैन जीवन-चरित्र । रचना काल-स० १७२४ ।

आदि-

(आरम्भ मे ११ दोहो तक प्रार्थना है)

दान तणा पर भावथी, अमरदत्त मित्राणद
सुख विलसी ससारना पाम्या परमानद ॥ १२ ॥
अमरदत्त मित्राणद नो, सरस एह सबध
शांतिनाथ चरित्र थी, करस्यु एह प्रवध ॥ १३ ॥

[माणिक्य ग्रन्थ भण्डार, भींडर]

(४) **आनन्दमंदिर नास्ति रास**—रचयिता—ज्ञानविमल सूरि । रचना-काल-संवत् १७७० महासुदि १३ । आकार १०'४" × ५" । पत्र-संख्या २०० । छंद-संख्या-४५८५ दोहा और ढाल । इसमे श्री चद केवली का वर्णन है । एक स्थान (प्रशस्ति में) पर अकबर और सलीम का भी वर्णन है—

'साहि अकबर निं० निज वयणें, निज मत स्यू मति जोरी जी ॥
साहित्र सलेम आगलिं जय वरीओ, श्री विजय सेन सूरी गुण दरिओ जी ।
विरूद सवाई जगत गुरु धरीओ, मति सुर गुरु अधी करी ओ जी ॥

आदि भाग—

सुपकर साहिब सेविये, श्री संखेसर पास ।

जास सुजस जग विस्तर्यो, महिमा निधि आवास ॥ १ ॥
इन्द्र वासव पूजिन चरण कज, रज पावित भू पीठ ।
परता पूरण परगडो, एहवो अपर-न दीठ ॥ २ ॥
मपति काले तिरथ छे, जे महिमा भंडार ।
पिण ए अतीत चोवीसीइं, कहि उत्पति विस्तार ॥ ३ ॥

[वर्द्धमान ज्ञानमंदिर, उदयपुर]

(५) उषा भागवत । -रचयिता- रामदास । आकार- ११" × ६" । पत्र-संख्या २१८ । इसका लिपिकाल सवत १६०१ है । कथा का १८ अध्यायों मे भागवत से दोहा चौपाइयों में भाषानुवाद किया गया है ।

आदि भाग-

दोहा

मग विना समरये विना, राजद्वार विदेस ।
फल दायक मेने सुने, गवरी पुत्र गनेस ॥ १ ॥

चौपाई

सुमिरि सरसुती सुमिरो तोही ।
वेठि कठ अक्किल दे मोही ॥
दास दयाल चरन चित ल्याऊ ।
कीन कृपा हरि के गुन गाऊ ॥

[उदयसिंह भटनागर, उदयपुर]

(६) कल्याण मन्दिर-भाषा । रचयिता-बनारसीदास । आकार- ६'३" × ४'१" । पत्र-सख्या ३ । छन्द-संख्या ४५ । विषय-भक्ति । विशेष-रचना गद्य और पद्य में है ।

अन्तिम भाग-

चौपाई

मइ तुम चरण कमल गुन गाई । बहु विध भगति करी मन लाई ॥
जन्म २ प्रभु पाउं तोही । यह सेवा फल दीजे मोही ॥ ४३ ॥
इह विध श्री भगवंत सु जस जे भवि जन भासे ते निज पुन भण्डार

सचि चिर पाव पणा सहि रोम रोम उदन्न सित ग्रंग प्रभु
के गुण गावै सुरग सपदा भजे वे–पचम गति पावे ॥ ४४ ॥

दोहा

एह कल्याण मन्दिर कियौ, कुमुद चन्द की बुद्धि ।
भाषा कहत बनारसी, कारन समकित सुद्ध ॥ ४५ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(७) क्वाटसरवेहीयारी वात। रचयिता–हरि ? आकार–११″ × १५″ पत्र-सख्या १००। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियाँ और प्रत्येक पक्ति में १३, १४ अक्षर है। रचना गद्य-पद्य में है, जिसमें पद्यों की संख्या २३३ है। यह प्रति संवत् १६०८ जेठ विद १४ गुरुवार को खाराडी रा खडिया नरसींगदास भेरूदासोत द्वारा लिपिबद्ध हुई। इसके आरम्भ में एक सवत् '१८५४' कात्तीक मास कृष्ण पक्ष भी दिया गया है। यह इसका रचना काल है। इसका विषय तो वही है जो प्रथम भाग के पृष्ठ २ पर अनंतराय साखलारी वात का है। परन्तु रचना शैली और भाषा में अन्तर है। प्रथम भाग वाली रचना मे रचियता का नाम अज्ञात है। परन्तु इसमे २३२ वें दोहे में लेखक ने अपना परिचय इस प्रकार दिया है—

दुहा

दानवा अरी हरी नाम दष, जात रखी वर जांण ।
हर जेठी के सुत कही, वात क्वाट वषाण ॥ २३२ ॥

आदि भाग–

दुहा

सुरसत मात सुमत हो, गवरी पुत्र गुणेस ।
करणानिध कर जोड़ कर, मांगू बुद्धि महेस ॥ १ ॥

वारता

कोयलापुर पाटण नगर जठे अनतराय सांपलो राज करै जी को पुरसाण हिंदवाण दोनु ही राह रैसी है। जीको कोयलापुर कीसोयेक दरसावे। जीण ने देषीया थका दुजो सहर दायनी आवे।

अन्तिम भाग–

दूहा

केइ घोड़ा गाँव की, केइ गयद कहाय ।
करां चढे क्वाट रे, लका दीये लुटाय ॥ २२८ ।
ना राञ्या सारी जगत, पल के जोत प्रकास ।
सुरज ज्याही क्वाट सी, ईधक जोत उजास ॥ २२६ ॥
पांघहे माऊ क्वाट न्रप, सॉंचो श्रेह समात्र ।
ज्या सामो देपै जरु, राका करे जराव ॥ २३० ॥
तेराग्ने सेताली समो, सुकल पष माहा माम ।
नीज गरु की वात तद, प्रतमो राज प्रकास ॥ २३१ ॥

[स्व० पं० रतीलाल अन्ताणी के संग्रह से]

(८) **कोकशास्त्र वार्ता प्रबन्ध प्रथम भाग** । रचयिता–अज्ञात । यह ग्रन्थ ८″×५″ आकार वाले ६ रचनाओं के संग्रह में संग्रहीत है। ६ पत्रों में इसके ६६ छन्द समाप्त हुए हैं।

आदि भाग–

कवित्त

अति कोमल सब अग, रूप राजिति अति निर्मल ।
॥
जाहि सदा है प्रसंन्, ताहि आणद अमारी ।
राग रंग रति रूप, सब्रै लागत अति भारी ॥
विस्तार कोक भूषण करन, इह इच्छा कविज न धरतु ।
शृ गार आदि रतिराज को, जोरि सुकर अस्तुति करतु ॥ १ ॥

दोहा

जहाँ रनथभर (गढ) सुगढ, तहाँ भैरव राजान् ॥
त्यागी लोभी मानधर, गारन दुसह गुमान ॥ २ ॥
षटभाषा विद्या चवद, कला वहुत्तर चार ।
गुण प्रमाण श्रैसू भयो, ज्यूँ भोजराज मतिधार ॥ ३ ॥

अन्तिम भाग–

कोक सु व्याही पद्मिनी, जोरी बनी अपार ।
मांनो अवा ततार फिरि मकरध्वज रति नारि ॥ ८५ ॥

कोक महल क्रीसत सदा, पद्मिनी कु लिये सग ।
हास विनोद विलास सुष, सदा रहिति रति रग ॥ ८६ ॥
तब सु कोक अरु पद्मिनी, कीन्हों एक विचार ।
केलि ग्रन्थ इक कीजिये, होइ सुजस ससारि ॥ ८७ ॥
ओषद अरू रति भेद सब, तिय वर्णन सिंगार ।
कियो दुऊँ मिली बुद्धि सौं, कोक नाम विस्तार ॥ ८८ ॥
ता पाछे कवि अति मयै, रचै ग्र भाषा रूप ।
कोक ग्रन्थ अति सरस है, सुनि सुनि रीझत भूप ॥ ८९ ॥

[स्वरूपलाल जगदीश चौक, उदयपुर]

(९) **चंदन मलयागिरि की चोपइ–दूहा** । रचयिता–भद्रसेन ।
आकार–९ ६″ × ५″ । पत्र-सख्या ९ । छन्द-सख्या २०३ चउपइ, दूहा, गाहा ।
लिपिकाल–स० १८२४, माह विद १४ सोमवार । लिपिकार–ऋषि हेमराज ।

[माणिक्य ग्रन्थ भण्डार, भींडर]

(१०) **चंदराज चरित्र** । रचयिता–मोहनविजय ।

प्रति–१ आकार–९'७″ × ४ २″ । पद्य–ढाल १८०० । रचनाकाल–स० १७८३ । लिपिकाल–१८७८ ।

आदि भाग–

दोहा

प्रथम धरा धवनी म, प्रथम तीर्थंकर आदेय ।
प्रथम जिणद दिणद सम, नमो नमो ना भेय ॥ १ ॥
अमित कात अद्भुत सिपा, सिर भूपित सो छाह ।
प्रगट्यो पद्म ऊह थकी, सिंधू सलिल प्रवाह ॥ २ ॥

अन्तिम भाग–

तमगछ नायक गुण गण लायक विजय सेन सुरिंदरजी ।
प्रति बोध्यो जिणें दिल्ली नो पति अकबर साह मुणिंदरजी ॥१६॥
तास चरण शतपत्र सु मधुकर कीर्तिविजय उवझावाजी ।

तास सीस कवि मुख मडन मान विजय कवि राया जी ॥ १७ ॥
ताम पद सेवक मति-सुत सागर लब्ध प्रतिष्ट कहायाजी ।
पडित रूप विजय गुण गिरूया, दिन दिन सुजस सवायाजी ॥ १८ ॥
तेहने बालक मोहन विजये अठोतर सौ दालें जी ।
गायो चंद चरित्र सुरंगो चरित्र बचन परिनालें जी ॥ १९ ॥
कीधो चोथो उल्लास संपूरण, गुण वसु संजय वर्षेजी ।
पोस मास सित पंचमी दिवसें, तरणिज वारें हर्षेजी ॥ २० ॥

× × ×

विजय हेम सुरिंद राज्ये करि परम गुरु वदना ।
कवि रूप सेवक मोहन विजयें वर्णव्यांगुण चदना ॥ २ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

प्रतिः-२ लिपिकाल-१८४९

[अन्ताणी संग्रह]

(११) **चंदराजाचोपी** । रचयिता-विद्यारुचि-आकार-१०.४" × ४.४"। पत्र-संख्या १३५ । छंद-संख्या-२६८४ लिपिकाल-संवत्-१७९१, फाल्गुनमास ।

आदि भाग-

दोहा

श्री जिननायक समरिइ , ऋषभदेव अरिहंत ।
वछित पूरण सुरतरु, भय भजन भगवंत ॥ १ ॥
शिव सुख दायक सविइ, शांति नाथ जिनचन्द ।
यादव वमन लोमणी, नमइनेमि जिणद ॥ २ ॥
पुरुषा दाणी परगडो, श्री वर काणो पास ।
नाम जपता जेहनो, सफल फले सवि आस ॥ ३ ॥

अन्तिम भाग-

तप गच्छ पंडित पट वयरागी, सवेगी गुण मन्दिरे ।
श्री गुरु महज कुमल सुखदायक, उप समरसनो दरियो रे ॥ ८ ॥
ताम सीस सुध ममयम धारी, श्री लक्ष्मी रुचि बुध ऐम रे ।

क्रिया वत पंडित कुलदीपक, श्री विजय कुसल तस सीस रे ॥ ६ ॥
तस पद पकज भ्रमर विराजें, श्री उदयरुचि कविराय रे ।
कुमत मतगज कुंम विदारण कठी रव कहवाय रे ॥ १० ॥
तास सीस सेवग महोदधि, श्री हर्ष रुचि बुध कहीइ रे ।
उपकारी मुझ श्री गुरु मिलिया, दरसण ती सुष लहीई रे ॥ ११ ॥
विन्न सरोमणि मुगट नगिनो, विद्या रुचि तस सीस रे ।
गुण भणिते पुरो पंडितरे सुषदायक सुजगीस रे १२ ॥ १२ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर,]

(१२) **चन्द्रलेहा चतुष्पदी** । रचयिता–मतिकुशल । प्रति-१ । आकार-६-३" × ४" । पत्र-संख्या-२० । पद्य-संख्या ६२४ गाथा और २६ ढाल । रचनाकाल-सं० १७२८ । लिपिकाल-सं० १७४६ । विषय-जैन जीवन चरित्र ।

[माणिक्य ग्रंथ भण्डार, भींडर]

प्रति २ । आकार–६-८" × ४-८" । पत्र-संख्या २३ । पद्य. संख्या–१०८५ । लिपिकाल–सं० १८८१ ।

आदि भाग–

दूहा

सरसति भगति नमी करीं, प्रणमू सदगुरु पाय ।
विघन विडारण सुषकरण, परमिध एह उपाय ॥ १ ॥

अन्तिम भाग–

दूहा

सवत सिद्धि कर मुनि जिसै, (वदि) आसु दशमि रविवार ।
श्री पवीय पभै प्रेमस्यु, एह रच्यो अधिकार ॥ १२ ॥

× × ×

सुगुण श्री सुगुण कीरति गणि, वाचक पदवी धरत ।
अतेय वासीय चिरजयो, मति वल्लमह महत ॥ १४ ॥
प्रथम सुशिष्य अति प्रेमस्य, मति कुशल कहे एम ।
सामायक मन सुध कहो, जय वरी चद्र लेहा जेम ॥ १५ ॥

× × ×

गुणय गुण जे सुणे भावे स्युं, गुरूँया तणा गुण जेह ।
मन सुध जिन भ्रम जे करै, त्रिभुवन पति हुवै जेह ॥ १७ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(१३) चन्द्रशेपर छरित्र । रचयिता-वीरविजय गणि । आकार-८"×४'४" । इस ग्रन्थ में २३७ पत्र हैं। प्रत्येक पृष्ठ पर ८ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २८ अत्तर हैं। अत्तरों की लिखावट जैनपाटी की है। कुल २६६१ छंदों में यह ग्रन्थ समाप्त हुआ है। संवत १६३६ में माणिकचद विजय गछ द्वारा लिपिवद्ध हुआ। .

यह प्राकृत प्रबंध 'चन्द्रशेपर' का भापानुवाद है जिसको उक्त रचयिता ने राजनगर (मेवाड़) मे चतुर्मास मे भापान्तर किया। इसमें जम्बूद्वीप के चन्द्रशेपर नृप की कथा का वर्णन है, जो इस प्रकार विभाजित किया गया है। नरति-सुन्दरी प्रीति सुन्दरी का पाणि ग्रहण, त्तेत्रपाल वशी-करण, श्र'गदत्त कथा श्रवण, द्विज पत्नि कुलटा प्रवन्ध कथन, सुदर्शन कुमरोपनय प्रकाशन, तापस पुंत्रि कनकावती, विमला पाणिग्रहण शत्रु जययात्राकरण, चतुपष्टिखेट सुताकर ग्रहण, त्रिलोचना के वचनामृत, पितृ-मिलन, स्वर्गगमन। रचना तथा इसकी भापा जैन शैली की है और जैन उद्देश्यों को लिये हुए है। केवल आदि भाग यहाँ दिया जाता है—

आदि भाग-

दूहा

श्री सपे सुग्पालजी, तामधि विचन पलाय ।
प्रिय मेलक परमेश्वरूँ, नमि पद्मावति माय ॥ ५ ॥
इष्ट देव समरण करी, व्रत फलनो अधिकार ।
जिम श्रुति सागर वरणव्यो, तिम कहुं पर उपगार ॥ ६ ॥
तास सिस विजयवुध ताम, सिम गुण वताजी ।
श्री शुभ विजय उम नामेंजे, महिमा हिमहताजी ।
पडित वीर विजय ताम मिमे चितनो वृति उल्लामेंजी ।
चन्द्रशेयर नृप गु ण मणिमाला गुण भी छे आरामेंजी ॥ ७ ॥

सवत उगणीसयदोयवरसे विजया दशमी प्रसिद्धिजी ।
राजनगर मां रहि चत्रमासु रासनी रचना कीधीजी ॥
विजय देवेन्द्र सूरी साम्राज्यें भाष्यो व्रतआचारोजी ।
दक्ष परीक्षक नर जो सुणस्यें तो श्रम सफल ऊमारोजी ॥ ८ ॥
जिम सोहम पति इन्द्र ने नन्दन नामें राय जयन्ताजी ।
तिम राजेशरी सेठ हेमामाई तस नदन गुणवन्ता जी ॥
छे युवराज पदें पद लायक प्रेमामाई विराजेजी ।
रासतणी में रचना कीधी ते सहु ने सुणना काजेजी ॥ ६ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(१४) **चन्द्र कंवर की वार्ता**— रचयिता-हंसकुमार आकार-११-५″ × ८-७″ । यह ग्रन्थ चमडे की जिल्ददार पुस्तक में है, जिसमें इसके अतिरिक्त 'पनरह तथियां रा दोहा', 'ढोला मारवणीरी वात', 'व्र द सतसई', 'फुटकर दोहा', 'अमरकोश' (संस्कृत), और 'अलकार रत्नाकर' है । १८ पत्रों पर यह ग्रंथ समाप्त हुआ है । इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १८ पक्तिया और प्रति पंक्ति में १७ अक्षर हैं । अक्षर बहुत वडे २ हैं । यह वार्ता है, इससे अधिकतर कथा गद्य में है । कही कही दोहा, चौपाई सोरठा, चन्द्रायणा आदि आ जाते हैं, जिनकी सख्या ८६ है ।

विवरणी के प्रथम भाग मे इस ग्रथ के विपय में कुछ अशुद्धिया रह गई, उन्हे यहाँ सुधार देना चाहते हैं—

प्रथम भाग के पृष्ठ ७८ पर इसी ग्रन्थ 'चन्द कुवर री वात' का उल्लेख किया गया है । उसमें रचयिता प्रतापसिंह दिया गया है वह अशुद्ध है । ग्रन्थ का रचयिता है "हस कवि" है । प्रतापसिंह तो पुमाण को हुकुम देता है कि 'हंस कवि' को कुछ अपूर्व वात सुनाने को कहो (यह उसी विवरणी में दिये गये पाठ का अर्थ किया गया हैं) । इसी प्रकार अमरावती नगर के सेठ की पुत्री चन्द्रकुँवरि लिखा गया है, यह भी अशुद्ध है । यह नाम 'चद कुवरि' नहीं है 'चन्द कँवर' है जो पुल्लिग है । ह 'चंद कवर' अमरावती के राजा अमरसेन का पुत्र है । इसी प्रकार राजकुमार के स्थान पर 'राज कुँवर' पाठ लिखा होने से यह राजा के पुत्र का नाम समझ लिया गया है । इस राजकुमार का प्रेम सेठ की पुत्री से न होकर उस सेठ की स्त्री से ही था । 'सेठ तणी जे असतरी, तिण सू घणों सनेह' का अर्थ

भी यही होता है। अतः इस भूल सुधार के लिये हम संक्षेप मे सारी कहानी यहाँ देते है—

अमरावती (सोरठ) का राजा अमरसेन। उसका पुत्र चन्द्रकुँवर शिकार को जाता है। सूअर के पीछे दौड़ता हुआ साथियों से छूट जाता है। ३२ कोस पर सूअर मारता है। सूर्यास्त। किसी ऋषि के आश्रम मे जल पीकर मार्ग पूछता है। ऋषि कहते हैं आगे कुछ दूर तक बस्ती नहीं है फिर कंधार शहर है, उससे ५ कोस की दूरी पर तांबापुरी है। कुमार का प्रस्थान। मार्ग में नदी) बरसात से बाढ़—नदी के उस पार ताँबापुरी! काजली तीज का त्योहार कुछ सुन्दरियाँ वहाँ खेल रही है। वह वहाँ जाता है। एक कामिनी उसे पूछती है- तुमने ऐसे समय स्त्री को क्यों छोड़ा? कहाँ से आ रहे हो? राजकुमार का उत्तर-"सोरठ हंदा राजवी, राजकवँ अमरेस पंथ सीकारां नीसरयां, भुला आया इण देस।" इसके बाद उसके साथ नगर में जाना- फिर अन्य स्थान पर डेरा डालना। नगर के सेठ सामजी बारह वर्ष से परदेस में- स्त्री विरह मे कामान्ध-उसकी एक दूती का 'भमर' की खोज में फिरते हुए चदकुवर के पास आना-उसको विवश करना-वह पहले पर-स्त्री के पास जाने से इन्कार-फिर दूती की पटुता से वशीभूत होकर सेठानी को संतुष्ट करता है और प्रेमान्ध हो वहीं रहने लगता है। इधर राजकुमार की माता दुखी होती है। अमरसेन अपने गुप्तचरो द्वारा पता लगाकर मन्त्री को लेने भेजता है। मत्री बजाज का वेश धारण कर इसके पास जाता है और उसकी माता को दुख वर्णन करता है। चन्द्रकुवर सेठानी से विवाह कर उसे घर ले आता है।'

इसमें कुछ पाठान्तर भी हैं—

प्रथम भाग में ग्रन्थ की प्रथम चौपाई इस प्रकार है।

> समक सरसत मात मनाय। गणपति गरु के लागु पाय॥
> प्रतापसींघ रम कीनो काज। वरनू न कथ्यो रसिक कविराज॥

इससे भी यह सिद्ध नहीं होता कि इसका रचयिता प्रतापसिंह है। मुझे जो ग्रन्थ प्राप्त हुआ है उसमे यह पाठ है

दोहा

> समरु सरसत मात कु, गणपति लागु पाय।
> परतापसिंह नृप अरज रीय, यथा मिरु कविराय॥ १॥

—आगे जो पाठान्तर है वह इससे मिला लिया जावे—

हंस कवीसर सूं कह्यो, कछु इक बात सुणाय ॥ २ ॥
सबकूं लगैं सहामणा, रस संजोग सिणगार ।
मुरष हु को मन हरे, सब रसीयन को सार ॥ ३ ॥
सतरे से चालीस मैं, तेरस पोसज मास ।
गुण कियो कर चाव के, होगी पूरण आस ॥ ४ ॥

अन्तिम भाग-

घर घर हुवा वधामणा, तोरण बांध्या द्वार ।
परणे आयो पदमणी, आयो चंद कवार ॥ ८२ ॥

चन्द्राइणा

बाप तणे पग लाग मील्यो है माय कुं ।
वेण उतारे लूण भयो सुख धाय कुं ॥
दुलहण को मुख देख, ठमक ठमक पाय परत है ।
मोहरां भर-भर मूठ, निछावर करत है ॥ ८३ ॥

दोहा

मो मन प्यारी सु वसे, प्यारी के मन पीव ।
मे प्यारी का जीवडा, प्यारी मेरा जीव ॥ ८४ ॥
परतापसिंघ सेवक कहै, वाचत सदा सहाय ।
चदवात पूरी भई, यह करि रस कविराय ॥ ८५ ॥
जोध वश युग युग जियो, घणो होत हरखार ।
नाम धारयो परताप नृप, गुण ही को गुणसार ॥ ८६ ॥

[कविराव मोहनसिंह, उदयपुर]

(१५) चतुः प्रत्येक बुद्ध प्रबन्ध । रचयिता-समयसुन्दर । आकार-१०" × ४ ५" । पत्र-संख्या-३६ । लिपिकाल-सं० १८४२, पोष सुदि १४, शुक्र । रचनाकाल-१६६५ ज्येष्ट शुक्ल १५ । पत्र संख्या-प्रथमखंड ढाल १०, गाथा १८७, ग्र० श्लोक २२५; द्वितीय खंड ढाल १०,गाथा २५०, ग्रं० श्लोक ३६४,तृतीय खंड ढाल १७, गाथा ३६६, ग्रं०; चतुर्थ खड ढाल १०, गाथा २५०, ग्रं० ३६४ ।

विषय:-इसमें कलिंग देश में चंपावती नगरी के राजा दधिवाहनराय के युद्ध तथा चार प्रत्येक बुद्धराजाओ का वर्णन है ।

आदि भाग-

श्री सिद्धारथ कुल तिलो, महावीर भगवंत ।
वर्तमान तीरथ धणी, प्रणमु श्री अरिहंत ॥ १ ॥
तसु गणधर गोतम नमुं, लबधि तणो भंडार ।
काम धेनु सुरतरुमणी, वारूँ नाम विचार ॥ २ ॥
वीणा पुस्तक धारिणी, समरुं सुरसति मात ।
मूरिख नें पंडित करें, कालीदास कहिवाय ॥ ३ ॥

× × × ×

कर कहू राजा दुमुख, नमिनइ विगइ सुद्ध ।
इणि नामें उत्तम हूआ, च्यारे प्रत्येक बुद्ध ॥ ८ ॥
चार तिया च्यारे चतुर, मोटा साधु महत ।
चिहुं खडे कहुं चरितहु, जिम पामू भव अत ॥ ९ ॥
चार खड ए चउपई, चिउ खडे परसिद्ध ।
प्रथम खड कर कइनो, मामलि ज्यो मन सुद्ध ॥ १० ॥

पुष्पिका-"इति श्री आगरा वास्तव्य नागड गोत्रिये श्री संघ भार धुरंधर नाना विध शास्त्र बिनोद महा रसिक सा० भारू (?) समभ्यर्थ नया वाचक श्री समय सुन्दर गणि विरचिते श्री चतुः प्रत्येक बुद्ध प्रबन्धे.... .सम्पूर्ण . ... इति श्री चतु' प्रत्येक बुद्ध चतुष्पदी समाप्ता। 'सकल पंडित शिरोमणि पंडितजी श्री १०८ श्री रत्न रुचिगणि तत् शिष्य पं० श्री अनोपरुचि गणि शिष्य पं० अभय रुचिगणि लिपि कृते भींडर नगरे . .... . संवत् १८४७ वर्षे पोष सुदि १४-शुक्रे।"

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर,]

(१६) चमत्कार चिन्तामणि । रचयिता-अज्ञात । आकार-८" × ४'१" पत्र-संख्या ३ पद्य-संख्या ११३ । विषय ज्योतिष ।

आदि भाग-

यु विचार ज्योतिष को, कहत न आवै पार ।
अब फल बारह भवन को, वर्णन है कविसार ॥ १ ॥
तन भवनै सूर्य करै, नरक रूप बहु केम ।
विनय रहित क्रोधी समझ, मार चित लवलेस ॥ २ ॥

वित्त हरे रवि धन रह्यो, गृह्यो सदा सरोग ।
सजन अधिक दुर्जन अधिक, भाग विसर्ग लोक ॥ २ ॥

अन्तिम भाग–

राह करै अमल वन, वरष तीन को आप ।
जो कदाचि जीवै अधिक तो अति दुखित माप ॥ ८ ॥
धर्म मार तम कर करै करै बिन्द से वास ।
कामी लोभी कठिन मन, धरै सकल की आस ॥ ६ ॥
राह कर्म कर बुद्धि वल, मरै पिता तव रोग ।
सूरवीर पर नारि सूं (रता), सार सुमति को जोग ॥ १० ॥
राह लाभ को सुमस सुख, आय बहुत धनवन्त ।
महा वलि सिर बन्त वहु, सारद सदा मति वन्द ॥ ११ ॥
राह बार में आपदा, होत द्रव्य को नास ।
अल्प बुद्धि मानैं तिके, माया वन्त उदास ॥ १२ ॥
इति राह फलं
ऐसे बारह भवन परि, जोतिष शास्त्र विचार ।
फल नव मह को वर्ण व्यो, सार बुद्धि अनुसार ॥

[सरुपलाल शर्मा जगदीश चौक, उदयपुर]

(१७) **चंपकमाला** । रचयिता–अज्ञात । आकार–६.४″ × ४.२″ । पत्र-सख्या८ । पद्य-संख्या ६५ । विषय-चम्पकमाला के सतीत्व और जैनधर्म पालन की कथा ।

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(१८) **चित्रसेन पद्मावती रास** । रचयिता–अज्ञात । आकार–१०.४″ × ४″ । पत्र-संख्या–३३ । छद-संख्या ४६५ । रचना-काल- । १८१४
विषय–इसमें किसी पूर्व देश के राजा चित्रसेन और उसकी रानी पद्मावती की कथा है ।

अन्तिम भाग–

भवियण साचो इक भम भाई ।
मत्रक ममता जीवन एहिज होय सहाय ॥ १ ॥

धरम पदारथ जगत में जिहाँ तिहाँ ग्यानी ए गायौ ।
तिण उप चित्रसेन नरिंद ने ए दृष्टान्त सुणायो ॥ २ ॥
दान सील तप फल सुमदायक जो होया तावस मेला ।
श्रुत परणाम विनासह निरफल तीने ही एह अकेला ॥ ३ ॥
करम तणौ बध करम नि जरा एस र आतम सारे ।
ए चित सेवे चरित्र श्रवणे शुणीए परमारथ धारे ॥ ४ ॥
अठारह ऊपर बरसै चवदो तरे बहेते ।
पोसमास शुदि दसम तणै, दिन रास रच्यौ मनपते ॥ ५ ॥
श्री जिन लाभ सूरि सिर राजै परतरगछ वड़भागी ।
पेम साष श्री शांति हरष शिष्य, श्री निज हरष वैरागी ॥ ६ ॥
तासु चरण रज कण सुप साठौ, सरमतिशु निज रणाई ।
राम छिलै उठ जाय ए चौपई बीकानेर वणाई ॥ ७ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मंदिर, उदयपुर]

(१६) **जाम राउल री बारामास्यो** । रचयिता-अज्ञात । यह एक प्राचीन गीत है । जो एक प्राचीन चोपडे में प्राप्त हुआ । इस चोपड़े पर संवत ११४२ लिखा है, परन्तु रचना इतनी प्राचीन नहीं है । जाम राउल जामनगर का संस्थापक था और उस समय में जामनगर गुजरात में व्रजभाषा साहित्य का केन्द्र था ।

साल ले वारह मेघ सायण घन धारा ऊबले ।
बाबीहा दादुर मोर बोलै साल दह दिशी पल हलै ।
झहमचे सिहरे बीज भबके मिले अन्नल फर हरै ।
राजेंद्र पाधां जाम राउल सांमितिणि रीति ममरै ॥ १ ॥
माद्रवे नीर निवाण भरिया, गिर पहाड़ पपालियै ।
मिलि छपन कोडि मेघ माला नदी नीर मालियै ।
घेनूप लू बा मांमली छटा कांठली जल हर करै ।
राजेन्द्र पाधां जाम राउल सांमितिणि रीति ममरै ॥ २ ॥
उनमै यति घण मालव पाणु नदी नीर निरमला ।
घन अधिक छाइ ये लू ब बेलि चंद्र हूं चढो कला ।

नैवेद्य करि वापि-तट विहसै वेक वदन विस्सरै ।
राजेन्द्र पात्रां जाम राउल सांमितिगि रीति संभरै ॥ ३ ॥
कातिग्ग मास आकास निरमल मेघ चालै घर सुणै ।
सर कमल विकसै सरद रेणि नीर छाया पोमणै ।
अनल ठंभै गरज उतर अरक दषिक मनि धरै ।
राजेन्द्र पात्रां जाम राउल सांमितिणि रीति समरै ॥ ४ ॥
मगसिरे मारग माग मडै मेघ मडै दामिणी ।
करि कोट माला रत्न चमकै उष्ण अस्तन कामिणी ।
षड छाय कूप पयाल अस्तर जीवह दिसै ऊमरै ।
राजेन्द्र पात्रां जाम राउल सांमितिणि रीति समरै ॥ ५ ॥
मिति हिमोतर पौष मासे पान तर वर हाखै ।
साक पै प्रेम कमल विकयल भवर पंख न साखै ।
धूजत वानर गो निरधन नाग रायण निस्सरै ।
राजेन्द्र पात्रां जाम राउल सांमितिणि रीति समरै ॥ ६ ॥
उतरा दल हरि लक नाषै प्रलैवन षड परजलै ।
अब होय विषमा अगनि अम्रत सीत बादल सालले ।
दीरघ रयणि लोछ दिनकर माह मास समाचरै ।
राजेन्द्र पात्रां जाम राउल सांमितिणि रीति समरै ॥ ७ ॥
निसि सित फागुण दिन ग्रीसम अनल पत्र ममारै ।
फिर चलै उतर चाहि रवि रथ दषिण पथ निवारै ।
विति लोक रामति फाग षेलै होलिका अथ विस्तरै ।
राजेन्द्र पात्रां जाम राउल सामितिणि रीति समरै ॥ ८ ॥
माजरि अदभुत चैत्र मासै पागुरै पत कोमला ।
सीजाई घर दिसि धूम पलटै हुए अभर निरमला ।
बनराई भार अढरि फूटै दहण माथा उत्तरै ।
राजेन्द्र पात्रां जाम राउल सांमितिणि रीति समरै ॥ ९ ॥
वैसाख मासै मोरिया बन वसत अमृत आण ए ।
केतकी जाइक हसै कुसमै मवर लीला माण ए ।
महक्त चपो बेलोदमणो अधिक प्रेमल उघरै ।
राजेन्द्र पात्रां जाम राउल सांमितिणि रीति ममरै ॥ १० ॥

वरतिये जैठक लूऊ वाजे हुवै दिमी हला हलै ।
दिन वधै घटै निमी दिवाधर जणि हुवे ।
ग्रितिम जल फल आइ दाडिम दाख पाचै मालिणी क्रायामरै ।
गजेन्द्र पात्रां जाम राउल सांमितिणि रीति समरै ॥ ११ ॥
श्रापाड ऊवा करै टवर गहली निद्रा श्रति घण ।
ग्रू जाई निसरी गरमिये जल, कुश्ररि ढीला श्रफण ।
विजली चमकै वले वादल उन्हगालै प्रसेवो उतरै ।
राजेन्द्र पात्रां जाम राउल सांमितिणी रीति समरै ॥ १२ ॥

[माणिक्य ग्रथ भंडार, भींडर]

(२०) **जिनपाल जिनरक्षक री चउढालियो** । रचयिता-शान्तिकुशल । आकार-१०″×४.५″ । पत्र संख्या ३ । पद्य-संख्या ६१ । विपय-जैन-जीवन चरित्र । भापा-बोल चाल की राजस्थानी ।

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(२१) **ढोला मारवणी री वात** । रचयिता-अज्ञात ।

आकार-५″×४.६″ । पत्र-संख्या-७० । इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ और प्रत्येक पक्ति मे २० अत्तर हैं । अक्षर सुन्दर और छोटे हैं । प्रति कुछ जीर्ण हो गई है । इसमे कुल २१८ पद्य हैं और बीच बीच में वारता दी गई है । रचना काल इसका इस प्रकार दिया गया है—

पनरेसे तीसे वरस, कथा कही गुण जांण ।
वदि वैसाखे वार गुरु, जन्ति जाण दस श्राण ॥

इसका आदि भाग विवरणी के प्रथम भाग मे पृष्ठ ३७ पर दी हुई कुशल लाभ रचित ढोला मारू री चोपई प्रति १ के आदि भाग से कुछ पाठान्तर लिये हुए है ।

सकल सुरासुर स्वांमिनी, सुणि माता सरस्वति ।
विनोद करी ने विनवूं, मुझने दो श्रविरल मति ॥ १ ॥
जोतानवरस गुण दूगे, सवहि करी सणगार ।
गर्यो गुनर गंजिये, श्रवला तण श्राधार ॥ २ ॥

उदाहरण–

दुहा

नदियां नाला नी भरण, पांणी चढियो पूर ।
करहो कादम किम चले, पंथी पूंगल दूर ॥

वारता

सूणो महाराज आबु परबत अठारे गिरां रो राजा
छे तिण कने शोवन गीर परबत नेडो छे
तवे जालोरगढ थापीयो छै सो गढ विषम जायगा छे

दूहा

अन्तिम भाग–

अति आणद उछव हुवा, नरवर वरज्यो ढोल ।
ससने ही सयणा तणा, कल में रहिस्यैं बोल ॥ २१७ ॥
दुहा गाहा सोरठा, मन विकसण वर्षांण ।
अब जाण्या मूरख हसै, समझे चतुर सुजाण ॥ २१८ ॥

[अन्ताणी संग्रह, उदयपुर]

(२२) ढोला मारवण री वार्ता । लेखक–अज्ञात

यह भी उसी जिल्ददार सग्रह मे जिसमें है जिसमे चंन्द्र कँवरी री वार्ता, वृंद सतसई और अमर कोप (सस्कृत) है ।

इसमे कुल ४७ पत्र हैं । प्रत्येक पृष्ठ पर १८ पक्तिया और प्रति पंक्ति में १७ से १६ तक अक्षर हैं । यह सवत् १६०४ शाके १७६६ आसोज कृष्णा ४ बुधवार को उदयपुर में लक्ष्मी विजय द्वारा लिपि वद्ध हुआ । यह विवरणी के प्रथम भाग के पृ० ३८–३६ पर दिये हुए ग्रन्थ ४६ से भाषा और शैली में बहुत भिन्न है । कथा वही ढोला मारवणी की है, परन्तु इसका रचयिता कोई है । भाषा यद्यपि राजस्थानी ही है पर लेखक की भिन्नता स्पष्ट प्रकट होती है । वर्णन पद्धति भी वही गद्य तथा दोहा सोरठा वाली है, परन्तु दोहे का विपय तथा क्रम एक दूसरे से भिन्न हैं । एक ही कहानी की विभिन्न रचनाएं उसकी लोक प्रियता का प्रमाण है ।

आदि भाग–

पु गल राजा जातरा चत्राण (भाटी ?) । पु गल राज करै छे । सो देस में काल पडीयो । सो लोग परदेस जावा लागा । तरे पु गल राजा रो प्रधान । पचायण नाम हुतो । तिण ने हजूर

जोवन हसती मद हुवौ, आंकुस घोनी आय ॥
डाढी एक संदेसडो, ढोला लग पोहचाय ।
डेर पड़ी छे आंगणे, सीलो करो नी आय ॥
डाढी एक सदेसडो, ढोला लग पोहचाय ।
जोवन काला नाग ज्यू, झुक झुक झोला खाय ॥
चीतारली चुगतीयां, कुरझां रोवहियांह ।
रूर थको दा हीयला, मिले नही मन्नाह ॥
ढोला मीलसी नवीसरसी, नहीं आवसी लेस ।
मारू तणा कर कडे, वायस उंडा हेस ॥
ढोला जो तु न आवियो, सावण पैहली तीज ।
झख करेसी मारवणी, देष पीवती बीज ॥
ढोला जो तु न आवीयो, सावण पेहला मेह ।
आडा वसीया वालहा, झुर झुर हुइ हम देह ॥
निरमोही घर आव पिव, कासू घणो कहेर ।
सपत (तो) दिन दिन आवसी, (पीख) जोवण कद्दलहेस ॥
पांष हुवे तो किम हुवो, दई अरुठा त्यांह ।
रात विछोहो दिन मिलण, पखछती चकवाह ॥
आथमण ऊपरा दीठ, पूरब सांमी बांह ।
एक सदेसड़ो कुर झड़ी, ढोला ने कहियाह ॥
अे दुहा केह ने कुरझा, सो मारू जोवनलागी
ताल चुगती कुरझड़ी, सर सधियो गी मार ।
हु ऊडी आकास ने, हाली जोवनहार ॥

वारता

इतरी वातां करतां मारवणी घरे आई ढोलाजी आगम चिंता करे छे काग वैठी उडावे छै और काग सुं कहे छे—

कागा पीव न आवीयो, कियो न डेरो चीत ।
लकड़ी हुवे तो दघ वलु, रहु र अकेली नीत ॥
कागा देउ वधाइयां, पीव मिलावो मुझ्झ ।

काढ माह थी जीवडो, भोजन देस्यु तुम्भ ॥
कागा जठे पीव वसे, उड जो त्यांह चल जाय ।
ढोला वेहलो आवने, (फेर) घणा ही हुता भाय ॥

[कविराव मोहनसिंह, उदयपुर]

(२३) **दत्तात्रेय उपाख्यान** । रचयिता–अज्ञात । आकार–६'२" × ४" । ा-सख्या १४ । प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ४० या ४२ अक्षर । पद्य-संख्या २२० । इसमें भागवत पुराण के अन्तर्गत एकादस स्कन्ध के ७, ८, और १० अध्यायों की कथा है ।

[रामद्वारा धोलीबावड़ी, उदयपुर]

(२४) **दवदंती नी कथा** । (लेखक-देववर्द्धन (?) । आकार–१०" × ४½" । ; कथा गद्य में है । पत्र-संख्या १२ । प्रति पृष्ठ पर १५ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में . अक्षर हैं । जैनपाटी की सुन्दर और व्यवस्थित लिपि है । रचनाकाल-संवत ५०० से पूर्व अनुमानित । भाषा–जूनी राजस्थानी ।

ादि भाग–

दवदती नी कथा कहियइं छइ । ईयाइ जंबू द्वीपि । भरत क्षेत्रि ।
अष्टापद समीपि । सगमपुर नगरु । तिहा मम्मण राजा ।
वीरमती मायसिहि सुखिइ राज करइ । अन्यदा प्रिया सहितु ।
राजा आहेडा भणी नगर बाहर निकलिउ । तिसइ संघात साथि ।
महात्मा एक मल मलिन गात्र आवतउ देखी । मनमाहि अपशकुन-
मानतउ म राजायइ महात्मा ऊभउ राखिउ । संघात हूतउ ।
चूकविउ । वार घड़ी ताई सतापी पछइ दया परिणमि ऊपनइ -
राजायइ महात्मा पूछिउ । किहा हुता आव्या । किहां जासि ।
तिवारइ मुनि कहइ । हउ रोहीतक नगर हूतउ आविउ ।
इम वात करतां राजा राणी ए दुस्वप्न परिइं कोप मूंकिउं ।
तै वार इम महात्मायइ जीव दया मूल धर्म्म उपदेसिउ ।
अनइ राजा राणी ए भावना सहित सद्दहियु । पछइ ते महात्मा तइ
भात पाणी यइ करी सम्पूर्ण भक्ति कीधी । पच्छइ महात्मायइ यज्ञ-ज्ञान
रूप धर्म्म उषध कर्म रोगनी चकिशा भणी आपिउ ।

पछइ महात्मा अष्टापदि पहूतउ । हिवर्ते बिन्हइ यतीना ससर्ग्य लगइ - श्रावकउ धर्म्म पालिवा लागा जिमराक । द्रव्यनइ पालइ । अन्यदा वीरमतीनइ जिन धर्मनी गाढी स्थिरता करिवा भणी शासनना देवताइं अष्टापद तीर्थ देखाडिउं । तिसइ तिहां अष्टापद ऊपरि वीरमतीयइं शाश्वती प्रतिमायइ जे देवतां पूजइ छइं । ते देखी परमानद धरती चउवीसइ-जिननी प्रतिमा नमस्करी ।

उदाहरण-

नलदवदती बाहरि नीकली कहइं । तिम केही दिशि जाईस्यइं । तिवारइ दवदती कहइ । स्वामिन कुडिनपुरि जाइयइ । जिहां माहारउ पिता छइ । तिवारइ नल कुडनपुर भणी रथ खेडिउ । पछइ मार्ग्य उल्लघता महा अटवी माहि रथ पडिउ । तिसइ गाम भील आव्या । एहइ नल रथ हूतउ उतरी खड्ग लेई । सामुहइ धावा लागउ । ते नलइ दवदती कहइ । हे नाथ पाली भणी ताहरउ सिउ आक्षेप । इम कहइ दवदती हूकारा मूकइ । जे जे हूकारा सुणी ते ते आवत थाइ भुइ पडइ । पछइ भीले पलायन कीधा । हिव जे रथ अलगउ मूकउ हूतउ । तिणि करि बीजे लीधउ । पछइ नल दवदती पालो पालिवा लागा । इम चालतां मार्गि जाता थका किहांइ एक वृक्ष तलइ जई बइठा । तिहां नल केलिनइ पत्रिइ करी दवदती नइ वाय घातिवा लागउ । दवदती पणि नलना पग चापइ छइ । एक वई दवदती त्रिषाक्रांत हुई । तिसइ तले कमलनइ पत्रेकरी जल आणी पायउ । सुस्ती कीधी तिवाइ दवदती पूछई । अजी अटवी के एक थाकइ । नल कहइ । सउ जोयण माहि । अजी पाचइ जि जोयण आव्या छां । इम वात करतां सूर आथमिउ । पछइ अशोक वृक्षना पल्लव लेइ साथरउ कीधउ । तिहां दवदती सूती । एहनउ गाइनइ शब्द सामली । वसतउ जाणी । नलि कहिउ हउ पाहर छउ । तू सुखि निद्रा करि । पाछइ दवदती नइ निद्रा आवी । एहवइ नल चीतवइ ।

अन्तिम भाग-

। ऐ असार ससार माहि चरित्र इति सार । तेह भणी हिवरू दीक्षा लइ ।

पछइ नल राजा पुष्कल पुत्रनइ आपणपउ राज देई दवदती सही दीक्षा लीधी। तिहाँ सतर भेदे सयमे पालतउ पृथ्वी माहि विहार करवा लागउ। पणि नल मुनि कोमलपणा लगइ चारित्रु पालतउं दीलउ हूअउ। एहवइ निषेध देवि आवी द्रढि कीधउ। तउ ही नल मुनि दवदती नइं विषइं कामातुर हूअउं। चली पिता पइ आवी प्रति बोधउ। पछइ अणसण सहित नल मरी कुवेर थाहिइ नमिइ उत्तर दिसिकउ अधिपति हूअउ अनइ दवदती तेहनी देवी हुई। इम दवदती नइ परिइ ओर नर लोके सील पालिवउ॥ ६॥

पुष्पिका

"इति श्री दवदती कथा समाप्त" गच्छहडा गच्छे भट्टा० श्री ४ दयालसुंदर सूरि पटे श्री ४ भावसुंदर सूरि। पटे श्री आचार्य श्री ४ श्री कर्मसागर सूरि। वा० श्री वीरसुंदर। ग० देववर्द्धन लिखापित। आत्मवाचनार्थं॥"

[माणिक्य ग्रन्थ भण्डार, भींडर]

(२५) **द्रौपदी चौपई** । रचयिता -सावतराम। आकार-६.४" × ४.२"। इस ग्रन्थ में १० पत्र हैं। प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियें और प्रति पंक्ति पर ३२ से ३७ अक्षर हैं। कुल ग्रन्थ में ५१ दोहे, १४ ढाल और १६२ पद हैं। संवत् १८६३ कार्तिक कृष्ण सप्तमी को सांवतराम ने सवाईजयनगर (जयपुर) में रचना की। इसकी भाषा राजस्थानी है। विषयः द्रौपदी के जीवन की घटनाओं को जैन दृष्टिकोण से देखने का प्रयत्न किया गया है।

आदि भाग-

दोहा

शील बड़ो ससार में, मत्रा में नवकार॥
दानां माहि वडो अनै करदे पैवो पार॥ १॥
ग्यान में केवल बड़ो, रिष में गौतम जेम॥
सतीया माहि शिरोमणी जोंउ पचाली जेम॥ २॥
परवश पडिया द्रोपदी, पद्मोतर के पाश॥
शील साध तो राखीयो, सफल फली तशु आश॥ ३॥

ढाल

भर्त खेत्र माहे भलो, किंपिल्लपुर नयर रसालो ऐ॥
राज करे रलीयामणो, द्रुपद नाम भूपालो ऐ॥ १॥

किते नैन के रोग हैं, बरनो तिन्हे बनाय ।
ज्यों निदान लछिन सहित ॥ ११ ॥
विनती करि कृपाल तब, जब प्रभु आग्या कीन ।
आचारिज मिलि देषि कें, करियो ग्रथ नवीन ॥ १२ ॥
प्रिथीराज चहुवान पें, रिषीकेश दुज नांम ।
लाए रावल समरसी, दीनो मोही गांव ॥ १३ ॥
वैद्य भले तिहि कुल भए, उदयसिंह महारान ।
उदक गांव धो पीपरी, षेम द्विजन कू दान ॥ १४ ॥
उही वश प्रगटे सुमति, रूपदत्त परवीन ।
महानद दूजे कहू, तिनि मिली समत कीन ॥ १५ ॥
प्रभु आयस ते ग्रन्थ जिन, विविध सुनाऐ आनि ।
नेम तस कृपालां कवि, भाषा करी वषांनि ॥ १६ ॥
सुश्रुत चरक , ।
. रच्यो कवि, कृपाराम निरधार ॥ १७ ॥
सव तसे, वरस पन्चासी जानि * ।
माह मास सित पॅचमी च गुर मांनि ॥ १८ ॥

अतिम भाग–

छप्पय

कवित करे अरु चित्र, वैद्य अक्षर लिपि जानै ।
जाकी सूरति कहो, काट में ताकी आनैं ॥
बिना प्रान की सेन, बनायर वहे लहरावै ।
बात अपूरब कहै, सुनत भूपन मन भावै ॥
मो कृपाराम दुज नाम है, जामे केउ गुन लसै ।
सग्रामसिंघ महारान ढिग, नगर उदैपुर में बसै ॥

[श्री स्वरूपलाल, जगदीश चौक, उदयपुर]

(७८) **नरसी महता को माहेरो** । रचयिता-रतनोपाती । यह ग्रन्थ भी १३७ संतो के सग्रह मे है । इसमें कुल ६५ पत्र हैं । प्रत्येक पृष्ठ में ११

---

* १७८५, क्योंकि म०रा० सग्रामसिंह (दूसरे) का समय स० १७६७–९० है ।

क्तियाँ और प्रत्येक पंक्ति में ३१ अक्षर हैं। इसके अंतिम भाग से ज्ञात होता है कि
वेक्रम संवत् १६१६, और शालिवाहन संवत १४८१ में इसकी रचना
ई और बाद में रामरतन-शिवकरण ने शोधकर शुद्ध किया। सारा ग्रंथ दस
काशों में विभाजित किया गया है जिनमें ४० प्रकार के छंद रागादि हैं। कुल
ंख्या लगभग ६०० है। ग्रन्थ का पूरा नाम 'भक्त वत्सल त्रिरदराग कोतूहल नरसी
हता को माहेरो है।

प्रादि भाग–

श्री श्री सद गुरु प्रणम्य, द्वितीय बदु सब साध।
तृतीय बदु परि ब्रह्म को, धो वांणी विमल अगाध ॥ १ ॥
भक्त गत भगवत गत, यो पे लखी न जाय।
श्री गुरु देव दया करो, दीजे भेद बताय ॥ २ ॥

सोरठा

विघन हरण गन राज, देह सदा सारद सुमति।
कीजिये मंगल राज, कंठ कमल वांणी विमल ॥ ३ ॥

चौपाई

श्री गुरु चरण क्वल चित राखू। भक्ति प्रभाव विडद जस माखू।
बद मक्त भक्त बुधि पाऊं। नरसी को इतिहास सुनाऊँ ॥ ४ ॥
गूजरात जूनैगढ माहीं। जक्त छाड कर भक्त के मांहीं।
नागर कुल बडनगरा केंही। पूर्व जनम की भक्ति लेही ॥ ५ ॥
तृतीय जनम की कथा सुनाऊँ। थोडे में बहुती समझाऊ।
पूरब जनम हू तो नृप भारी। सुभद्र नाम सतवती नारी ॥ ६ ॥
सदा वरत पचिन कों दीन्हौ। पग मिल घात रिषी को कीन्हौं।
पुन्य करत लागो तिन पापू। त्रिप्र दुषित हुय दयो सरापू ॥ ७ ॥
सो वह कथा यहाँ नहीं आनी। मीरा मिथुला बहुत बखानी।
कछु एक तात पिरज चुन लेहू। लघु सक्षेप यहाँ लिख देहू ॥ ८ ॥
यहाँ शिवकरण कहत कछु छांई। ग्रंथ बदे बांचे कोउ नाहीं।
यह सुन गैस करो मति कोई। इतनो ही पढें सुनें धन सोई ॥ ९ ॥

दोहा

नृप सुभद्र कों श्राप अति, दियो विप्र कोउ काल।
गयो महारण के विषे, भयो सिंघ विकाल ॥ १० ॥

चौपाई

नारी सहित सिंह तन धारे। बन के जतु सकल चुन मारे।
रये न षग मृग सकल सघारे। धावा वढ़त दूरलौं पारे ॥ ११ ॥
हनें पथिक गौ ग्वाल समेता। चलत न पथ होत भयभेता।
द्वारावती जात मग माँही। सुनते श्राक सब लोग परांही ॥ १२ ॥

अन्तिम भाग–

सौला से सोलोतड़ो, विक्रम सवत जान।
चवदासैं इकियासियो, शाके शालीवहान ॥ ६ ॥
भक्तां के हित कारणैं, जद हरि बांध्यो मोड़।
माहेरामें रूपीया, लागा नहि करोड़ ॥ १० ॥
जो गावे सीखे सुणें, वैकुंठा को बास।
हरि नामे रतनो बसैं, हरी भक्तन को दास ॥ ११ ॥
लिखे पढे गावे सुणैं, कहे करावे कोय।
खाती रतनो यू भणे, गऊ सहस फल होय ॥ १२ ॥
माहेरो नरसी तणो, करे ज्ञान अरु मान।
ज्ञान बढै गुण उपजे, गगा तणा सनान ॥ १३ ॥
महिमां माहेरा तणी, षाती कही बणाय।
महज मुक्ति फल पावे सही, जन जमपुर नहिं जाय ॥ १४ ॥
भक्ति उपजै भय मिटै, श्रस स्वास ससी काज (?)।
नुपता सकल निरजसी, सांवल सा महाराज ॥ १५ ॥
सुखसारण कपा करी, सत गुरु दई सुबुद्ध।
रामरतन शिवकरण यह, सोध करयो अति सुद्ध ॥ १६ ॥

[रामद्वारा धोली वावडी, उदयपुर]

(२६) **नल दवदंती आख्यान** । रचयिता–वैरागी नारायण । आकार–१०'१" × ४ १" । पत्र-सख्या–७ । पद्य-सख्या–३१५ । रचनाकाल–१६८२ पोष सुदी एकादशी ।

आदि भाग-

दुहा

परम पुरुष धरि ध्याईइ, वंछित सुखदातार ।
सिद्धारथ कुलि चद सम, त्रिसला मात मल्हार ॥ १ ॥
प्रातु समय निति तेहनु, धरता निर्मल ध्यान ।
दुख नावइ सुपना तरिइ, वाधइ महिमावान ॥ २ ॥
त्रिभुवण मडण तिलउ, चरम जिणेसर सामि ।
वेद मुनि प्रभुता हरइ, लहीइ बुधि नामि ॥ ३ ॥
तू ठ्कुर समरथ धणी, सेव्यु देव दयाल ।
चरित्र रचु रत्नीश्रामणु, देज्यो वरन रसाल ॥ ४ ॥
नल दवदती नु हवई, सुणज्यो सहु आख्यान ।
सती तणां गुण गावतां, दूरि टलइ अज्ञान ॥ ५ ॥

अन्तिम भाग-

जीवहणी जेह धर्म रूपसिइ, तेह अनारि जि जांणि ।
आश्रय छडीनइ सजम पालीइ, ए जिन परवणी आंणि ॥३१०॥
रूप ऋषि जीव ऋषि कुअरजी गणि, श्री मल्लजी मुनिराय ।
तारण तरण आचारजि रत्नसर, वदीय तेहना पाय ॥३११॥
रास रचिउ रत्नीश्रामणउ रगसु, आंणीय हरष अपार ।
भणइ गुणइ जे सांमलइ भाव सु, तेहनइ जय जयकार ॥३१२॥

कलस

सवत सोल बिहासी वरषे, पोष सुदी एकादशी ।
गुरूवार कृतिका तणइ योगिइ, कीधऊ दिम उल्हसीं ॥३१३॥
श्री रत्नसीह गणि गच्छ नायक, नेमि जिम सम स्वांमिए ।
तास प्रसादिइ रास रचीउ, खेडावारे ग्रामिए ॥३१४॥
देव जिनवर साधु सहिगुरू, दया धरम आराधिइ ।
वैरागी नारायण जपइ, मुगित मारग साधिइ ॥३१५॥

[माणिक्य ग्रन्थ भण्डार, भींडर]

(३०) **नसीतनामो** । रचयिता-अज्ञात । आकार-६″×४′८″ । पत्र-संयख्श ७ । रचना गद्य में है । प्रति पृष्ठ पर १० पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति मे १४-१५ अक्षर हैं । लिपिकाल-संवत १६०१ । लिपिकार-गोपालजी ।

आदि भाग-

दुपाजी पुछे। मुला कहै। श्री दली मीतर की बांणी। नीसाणि। पुछ्यो-बसत केसी प्रमांणीय। कह्यो-देतां कुसाली रहे। पुछ्यो-कोन बाजा सु जीव पोषीय। कह्यो-धरम सु। बुध का विचार सु। पुछ्यो-कोन बात जाकु लोग ढुडे। कह्यो-तीन बात सु। पहले तो देह नरोगी। पछे कुसली रहे तीजी मत्र हेत कारी। कह्यो-मलाई तो करनी। बुराई सु दूर रहणा। पुछ्यो-गुण करता श्रोगुण होई सो कोन। कह्यो-दे' न पाछो मागता। पुछ्यो-कोन बात सु दूल कु बधावे। कह्यो-धरम सु सांच सु॥

अंतिम भाग-

मजमान आगे अपने घर की हकीकत ना कीजे। और लड़ाई अपने घर पै नां लीजे। असो-काम कीजै सु अपने घर म्हां कुसाली रहै। जो काम करो जो पचा प्रमाणो पूछ के कीजै। सब की ईजत राखी जै। तब अपनी ईजत रहै। राजा की महरबानी ऊपर गुमान लाईजे नहीं। पराये घर भोजन वना आदर कीजे नहीं। भूखा कु अवस दीजै। घर को दुख का सु कहणों नहीं। क्यू। बदतो हुव तो लोग लागु। घट तो हुव तो मरम जावै। मरदु का देवाला मुवा नीसरता है। यो नसीतनामो सत समजसी ज्यो सुख पावमी सही॥

[कविराव मोहनसिंह, उदयपुर]

(३१) **नासकेत की कथा**। रचयिता- अर्जुन नागा। यह भी १३७ सतो के संग्रह वाले गुटके से लिया गया है। इसमें कुल १२५ पत्र हैं। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पक्तियां और प्रति पंक्ति में ३७ अक्षर हैं। रचयिता ने इस ग्रन्थ मे 'नासिकेतोपाख्यान' का २०६२ दोहा--चौपाइयों मे भाषानुवाद किया है। संवत १७५१ पोष ८ गुरुवार को इसकी रचना आरम्भ की और सवत १७५१ फाल्गुन की प्रथम पचमी शुक्रवार को यह ग्रन्थ समाप्त किया।

आदि भाग-

दोहा

गुर गोविंद प्रणाम कर, नारद सारद सेस।
शिव सनकादिक वद कै, करू ग्रन्थ मति जेस॥ १॥
जथा शक्ति वरनन करू, धरमाधरम विचार।
सरधा स मव सिख सुनै, तरै सिन्धुमव पार॥ २॥
हरिदासन के निमित कर, कह्यो माप भगवान।
जो गा रू हिरदै धरै, होय निरजन ज्ञान॥ ३॥

सत्रहसैइक्याव्ने, पोष अष्टमी जान ।
सुरगुरवार विचार कैं, आरम्भ कर दिन मान ॥ ४ ॥

[बड़ा रामद्वारा, उदयपुर]

(३२) **नासकेत पुराण** । भाषाकार-नंददास । आकार-३·२" × २·५"। पत्र-संख्या-६४ । प्रत्येक पृष्ठ पर ६ पंक्तियां और प्रति पंक्ति में २४ अक्षर हैं । इसको मोहनदास ने सवत् १६२० आश्विन कृष्ण ११ सोमवार को लिपिबद्ध किया ।

आदि भाग-

आदि सस्कृति महाभाषा करि विस्तारी छै । नासकेत पुराण भाषा करि वारतीक । नंददास जो आपण सिषनै के हेतु है । सो या कथा कैसी है । सहश्र पाप कटतु है और देही बहोत पवित्र होतु है । या कथा सस्कृत पुराण वैस्यंपायन रिषि । राजा पीक्षत को पुत्र । राज जनमैजै कों कथा कहीतु है । राजा जनमैजै या कथा सुणी । परम गति कों पाया है ।

अन्तिम भाग-

राजा जनमैजै विवाण चढि करि । परम पद कों पाय वैकुंठ को प्रापति भयो है। वैस्यपायन रिषि आपणे आश्रम आयो है । ये कथा आदि है । स्वामी नंददास । आपण मित्र ने भाषा करि सुणाई छै । सो यह कथा महा अमृत है ।

[प्रयागदासजी का स्थल, उदयपुर]

(३३) **नासकेत भाषा** । रचयिता-चरनदास । आकार-१५" × ६" । पत्र-संख्या-७४ । इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १६ पंक्तिया और प्रति पंक्ति में १८ अक्षर हैं । इसको मेवाड़ निवासी दाधीच ब्राह्मण सीताराम के पुत्र सुखदेव ने कार्तिक सुद २ संवत् १६३५ में कपासन मे लिपिबद्ध किया—

आदि भाग-

दुहा

जै जै श्री व्यासजी, जै जै गुरु सुख देव ।
तुहन कृपा सूं कहत हूं, नासकेत को भेव ॥ १ ॥

अन्तिम भाग-

दुहा

नासकेत ऐसी कथा, जैसा धरम जिहाज ।
जनमेजय तापै चढा, कष्ट गये सब भाज ॥

षेवटिया जहां व्यास से, वचन बाद ही वान ।
जगत सिंधु सम जानिये, धर्म जिहाज पिछान ॥

× × ×

बाण अनिमिख अरू नद महि, विक्रम सवत मान ।
कार्तिक सुद दुतिया रवी, ग्रथ सपूरन जांन ।
पुस्तक प्यारा प्रान सु, और हिया का हार ।
रहो जहीं लग राखियो, पुस्तक ही सो प्यार ॥

[अन्ताणी संग्रह, उदयपुर]

(३४) **नासकेत भाषा** । रचियता–दयाल । इस ग्रन्थ की दो प्रतियां हैं। दोनों ही सचित्र हैं। चित्र मुगल शैली के हैं। एक प्रति में पूरे पृष्ठ पर चित्र है और दूसरी ओर मूल पाठ है। दूसरी प्रति में दोनों पृष्ठों पर छोटे तथा बड़े चित्र हैं जो वीच वीच में चित्रित हैं। प्रत्येक पत्र चित्र पर लिखित प्रसंगानुसार खिंचे हुए हैं। ये चित्र कई रंगों के हैं। हम यहां दूसरी प्रति का ही विवरण देंगे, क्योंकि कथा में कोई अंतर नहीं है और दोनों का रचियता एक ही है।

आकार–१६" × ११'५"। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर बीच बीच में चित्र आ जाने के कारण कहीं ६ कहीं २० और कहीं २२ पंक्तियां है और प्रति पक्ति में इसी कारण ४६, ४८ और ५० अक्षर हैं। पूरे ग्रन्थ में ७७८ चौपाई ४ कवित्त (श्लोक१००७ ?) हैं। संवत् १७२४ फालगुन शुक्ल पक्ष में इस ग्रन्थ की रचना समाप्त हुई।

आदि भाग–

दोहा

श्री गुरु श्री हरि सत सव, रुषिजन नाऊँसीस ।
गिरजा जनपति सारदा, ऐ विद्या के ईस ॥ १ ॥
वाल जनन मे वीनती, कवि गुरु वदू पाय ।
सस्कृत भाषा करूँ, हे प्रभु करो सहाय ॥ २ ॥

चौपई

राजा जनमेजे वरू मागी, पुन्य समही पाप को त्यागी ।
गगा तट जगि आश्रम कीयो, द्वादस बरस नेम व्रत लीयो ॥ ३ ॥

तहाँ जुरे हैं रिष समाजा, पद बदे जनमेजे राजा ।
वैसंपाइन मुनी समाजा, व्यास सिप्य परिपूरण काजा ॥ ४ ॥

अन्तिम भाग-

दोहा

ससकृत श्लोक हैं, सुगम सुभापा कीन ।
जगनाथ आग्या दई, दयाल सीस धर लीन ॥ १२५ ॥
धरि विधि अच्चर मातरा, आराथऊ सुधि (न) होइ ।
वाल बुधि मम जांनि सव, छिमा करो मुनि सोइ ॥ १२६ ॥
सितर सात'रू सात सै, दोहा चौपई जांनि ।
च्यारि कवित्त पुन और मनि, नासकेत आख्यान ॥ १२७ ॥
श्लोक बीसा गन करे, सख्या एक हजार ।
पुनि सात ऊपर जानिए, नासकेत विसतार ॥ १२८ ॥
सवत सत्रा से गए, ऊपरि पुनि चौबीस ।
फागण सुद तिथि सुक्ल पच्च, पूरण ग्रन्थ सुदीस ॥ १२६ ॥
सत गुर सतन की क्रिपा, भाण्य ऊन उपदेस ।
जो श्रवणि नीकै करै, ताकै मिटै सदेस ॥ १३० ॥
बकता मन दिढ राखि करि, बकै ग्रन्थ के बैन ।
श्रोता सुनि निश्चै करै, तव ही तिनकू चैन ॥ १३१ ॥

[वडा रामद्वारा, उदयपुर]

(३५) **निसांणी आगम री ।** रचियता-पं० जगन्नाथ । यह रचना एक ८" × ५" आकार वाले ६ रचनाओं के संग्रह में है । इसमें २ पत्र हैं । प्रत्येक पत्र पर १४ पक्तियाँ और प्रति पक्ति में २५-२६ अच्चर हैं । पद्य-संख्या २६ हैं ।

आदि भाग-

आघा तीज अठागू ऐ, आगम पाचा दीह ।
पाजूरा पुरमाण अ्, गू ही ज वीली जीह ॥ १ ॥
सुहिणां में सुणिया सबद, मोहि पिउ कियो मन्न ।
जांणु घर उजड हूसी, वसती हूसी वन्न ॥ २ ॥

पुलसी कोधर पष में, कोइक खंडसी काल ।
उलटि चलेसी आदमी, बांधे तकिया बाल ।। ३ ।।
कहतां समो करवरो, ऽवैकारा रो बींद ।
मान नीरदां बूदिसी, गढ मोलिसी गइ द ।। ४ ।।

अन्तिम भाग

तुरकां कध मडोवरो, दाण वनिक दातौऽ ।
जेतीधर ऊअरां, तेतीं सुहाणां तौऽ ।। २३ ।।
एती आण वरतावसी, राठो वध राणैंऽ ।
को भणियो को सावणी, को आगम जाणैंऽ ।। २४ ।।
आंकां उछल पाछल का, आई ढुकियां ठाणैंऽ ।
एवायक उला नहीं, पेला ऊहमाणैंऽ ।। २५ ।।
खेला पाछू कहै जी, हवोली ठाणैं ।
होसी हो ठाकुरे दिल्ली हिंदू आणैंऽऽ ।। २६ ।।

[अन्ताणी संग्रह, उदयपुर]

(३६) **नेमिनाथ रास** । रचयिता–पुण्यरतन । आकार–६´४″ × ४´२″ । पत्र-संख्या ५ । प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २८ । ३४ अक्षर हैं । इसमें लिपि प्राचीन पाटी की होने से मात्राएँ पीछे की ओर लगीं हैं । पद्य-संख्या १६५ ।

आदि भाग–

सारद पाय पणमी करी, नेमि तणा गुण होइ धरेविं कि ।
रास भणू रूलीयामणउ, गुण गिरू आगा इसू सषेवकि ।
हु बलिहारी यादवा ।। १ ।। द्रुपद (ध्रूपद) ।
एक सर उरध पाछु वालिकि, मइ अपराध न को कीउ ।
कांइ ठोडइ नव योव्रन बालिकि, राजलि प्रीऊ प्रति इम भणाइ ।। २ ।।
सोरीपुर सोहामणउ, राजा समुद्र विजय तु ठामकि ।
शिवादिवि राणी तस तण, अणुपम रूपि ंभ समाण कि ।। ३ ।।

अन्तिम भाग–

चुपन दिवस नि अतरि, आश्विनि तणी अमावसि जाणकि ।
रैवत सिपर व्रर पापनी, जिनवर पाम्यु केवल न्यांनकि ।। ६२ ।।

संपि म पाली सातसि, सहस वर सतुपुरी आउ कि ।
असाढि सुदि अष्टमी, मुगति पहुता यादव राइ कि ॥ ६३ ॥
प्रहि उठी नित प्रणमीइ, श्रीयादव मडण गिरिनारि कि ।
मन वाछित फल ते लहि, हरखि जे गाई नर नारि कि ॥ ६४ ॥
समुद्र विजय तनु गुण निल, सेव करइ जसु सुर वृ दकि ।
पुन्य रतन मुनि इय मणि, श्री सघ सु प्रसन्ता नमि जिणद कि ॥ ६५ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(३७) पद्मावती नी वार्त्ता । रचयिता-सामलदास । आकार ७" × ५'५" पत्र-संख्या ८६ ।

प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तिया और प्रति पंक्ति में १२-१३ अक्षर अधिक जमे हुऐ और साफ नहीं है पर पढे जा सकते हैं । ६५८ पद्यों की यह वार्ता त्रिभुवन त्रिवाड़ी द्वारा संवत् १६१८ बेसाख विद ३० बुधवार को लिपिबद्ध की गई । इसकी भाषा वागड़ी है, जो दक्षिणी मेवाडी का एक अंग है । इसमें चंपावती नगरी के राज कुमार पुष्पसेन्य तथा कुन्तलपुर की राजकुमारी पद्मावती के प्रेम और विवाह का वर्णन है । रचना सरल, सरस और सुन्दर है ।

आदि भाग–

दोहरो

परधम समरू ं सारदा, आपो एक पसाअ ।
वरदो मुज वर दाअनी, सुम मती आओ माय ॥ १ ॥

\+ + +

कल्प वृक्ष कवि राजवी, पूरो मननी आस ।
वहुकर जोडी वरणये, कहे कवि सांमलदास ॥ ४ ॥

\+ + +

आख्यान कहूँ पद्मावती, सती सिरोमणी जेह ।
पुप्प सेन्य राजा ने वरी, वरणव करुहु तेह ॥ ६ ॥

\+ + +

चतुर नगर चपावती, (तिनो) चपक सेन्य राजन ।
(तेने) पटराणी पुप्पावती,(तिनी) पुप्पसेन्य ऐक तन ॥ ८ ॥

अन्तिम भाग–

दोहरो

सोमल मरे रो वरणवु , पुष्प सैन्य आख्यान ।
गाय् सीखे ने सांमले, तीने गगातु स्नान ॥ १ ॥
सतवादी जेराय ने, गाय सुणे नहीं माय ।
वी जोग मोगे तेहना, यासा पूरण थाय ॥ २ ॥
राजो राणी जम मला, पोती मननी हांम ।
जो कोई सीखे सांमले, (तिलु) अंबा पूरे कांम ॥ ३ ॥
सेवक छे अबा तणो, सौ कविउ केरो दास ।
भ्रामण चारण भाट ने, नसी करू पुरो अभ्यास ॥ ४ ॥
खोटमदे सोजन क्वी, सौ कोनो हु रांक ।
जांणे अंजाणे जे करू, क्षमा करो मुझ वांक ॥ ५ ॥
क्वीरी कई ई वारता, कान्य सुण जो सोय ।
श्रोतां जन सौ सांमलो, श्री हरी को सौ कोय ॥ ॥६ ॥

[कविराव मोहनसिंह, उदयपुर]

(३८) **परदेसी राजा री चोपाई** । रचयिता–अज्ञात । पत्र–संख्या ३१ । प्रत्येक पृष्ठ पर १२ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति २६-३३ अक्षर हैं । पद्य–सख्या ४५६ । लिपिकाल–संवत् १६३१ मिति आषाढ विद् १२ ।

आदि भाग–

संघ प्रदेसीरायनी, राय प्रसेणी माहि !
तिण अणुसारै हु कहु, सांमल ज्यो चित नाहि ॥ १ ॥
आमल कप्पा नगरी, (तिहाँ) अव साल ना राग ।
तिहाँ श्री वीर समोसरया, भव जीरा रै माग ॥ २ ॥
खबर हुई नगरी मझे, लोग वांदण जाय ।
सेनराय जीपी आवीयो, सेव करे चित लाय ॥ ३ ॥
च्यार जात रा देवता, आया वंदण नै काज ।
ल ल नै लटका करै, धन दीहाडा आज ॥ ४ ॥

अन्तिम भाग-

परदेसी ना सीध कही रे, भगत भाव विचारी रे ।
जो कोई साधु पढे तिणकुं, वनणा हमारी रे ॥ १४ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(३६) **पांडव यशेन्दु चन्द्रिका** । रचयिता-स्वरूपदास । आकार-८'५"×१०'६" । पत्र-संख्या-१६३ । प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियाँ और प्रत्येक पंक्ति में २०-२१ अक्षर हैं । पद्य-संख्या ११६७ (१६ मयूख) लिपिकाल-संवत्-१६१७ कार्तिक कृष्णा ३ गुरुवार । लिपिकार-वैष्णव नरसिंघदास ।

आदि भाग-

अथ रसालकृत बोधिनी पाडव यशेन्दु चंद्रिका
दुहा

ध्यान कीर्तन वदना, त्रिविध मगलाचर्न ।
प्रथम अनुष्टप वीच सोइ, भये त्रिधा सुध कर्ण ॥ १ ॥
नमो अनन्त ब्रह्माण्ड के, सुर-भूप नकेभूप ।
पांडव-यशेन्दु-चन्द्रिका, वरनत दास सरूप ॥ २ ॥
स्वामी के पीछै रहै, आदि होय उच्चार ।
नर नारायन सब्द कु, दास स्वरूप विचार ॥ ३ ॥

अन्तिम भाग-

तति कीनी ह्येये चन्द्रिका, मेरी मति अनुमान ।
मक्त सग अरु मक्ति कों, देहु कृपानिधि दान ॥ ५५ ॥
पगुल गूगो रोग जुत, बनि कछु धातुर जीव ।
मय श्रुत वालक त्रिया अलप (?), सुनत अनाथ सदीव ॥ ५६ ॥

कवित्त

ज्ञान ओ विराग दोउ पांन विनाहू पगू,
मक्ति रस न तिहिन गूग हूँ निहारोगे ।
त्रिधा ताप रोगी कर्म वानी-जव निकट्ट मैं,
भूखो दस धाको केउ जन्म को विचारोगे ॥
काल मित वाल वुधि आतमा है अवलाओ,

अध तत्व अजन हूँ विनाहू नेक धारोगे ।
एक अग के अनाथ ताकि विषे सूने हाथ,
आदि अंत में अनाथ नाथ का विसारोगे ॥ ५७ ॥

छप्पय

पगु कुबज्या सपाति, गू ग ज मला अर्जुन गावत ।
रोगी माधवदास, वनिक, तरि लोचन धावत ॥
छुधित सुदामा विप्र, नित जुत व्रज की भामिनि ।
बालक ध्रुव प्रहलाद, अबल द्रुपदादिक कामिनि ॥
है अध सूरलौं हम सुने, हाथ विकें तिन्ह के हरि ।
॥ ५८ ॥

दूहा

रस'रू अलकृत ग्रथ में, लिखे नाहि इहभाय ।
समझहि बुधि जिन बितु लिखे, अबध लिखें न लखाय ॥ ५९ ॥
पिंगल डिंगल ससकृत, सब समझन के काज ।
मिश्रत सी भाषा धरी, छिमा करिहु कविराज ॥ ६० ॥

सोरठो

नृप रस को वलुतीक, भूषित बुनि अधिक भये ।
दूपन खर नजदीक, मारवाह मेटहि कि मा (?) ॥ ६१ ॥

इसका पाठ वहुत अशुद्ध है ।

[कविराव मोहनसिंह, उदयपुर]

(४०) **फूलजी फूलमती री वार्ता** । रचयिता–मछापुरी, जोधपुरी ।

आकार–११" × ६" । पत्र-सख्या २३ । इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पक्तियाँ और प्रति पंक्ति मे २४ अक्षर है । सवत् १८५२ चेत्र शुक्ल ६, रविवार को इसकी रचना हुई । इसमे उदयपुर राज्यान्तर्गत भटेसरी के लक्षपति सेठ गंगाराम की बेटी फूलमती की सगाई, उदयपुर में सामजीराम के बेटे मोहन से होती है। पर फूलमती एक अन्य व्यक्ति फूलजी से प्रेम करने लगती है। इन्हीं दोनों की प्रेम कहानी मारवाडी भाषा मे वार्ता के रूप मे दी गई है । पद्य इसमें केवल २३ ही है, परन्तु मारी प्रति कई रगो के चित्रों से सचित्र है ।

आदि भाग-

दुहा

समरू देवी सारदा, गवरी पुत्र गनेश ।
निमस्कार शिव कु करूँ, ब्रह्मा विसणु महेस ॥ १ ॥

वारता

श्री ऊदेपुर में सीसोदीयो राणों राजसींघजी राज करै छे । वड़ो जोरावर छै । राजसींग री वार में भदेसरी नगर सेठ गंगाराम रहे छै । वड़ो दोलतवत सखेश्वरी धरमानमा छै । तिणरे वेटी फूलमती मोटी हुई । तिणरी सगाई सांमजीराम रा वेटा मोच सु कीवी छै । सेहर उदेपुर माही ज कीधी । ओ पण रूप रो निधान छै ।

अन्तिम भाग-

वारता

पाटवी कुवर उदेसींघ ने परा मराया । तरे ए समाचार फुलजी सुणीया सो घणो फीक्र कीनो । पछे राणांजी ने मुजरो करण गया । मुजरो कीधो । राणेजी लाष दोय रो पटो दीनो । ने धीरप देने ऊदेपुर राखीया । फुलजी फुलमती जीवीया । जठा ताई घणो सनेह राखीयो ।

दुहा

अरज हमारी मानने, वात करी विग्यात ।
आग्या सु कीनी कथा, माता तेरे दास ॥ २२ ॥
मह्मापूरी मातजी, बगे जोधपुर वास ।
जिहा शकर के सीस पर, सदा रहत हे चांद ॥ २३ ॥

[अन्ताणी सग्रह, उदयपुर]

(४१) **बुढला री ढालाॅ** । रचयिता-मोतीचंद 'चंद' । आकार-१०" × ४'६" । पत्र-सख्या ७ । सर्व ढाल २२ । रचना काल-१८३६ । विषय-एक धनलोलुप पिता अपनी पुत्री को किसी बूढ़े के साथ व्याह देता है, उसकी करुण कहानी । भाषा-मारवाड़ी ।

आदि भाग-

दुहा

दया 'ज माता वीनवू, गणधर लागू पाय ।
वर्द्धमान चोवसमा, वादू सीस नमाय ॥ १ ॥
कन्या ने जमी तणो, पइसो न लीजै कोय ।
बूढा नै परणावतां, गुण बूढा रा जोय ॥ २ ॥

ढाल-इण पुर कवल कोइ न लेसी ॥
पर देस सुं एक सेठ 'ज आयो ॥
धन कमाय 'र बोहलो ल्यायो ॥
रुपीया नवसै आकरा लीया ॥
मटा लागिण पाछा दीया ॥
सबरे लगने साहो सुजावै ॥
घर सारू वले जान बुलावै ॥
वीन वीनरो दूज्यो भाई ॥
तीजो मोजग चोथो नाई ॥

अन्तिम भाग-

मा कहैं सुण है बेटी, मम करो याँ सू बाद ।
यां रां हुकम मे रहो, करो जीव री साद ॥ १ ॥
बालक ने परणी सू तो ले गयो काल ।
बूढा नै परणी हालरी, यो हुलराव मावार ॥ २ ॥
कहुँ मन मै धरस्यो राग ।
थारो क्यूँ ही नहीं बिगड्यो वेटी गज पतला भाग । ढाल ।
वेटी थारे माथे रो मोड़ो । तोनै इण वीन फिसड़ी ठोड़ो ॥
इण सुहाग सु हु धाई । सामायक कर स्यू सहाई ॥
मारी नव तत्व हिरदै धरस्यु । तपस्या ने पोसो करस्यु ॥
घर सारू दान हु देस्यु । मन मान्या कारज करस्यु ॥
सवत १८३६मै आणी । मगसर मास ए जाणी ॥
'चद' परतिम्व देस वखाणी । सुणो कलजुग री नीसाणी ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(४२) **बूढ़या रासो** । रचियता-मोतीचद 'चंद' । आकार-१०" × ५'५"

इसमे कुल ११ पत्र हैं। प्रत्येक पृष्ठ पर १० पंक्तियाँ और प्रति पक्ति में २१। २५ तक अक्षर हैं। लिपि जमी हुई नहीं है पर लिखावट जैन पाटी की ही है। कुल १०८ छंदों में यह ग्रंथ समाप्त हुआ है। रचियता का यह मूल ग्रन्थ ज्ञात होता है। इसका रचना काल तथा लिपिकाल संवत् १८४५ मिगसर मास है।

आदि भाग-

दूहा

जबू द्वीपना भरत मा, दुषमी पच में काल ।
धनि होई तो घर नहीं, घर हूै तो नहि नारि ॥ १ ॥
निरधन के वेटी हुई मन में हरषित थाइ ।
थाई जी मोटी हुवै, तो म्हारा घर नो दालिद जाइ ॥ २ ॥

अन्तिम भाग-

वैन कहै सुणों वाई । चिंता मन में म करो भाई ।
वाप रुपीया सू चित लाई । तो वूढा ने परणाई ॥ १ ॥
तपस्या करि लाह्वा लेस्यु । घर सरू दान ज देस्यु
समत अठारै पैंतालीसैं आणी । मृगसर मासैं ज जांणी ॥ ८ ॥
मोतीचद कहै माई । वाई थे सो धरम विना एक माई ।
मोतीचद ग्रतक मर्षाणी । या कलियुग की नीसाणी

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(४३) **भटियाणी की वार्ता** । रचियता-अज्ञात । आकार-१०¼" × ६३"

पत्र संख्या-६। इसके प्रत्येक पृष्ठ पर १७ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २३ अक्षर हैं। यह रचना गीतों में लिखित है। इसमें किसी भटियाणी का विरह वर्णन है।

आदि भाग-

मामी ने भटियाणी कागद मोकल्यारे ।
मोकमसिंघ । अेके वार उदेपुर आव ।
छोगा राजीअो । अेके वार उढेपुर आव ॥

वारी वारी कागद कही मोकलो रे ।
मामज मारेवती आयद्व न जाय ॥

अन्तिम भाग–

ज्ञान री वाता नहीं करे रे मोकल सींघ,
ममता में वीया जाया । छोगा
हाथे पले कही आवे नहीं रे मोकम सिंघ,
अणगणती राखार । छोगा
वेणी वे ज्यो होसी । मोकमसींघ,
ईश्वर धारे जो होयगा । छोगा

[अन्ताणी संग्रह]

(४४) **भावनावेलि** । रचयिता–जससोमविबुद्ध । आकार–१०.४″×४.३″ । पद्य संख्या–१०७ । पत्र-संख्या ४ । लिपिकला-संवत् १७६० मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष ७ कर्म्मवाश्री, लिखतं पलागा मध्ये ।

आदि भाग–

दूहा

पास जिणेसर पय नमी, सह गुरु तई आधार ।
भवियण जण ने हित भणी, भणस्यु भावन वार ॥ १ ॥
प्रथम अनत्व असरण पणु, एह ससार विचार ।
एक्लपण अनत्व तिम, अशचि आसव ससार ॥ २ ॥

अन्तिम भाग– (तथा रचनाकाल)

दूहा

भोजन नम गुण वरस सुचि, सत हे सरि कुजवार ।
मगते हेज भवन मणि, जेम लमेर मझार ॥ ५ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मदिर, उदयपुर]

(४५) **भुवन भानु केवली** । रचयिता–अज्ञात । लिपिकाल–संवत् १८१७ ।

[माणिक्य ग्रन्थ भण्डार, भींडर]

(४६) **मंगल कलश** । रचयिता-मेघविजय । आकार-१०″×४'२″ पत्र-संख्या ३० । पद्य-संख्या ६०८ । लिपिकाल-संवत् १८१६ ।

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(४७) **मदननरिन्द चरित** । रचयिता-दयासागर । आकार-६'४″×४'४″ । पत्र-सख्या ३७। पद्य-संख्या ५६५ । रचनाकाल-१६१६, आसोज सुदी १०, गुरुवार। इसीका दूसरा नाम 'मदनराज ऋषि नी चउपइ' है।

आदि भाग-

आदि जिणेसर अतुल बल, शातिनाथ सुखकार ।
नेमि पास प्रणमु सदा, वीर विनय भडार ॥ १ ॥
जिन वदना बुज-वासिनी, गौर वरण गुण गेह ।
ते सरसति समरू सदा, वचन रूप जसु देह ॥ २ ॥
मुझ्क तनु घर मांहिं किऊ, ज्ञान दीप जिणसार ।
ते सदगुरु नइ हु सदा, जुगतइ करूँ जुहार ॥ ३ ॥
सुकवि तणी अनुमति लही, शीलतणइ अधिकारि ।
मदन नरिंद तणु चरित इ, विरचि सुमति सार ॥ ४ ॥

अन्तिम भाग-

मदन महीपति चरित विचार । बोलिउ शील तणि अधिकारि ॥
जे नर शील सदा मनि धरइं । शिव रमणी ते निश्चइं वरइं ॥ ५६ ॥
श्री अचल गछि उदधि समांण । सघ रयण केरउ अहि ठांण ॥
उदउ तास पधारण चद ! श्री धरम मूर्ति सूरीश मुणिंद ॥ ६० ॥
अचारिज श्री गुरु कल्यांण । सागर सागर सम गुण नांण ॥
ताम पत्ति महिमा भडार । पडित भीमरतन अणगार ॥ ६१ ॥
तास विनेय विनय गुण गेह । उदय समुद्र सु गुरु स सनेह ॥
तास सीस आणदइ घणइ । श्री दयासागर वाचक इम भणइ ॥ ६२ ॥
गुरु भाई लहुडउ ऋषि देव । विनयवंत सारइ मिति सेव ॥
आदरि तेह तणइ ए पई । मदनराज ऋषिनी चउपई ॥ ६३ ॥

दूहा

मदन शतक का दूहड़ा, एकोतरमो सार ।
मदन नरिंद तणु चरित, मइ विरच्यु विरतारि ॥ ६४ ॥

सोलहसय उठाणोतरइ', पुर जालोर मझारि ।
आसो सुदि दशमि मइ' कीऊ, कथाबंध गुरुवारि ॥ ६५ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(४८) **मयणरेहा** । रचयिता-हर सेवक । आकार-१०.२"×४.५" । पत्र-संख्या-६ । पद्य-संख्या १५७ । लिपिकाल-संवत् १८७८ । विषय-जैन-जीवन चरित्र ।

आदि भाग-

जुवो मांश दारू थकी, करे वेश्या सू जोप ।
जीव हिंस्या चोरी करै, पर नारी ने दोप ॥ १ ॥

\+ + +

जबू द्वीप नै भरत खेतर में नगर सुदर्शन मारी ।
धन सम्पूरण देखत मदर रैत सुखी राजारी ॥ ५ ॥
मरणेथ राजा रै धरणी रांणी रिद्ध तणों विस्तारो ।
मनरथ राजा रे जुग बाहु माई माहो माहि छे घारो ॥ ६ ॥

अन्तिम भाग-

युग बाहू नै मयण रेहा राणी युगवल्लभ लघु माई ।
च्यारां रा तो कारिज सरीगा मणरथ दुरगति माहीं ॥ ५४ ॥
एक कुविल्ल मणरथ सेव्यो दुख पायो ससारो ।
सात कुविल्ल सेवे प्रांणी जिण रा दुख छै अपारो ॥ ५५ ॥
विसन सातमो पर नारी रो जीव घात घर हांणी ।
मणरथ राजा नारकी पोहतो कुजस बांध्यो प्रांणी ॥ ५६ ॥
विषया-रस तो विष जाण नै सद गुर सेवा कीजो ।
मणरथ राजा री वात सुणी नै पर नारी त्यागी जो ॥ ५७ ॥

(मेडता मध्यै)

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(४६) **महिपाल नरेन्द्र चरित** । रचयिता–विनयचंद । आकार–१०·२″×४·६″ । पत्र-संख्या १८७ । पद्य-संख्या ३६२७ ।

आदि भाग–

श्री नाभेय युगाजि जिन, प्रथम नरेश्वर पाय ।
प्रणमु मन वच काय सुं, संसेवित सुरसाय ॥ १ ॥
मारू देव मनमथ मथन, कथन गुणां की राशि ।
सूशमो तु थे सरस, पोहचे नाहि प्रयासि ॥ २ ॥
ऋषभदेव असरण सरण, पूरण सकल जगीस ।
केवलदरसण ज्ञानमय, तीन भुवन के ईश ॥ ३ ॥
शासन नायक सुखकरण, सुर गिरि सम प्रभू धीर ।
प्रणमू जगनायक सदा, मति दायक महावीर ॥ ४ ॥

अन्तिम भाग–

जयो जगत जीवराज गुरवर केवली धर्म प्रकासियो ।
धनराज धन सुम राय ऋषिवर स्याम आगम भासियो ॥
तास चद्र अनु प मुनिवर शिष्य विनय या भणी ।
चोपई महिपाल मुनि नी श्री सघ रग वधामणी ॥ १ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(५०) **मानतुंग मानवती रास** । रचयिता–मोहनविजय । आकार–६″×४″ । पत्र-संख्या ३६ । प्रत्येक पृष्ठ पर १४ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ३४ अक्षर हैं । लिपिकाल–सवत् १८५१ वर्षे पोष वदी ४ दिने श्री ।

आदि भाग–

ऋषभ जिणद पदांबूजे, मन मधुकर करि लीन ।
आगम गुण सौरस वर अति आदर थी लीन ॥ १ ॥
यान पात्र सम जिन वरू, तारण भवनिधि तोय ।
आप तर्यां तारे अवर, तेन प्रणमति होय ॥ २ ॥
भावे प्रणमु भारती, वरदाता सुविलास ।
बावन अक्षर थी भरयो, अखय खजानो जास ॥ ३ ॥

शुक्र करथा के गनि यकी, एहवी जेहनी शक्ति ।
किम मुक्खामें तेहनइ', पदनी कोविद गक्ति ॥ ४ ॥

अन्तिम भाग-

राज ऋद्धि गृहदास तणां सुख ते सुहिणां न निहारे हैं ।
जिम अहि कचुर्कां विरमी अलगी जिम सफरी नैन निहारे है ॥
मानतु ग जिमि ऋषि मानवती तिमि कोहादिक ने गे हे हैं ।
करे विहार जिन नल्पी भविगण ने पडि बोहे हैं ॥
अनुक्रमे सासतणी सलेखण करीने वेहू गह गहता है ।
सय रे तेतीसमे आयु समये सर्वार्थ सिद्धे पूहता हैं ॥
तिहा थी पिणतें विहूँ न चव सें महा विदेहे अवतरस्ये हैं ।
॥

प्पका-

श्रीविजयसेन सूरीय सेवक कीर्तिविज उवझाया है ।
तत्सीस सजम गुण लीला मानविजय वधुराया हैं ॥
तास सीस पडित मु गटा मणि रूप विजय कविराया हैं ।
तास चरण करूणा थी करी नें अक्षर गुण मे गाया हैं ॥
अणहिलपुर पट्टन में रहिने मानवती गु ण गाया हैं ।
दुर्गादास राठोड़ ने राज्ये आनद अधिक उपाया हैं ॥
सड़तालीस ढाले करी ने कीधीरास रसाला हो ।
मोहन विजय कहे नित होज्यो घरि घरि मगलमाला हो ॥

[माणिक्य ग्रंथ भण्डार, भींडर]

(५१) **मुनियति चरित्र कथा** । रचयिता-सांखभद्र। आकार-१०" × ४"। पत्र-संख्या २४ । प्रत्येक पृष्ठ पर १४-१५ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ३८-४० अक्षर हैं । पद्य-संख्या ५७३ । रचनाकाल-संवत १५५० वैशाख कृष्ण सप्तमी रविवार।

आदि भाग-

गागाय मग धर पाय पणमेवि नामि नवनिधि सपजइ ।
सयल सिद्धि सेवकह आपइ ॥

एक मना जे उलगि धरइ ध्यांन तस्स लचथि आपई ।

॥ १ ॥

बेकर जोड़ी वीनविउ, देठ मभ्क वाणि विशेष ।

बोलेसु राउ मुनिपति वरी, कथा बध सुविशेष ॥ २ ॥

अन्तिम भाग–

करइ सवि अति पश्चाताप । दीधू आलसहुस्यइ मुझ पाप ।

लाजिउ घणु हीया माहि तेह । मव बधन सु नहिं सदेह ॥ २ ॥

थयो वैराग सेविनइ घणु । करसु काज हवइ आपणु ।

घणउ महोच्छव तिणि कीधी । रिषि मुनिपति नइ दक्षा दीधी ॥३॥

बेहू मुनिवर करइ विहार । पालइ पच महाव्रत मार ।

धर्म-ध्यानि तपि सोसीदेह देव लोक नइ गया बेह ॥ ४ ॥

तेहनु ध्यांन हीया माहि आण । बेहुए एकावतारी जांण ।

मुगति पथि ते जाइ वही । सणउ कथा सांत्वभद्र कही ॥ ५ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(५२) **मेतारज मुनि चरित्र कथा।** रचयिता–चौथमल । आकार–६.६″×४.४″ । पत्र–संख्या ६ । रचनाकाल–संवत् १८६२ असाढ़ विद् १३ । पद्य–संख्या २०१ ।

आदि भाग–

समरू मासण रा धणी, पो उगते सूर ।

अनत चोवीसी वांदतां, जन्म–मर्ण जाय दूर ॥ १ ॥

श्री श्रीमदर आदि दे, जेवता जगदीस ।

केवल ग्यानी साधने, सदा नमाउ सीस ॥ २ ॥

चोखो चारित्र पालतां, करे दुगछा कोय ।

मेतारज मुनी नी परे, नीच गत फल होय ॥ ३ ॥

अन्तिम भाग–

तप जप कर सुध गत गयो, नेट जासी नीरवाण ।

आवागमन मेटायने, जनम मरण कर हाण ॥ ६ ॥

अक्षर हैं। पद्य-संख्या १७१। इसमें किसी चोर वक्रचूल नाम के राजा के यहाँ चार साधुओं के ठहरने, उनका राजा द्वारा पहले सम्मान न होना, फिर इसके लिये राजा द्वारा क्षमा याचना आदि का वर्णन है। रचना सामान्य कोटि की है।

रचनाकाल -१७५० के उत्तरार्द्ध की अनुमानित।

आदि भाग-

गुर प्रमेस्वर कौं गु प्रनाम। बरनों कथा धरम सुख धाम ॥
करौं चौपाई रहि समभाऊं। सब को मन आनद बढाउँ ॥ १ ॥
सिव बिरचि नारद सनकादिक। बदौं कल्प सुदत सुकादिक ॥
सकल साध जे है निज सत। नमो तास को भगतिअनत ॥ २ ॥
एक प्रसग कहू अब सोई। साध सगति को सो फल होई ॥
राजा एक चोर बक्चूल। ताके बिबिध भाति की मूल ॥ ३ ॥
चारि साध पुनि आयें जहाँ। उतर आइ बाग में तहां ॥
बरिखा चतुर मास रूति आई। साध रहे यह मति ठहराई ॥ ४ ॥

अन्तिम भाग-

दोहा

राजा चोर वकचूल की बरनो सहठ विधान।
साधन के सतसग तै, पायौ पद निरवान ॥ १७० ॥
चारि बचन साधन कहे, नृपति उधारयो सोइ ॥
खेम कहै धनि धनि हुवै, नित प्रति सेवे सोइ ॥ १७१ ॥

[रोशनलालजी सामर, उदयपुर]

(४७) राजा भोज चरित्र पनरमी विद्या री वात। रचयिता-व्यास भवानीदास। आकार- ५'५"×४'२"। पत्र-सख्या ७२। प्रत्येक पृष्ठ पर ११ पक्तियाँ और प्रति पक्ति में २० अक्षर है। यह वार्त्ता गद्य-पद्य मे है। पद्य-संख्या-३२६। हठीमल लोढ़ा ने इसको सवत् १८२१ जेठविद् ६, सोमवार को लिपि बद्ध किया। भाषा-राजस्थानी।

आदि भाग-

अथ राजा भोज धारा नगरी रो धणी तिणरी पनरमी विधारी वार्त्ता लिख्यते। व्यास भवानी दास कृत। दूहा, चन्द्रायण, रेखता, नीसांणी, रूपालकृत लिख्यते।

दूहा

श्री गणपत सरस्वति शिव, विसन रवी गुरदेव ।
व्यास करै अरदास प्रभु, दीजै अक्षर मैव ॥ १ ॥
अविरत वाणी आपिजै, दीजै सुबुध सुग्यान ।
त्रिया चरित वरणन करूं, धर सुम वन ....ध्यान ॥ २ ॥

अन्तिम भाग-

छप्पय

श्री महाराजा भोज, आप मैह मांतन आयो ।
सुर न हुआ आणद, प्रथी नव खंड सुहायो ॥
समिया हुआ सुगाल, काल अरीया सिर कोपै ॥
षट दरसण पोषिजै, रिधु आरोपारोपे ॥
जग जीत वात राखण, जगत पीत रीत पारख करी ।
सुण जो सुजाण नर नारियाँ, इल पर गलाँ ऊबरी ॥ १ ॥
गढ जोधाण सतोल, धांम आई त्रीलोडै ।
॥
भोज विरत जिण सुण कहयौ कविगण सुख पावै ।
व्यास भवानीदास, कवित कर वात वणावै ॥
सुणियो प्रबंध चारण प्रते, भोजराज कवि यू कहयौ ।
कलियाणदास भूपाल को, धरम–धजा–धारी थयौ ॥ २ ॥

[रोशनलाल सामर वकील, उदयपुर]

(५८) राठोड वंश की उत्पत्ति साखातेरा की ।

रचयिता–कविराव करनीदान । आकार–१५″ × ६″ । पत्र-सख्या १०८ । इसके प्रत्येक पृष्ठ पर २३ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में १५ अक्षर हैं । ग्रन्थ, दोहे और छप्पयों तथा अन्य कई प्रकार के छंदों में रचित है । इस प्रति को खटाडी के खडिया नरसिंगदास भेरूदासोत ने संवत् १९०७ और १९०८ के बीच में लिपिबद्ध किया । रचना डिंगल में है । पाठ बड़ा शुद्ध है ।

आदि भाग-

छन्द वेअपरी

राम पाट कुस भूप विराजे । सुज कुस पाट अनत त्रप साजे ।
स भ्रम अतत त्रप मोहत । राजा नपद पाट नम राजत ॥

अन्तिम भाग-

कवित्त

दिवस एक जयचद, वीर मीमलन वीचारी ।
जीय किया सह जेर, धरा हिन्द अत्र धारी ॥
अटक पारमो अगे, पलानह नमे विलायत ।
जवन यसे जिण मांझ, थाप अगुर अम पत ॥
ज्याहणु काय पकड़ जीयां, प्रथी वदे तण पाघरी ।
पगपां पाण ढढलु तद पत्री, पीतछ पड पुरसांणरी ॥

[अन्ताणी संग्रह, उदयपुर]

(५६) **रात्रि भोजन री चौपई** । रचयिता-सुमति हंस । आकार-९·८″×४·८″ । पत्र सख्या २१ । पद्य-संख्या ४०३ । लिपिकाल-सवत् १९१३ । रचनाकाल-संवत्- १७२३, मगसर विद ६ गाम सरसा में लिखित ।

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(६०) **वल्लभाख्यात** । रचयिता-गोपालदास । आकार-७·५″×६·६″ पत्र-संख्या ११ । प्रत्येक पृष्ठ पर १३ पक्तियाँ और प्रति पक्ति में १६ अक्षर हैं । पद्य-सख्या १२६ । पुस्तक जीर्ण है ।

आदि भाग-

यज पुरुष हरि श्रुति गुण गायजी ॥ १ ॥ ढाल ॥
गाए स्तुति गुण रूप अहर्निस धरें ध्यांन विचार ।
आनन्द रूप अनूप सुदर पावे नहीं कोई पार ॥ २ ॥
प्राण पति प्रगट्या कारण काई कहूँ मति मद ।
हर सुर विधाता नवल हैं, सो ज्ञात ब्रह्मानद ॥ ३ ॥

अन्तिम भाग-

सोभा यमुना कवला देवका जेहना सात बंधु सौभाग्य रै रसना ।
एहना चरण स्मरण करी श्री विठ्ठल पद रज रति भाग्य रै रसना ॥
पुत्र पौत्र दुख किम कहुँ जो तू मुख माए करे रे रसना ।
श्री विठ्ठल कल्पद्रुम फल्यौ तेहनी साखा पररी अनेक रे रसना ॥ १४ ॥

[अन्तारणी संग्रह, उदयपुर]

(६१) **वात संग्रह** । पत्र-संख्या ३६० । प्रति सजिल्द है और सवत् १७५४ में फाल्गुन वदि ५ को आदुणिगढ़ में लिखी गई है । इसके अत में एक अपूर्ण सूची दी गई है जो महाराज वाघसिंहजी द्वारा सवत् १८३६ माह सुदी २ सोमवार को एक प्रहर दिन चढ़ते तैयार की गई । प्रति में अत्तरों की लिखावट समान नहीं हैं, कहीं अत्तर जमा कर लिखे गये हैं-कहीं नहीं । सम्पूर्ण प्रति एक ही व्यक्ति द्वारा नहीं लिखी गई । वार्ता में राजस्थानी का परिमार्जित गद्य-पद्य मिलेगा । सब का आदि अन्त न देकर यहाँ केवल विषय सूची ही दी जाती है-

१ विक्रमादीत री उतपती
२ राजा गधर्व सेन री वात
३ चोवोली राणी री वात
४ राजा सुसील री वात
५ राजा भोज री अर माघ पडित री, राणी भाणवती लछीयातैं समयै री वात ।
६ वात राजा भोज री ४ चारणां बाबत
७ वात राजा भोजरी छीपण बाबत
८ बीरोचन (द) मौहते री वात
९ राजा चद री वात
१० हरीदास चहवाण री वार्ता
११ वार्ता जेसे सरवही ये री
१२ रायघण री वार्ता
१३ पोपा बाई री वार्ता
१४ कोल्याइत रै साहरी वार्ता
१५ वार्ता श्री सूर्यजी री

१६ वार्ता राजा सालवहान री

१७ रतनमाणक साहिजादी री वार्ता

१८ वंग साहिजादे री वार्ता

१६ राजा पराक्रम सेन री वार्ता

२० वार्ता ओपाणे तणे सू मारथ हुवो तेरी

२१ ओपानेरी वार्ता

२२ रजपूत आल्हण री अर सादे वाणीये री वात

२३ दीवाली री वार्ता

२४ भाटीयारी नपा जुदी जुदी हुई तेरी वार्ता

२५ वेला छुरै री वार्ता

२६ भले बुरे री वात

२७ राजा भोज अर वाफरै चोर री वात

२८ मोरड़ी हार गिर्लायौ तैरी वात

२६ दिल्ली रै हौसनाणा री वात

३० कुवर चित्रसेण री वात

३१ पातसाह बग रे वेटे री वात

३२ लुद्रवै पाटण माहे ब्राह्मण चोरी कीवी तेरी वात

३३ अपछरानू इन्द्र सराप दीन्हो तैरी वात

३४ कुवर भूपति सेन री वात

३५ झानै साह री वात

३६ वसी ब्रह्मभाट री उतपत री वात

३७ दीन मांन रा फलां री वात

३८ वात नरबद जी री अर नृसघ सीवल री पियारदे बात्रत

३६ सिधराव जेसघदे री वात

४० राजा भोज री अर मत्र सेन री वेटी री वात

४१ वात राजा भोज री बाफरे चोरा पासा चोरी सीवी तेरी

४२ राजा भोज अर भाणवती रे वाद गी वात

४३ चार परधानां री वात

४४ वात अचलदास षीची री ऊमादे सात्रतीं परणीयौ तेरी (यह प्रथम भाग में प्रकाशित रचना से भिन्न है)

४५ तिलोक सी जस डोत री माटी री श्रर झगडे वलोच री वात

४६ राजा विजैपति री वात

४७ राव नरपतजी री वात

४८ रावल जामनू साह मिलीयो तेरी वात

४९ मोगल मेंहदरै री वात

५० राजा रो बेटो देसौटै नीसरीयो छै तेरी वार्त्ता

५१ राजा रे बेटै रै महल री वात

५२ वाघड़ै वछेरे री वात (बाघ और बछेरे री बात)

५३ पंच मार री वात

५४ चांपे सांघ री श्रर वीरे मायल री वात

५५ सिषरेई देउगड़ावत री वार्त्ता

५६ सादे मागली येरी वार्त्ता

५७ दांमो देवड़ो (श्रर) सांमो सखहीये री वात (इसके श्रंत में सं० १७५४ लेख मिलता है।)

५८ पर्यों चीते (तौ) री श्रर विजे देवड़े री वात

५९ देवसी रबारी री वात

६० वात रबारी रतन ही रहे श्रर प्रीत ही रहे

६१ काणे रजपूत री वात

६२ भलै भलो बुरे बुरो री वात

६३ वार्त्ता राजा मत्रसेन री

६४ तांत वाजी श्रर राग बूझी तेरी वात

६५ रजपूत री स्त्री री सहटी बोली तेरी वार्त्ता

६६ वांधी बुहारी री वार्त्ता

६७ सो नारी री र सुतारी री वार्त्ता

६८ वार्ता साहुकार री श्रर सूवेरी

६९ वात राजा फेरधनरी

७० राजा विजे राव री वार्त्ता

७१ सतवती री वार्त्ता

७२ वात मोरड़ी मतवाली री

७३ वात मुहतै सुमत कुंर मगलू रुपरी

७४ श्री महादेव जी पार्वती री वात

७५ साहूकार री वात

७६ साहरी स्त्री रे तपावस री वार्त्ता

७७ गाव रे धणी री वार्त्ता

७८ राजा रे बेटे री वात

७९ राजा सिंधराव जैसिंघ देव री वात (हेमचन्द्राचार्य और सिद्धराज जयसिंह)

८० कुंवरपाल पाटण रे धणीरी वार्ता

८१ कुवर साहिजादा री वात

८२ लालमेण कुवर री वार्त्ता

८३ मदन कुवर री वार्त्ता

८४ पातसाह अलावदीन री अर हमीर हटीले री वात

८५ मिहमद खान साहिजादे री वात (गजनी के पिरोशाह का बादशाह का पुत्र)

८६ सलेमखान साहिजादेरी वात

८७ सोवल साह रे बेटे री स्त्री री वात

८८ चारण मदमै (मौ) मनोहर री वात

८९ रत्न मजरी री तृतीय वार्त्ता

९० नवरत्न कुवर री वार्त्ता

९१ लूण साह री बेटी री वार्त्ता

[स्वरुपलालजी, जगदीश चोक उदयपुर]

(६२) **वैष्णव वार्ता संग्रह** । आकार-९″×७″ । पत्र अस्त व्यस्त है । इसमें ८४ तथा २५२ वैष्णवों की वार्ताएँ सम्मिलित है । इसके साथ नाभादास कृत भक्तमाल की टीका भी है । प्रति, पानी से कहीं कहीं बिगड गई है ।

[उदयसिंह भटनागर, उदयपुर]

(६३) **विक्रम चरित्रे चोबोली सती नी चउपई** । रचयिता-अभयसोम । आकार-१०.२″×४.७″ । पत्र-९ । पद्य-३३५ । रचनाकाल-सं० १७२४ । लिपिकाल-सं० १८८२ ।

आदि भाग-

वीणा पुस्तक धारिणी, हंसासन कवि साय ।
प्रह उगंतई नित नमु, सारद तोरा पाय ॥ १ ॥

हुइ पचासे बाँधियो, कोई नवो मढार ।
माथा भरिनइ काढतां, किण ही न लाधो पार ॥ २ ॥
तो हूंती नव निद्धि हुवइ, तो हूँती सहू सिद्धि ।
आज अनइ आगा लगइ, मूरख पंडित किद्धि ॥ ३ ॥
तिण तौनै समरी करी, कहि स्युं विक्रम-वात ।
मइ तो उद्यम मांडीयो, पूरो करिस्यइ मात ॥ ४ ॥
सोनइ किणनइ छेतर्यौ, मइ जग ठग्या अनेक ।
मो कलियुग नइ छेतर्यौ, राजा विक्रम एक ॥ ५ ॥
चउबोली राणी चतुर, शीलवंति सुखकार ।
विक्रम परणी जिण विधइ, कथा कहिस्यु निरधार ॥ ६ ॥

अन्तिम भाग–

च्यारे पुहर बोलो चतुर, चारे वाट सुखकार ।
कहे सवे ही सुंदरी, जय जय आणदकार १ ॥
फल्यो मणोरथ बिहुंजणा, उलसीया मन माँहिं ।
आलसूया रै आंगणै, आयो गंग प्रवाह ॥ २ ॥
जे मन राखै जेह सुं, तेहनै मिलै ज तेह ।
मुह मांग्या पसाढल्या, दूधे वूवा मेह ॥ ३ ॥
हुती एक पखी धणी, ताठी गाठी प्रीति ।
तपी विक्रम लाहोर ज्यो, जोडी करी इत चीत ॥ ४ ॥
परतग्या पूरी थई, मांहरी रही ज मांम ।
मैं जाण्यो नांही मिलै, पूरण हागे सामि ॥ ५ ॥
लीलावतीइ भठी नै, कठ ठवी वरमाल ।
ग्लीयां तोरण बांधिजै, रच्यो वीवाह रसाल ॥ ६ ॥
परणी बहू मडाण करी, पुण्य तणै परमांण ।
मन सु विक्रम हरषियो, माग फल्यो निरवाण ॥ ७ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(६४) **विक्रमसेन चतुपदी** । रचयिता-परमसागर । आकार-८" × ४'५" । पत्र संख्या-१३२ । छंद संख्या-१३०६ । लिपिकाल-सवत १६२७, कार्तिक कृष्णा ६ शनिवार । यह प्रति उपरोक्त प्रति से भिन्न है । इसकी भाषा भी जैन शैली की है ।

अन्तिम भाग-

तप गछ अवर तणी सरीयो विजयदेव गुणधारी ।
तसपाटैं सप्रत गुरु प्रतपे, श्री विजय प्रभ सुखकारी रे ॥ ६ ॥
तस गचे गुण मणि आगर, जयसागर उवझाया ।
तस पद सेवे सुर नर वृंदा, नामे नव निधि पायारे ॥ १० ॥
तास सीस पडित जिन नायक, लावण्य सागर गुरु राया ।
महियल महमा जे नो पसरयो, दिन चढत सवाया रे ॥ ११ ॥
तस पद सेवक परम सागर, कवि रचियो रास रसाल ।
भाव धरीने सुंणता रसीया, लहस्यो मगल मालरे ॥ १२ ॥
तिहां लगे चोपी थिर थाज्यो, जिंहां लगे सूरज चदा ।
राग धन्यासी ढाल चोसठमी, परम सागर आणदारे ॥ १३ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(६५) **विक्रमादित्य चउपई** । रचयिता-अभयसोम ।

आकार- १०३" × ४३" । पत्र संख्या ६ । इसके प्रत्येक पत्र पर १५ पक्तियाँ और प्रति पंक्ति में ४६ अक्षर हैं । अक्षर जैन पाटी के प्राचीन नागरी हैं । इसमें कुल २८५ छंद हैं । सवन् १७२३ जेठ मास में सिरोही में इसकी रचना हुई और संवत् १८१० आसोज सुदि ७ को यह प्रति लिपिबद्ध हुई । भाषा परिमार्जित जैन शैली की राजस्थानी है ।

आदि भाग-

दूहा

सरसति माता समरियै, नित प्रति लीजै नाम ।
चित माहि जे चिंतवै, सीझै वछित काम ॥ १ ॥
पय झुग प्रणमी तेहना, विक्रम चरित्र कहेस ।
सानिध करज्यो मामदी, हु तुझ विनय वहेस ॥ २ ॥

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(६६) **विक्रम वेलि** । रचयिता–मतिसुन्दर । आकार–४.३″ × ३.६″ । पत्र संख्या–१४ । प्रत्येक पृष्ठ पर १५ पंक्तियाँ और प्रति पंक्ति में २८ अक्षर हैं । पद्य संख्या–२८० । रचनाकाल–१७२४, आसाढ़ कृष्णा १० ।

आदि भाग—

दोहा

दुह पचासे वधियो, कोइ नवो कोठार ।
वाप भरीने कांटतां, किणही नलधो पार ॥ १ ॥
तोऊ तिन वनिध हुवे, तोहु तिसहु सिद्ध ।
अमु अने आगा लगै, मुरिष पडित किद्ध ॥ २ ॥
तिन तोने समरी करी, कहस्यु विक्रम वात ।
मे तो उधम मडिउ, पूरो करस्यो मात ॥ ३ ॥

अंतिम भाग–

कलियुग मांहि विक्रमराय नो, सोहग सुदर महिमा गाऊ तो ।
तेहनि सानिध सिव करै, आगा लडती आपद अपहरे ॥
अपहरे आपद चरित सुनावैं, नाम थी नवनिधि मिलै ।
परतर गछ श्री जिनचद सद गुरु, सेविता वछित फलै ॥
सतरे चोवीस कृष्ण दसमी, आदि आसाढे सही ।
वाचना चारभ्र अमय सोमे, मति सुदर काजे कही ॥

[प० उमाशकर द्विवेदी, 'विरही' उदयपुर]

(६७) **विमल साहरो सलोको** । रचयिता– विनीत विमल । आकार– ६.८″ × ४.२″ । पत्र सख्या– ५ । छद संख्या–१०७ । लिपिकार–हेमंत विज । विषय– विमल शाह ने ग्यारहवीं शती में आबू पर एक जैन मन्दिर वनवाया, उसकी कथा इनमें दी गई है । भाषा जैन शैली की है और बोलचाल की है ।

आदि भाग–

सरसति समरु बेकर कोडि । त्राह वग काणो गिरनार गौडि ।
भर्डग मेत्रुंभै मपेसर दोडि ! कविता ने कुसल कल्याण कोडि ॥ १ ॥

मरुधर , माहि तीरथ ताभा । श्राबू नव कोटि तेहनो राभा ।
गढ मढ नई देवल दरवाभा । चऊमप चंपाने ऊपर भाभा ॥ २ ॥
असल आचारभ धर्म्मघोष सूरि । या कीधि विण भाग्यें अपूरी ।
देवल विण मु गरि दीमइ न नूरी । घ्यानइ तिहा छै आयद मागण पूरी ॥ ३ ॥

अन्तिम भाग-

मन ना मनोरथ सघलाई सीधा । थारे ही पतिसाहरा विरुघ लीधा ।
पाटण छोड़ेने चढ़ावें श्रायो । वडायी यामें नें छत्र धरायो ॥ ४ ॥
पतिसाह चांधें ने डड मरायो । आबू ने ऊपरि देवल करायो ।
पोरवाड़ प्राक्रम पांच में भ्रारे । नाणों खरच ने न्यात वधारे ॥ ५ ॥
पचाणु ए वांध्या पतिसाह, थारें । एक सपूत आवो कुल तारें ।
कहसी वाणी तू कांई वखाणु । घन पामें ने खरचितु नाणो ॥ ६ ॥

वि० जैन गुर्जर कविओ भा० ३ पृ० १३४३ के अनुसार इसके पद्य ११५ हैं ।

[वर्द्धमान ज्ञान मन्दिर, उदयपुर]

(६८) **सतवंती री वात** । रचयिता-जान कवि ।

यह 'वात सग्रह' (६१) मे प्राप्त हुई है। रचना दोहा, सोरठा और चौपाई मे है । इसका रचनाकाल इसके अन्तिम भाग के अनुसार सवत १६७८ है । इसकी भाषा पिंगल है । रचना सरस और मधुर तो है ही पर भाषा भी बहुत परिमार्जित और प्रवाह पूर्ण है। रचना के आदि भाग से ज्ञान होता है कि इसका रचयिता मुसलमान है और सूफी मत का अनुयायी ज्ञात होता है। संक्षेप में रचना की कथा इस प्रकार है ।

मनसूर एक व्यौपारी है। इसकी स्त्री का नाम सतवंती है। जैसा उसका नाम है-वैसी ही वह रूपवती और पतिव्रता भी है । मनसूर अपने मित्रों के साथ व्यौपार के लिए विदेश जाता है। उसकी स्त्री विरह में दुःखी होती है । बहुत दिन बीत गये । एक धूर्त ने इसके सौंदर्य के विषय मे सुन कर इसे छलने का विचार किया। अत उसने चार दूतियों-पँनवारिन, कलाली, मालिन और छलिनी योगिन को बारी बारी से उसके यहाँ उसे छलने को भेजा । सब बारी बारी से हार कर और मारखाकर लौटी। उसका धैर्य इन चारो से विचलित न हुआ।

तब धूर्त हताश होकर वह किसी धूर्त श्वेताम्बर के पास जाता है। जो तंत्र, मंत्र और टोना करने में सिद्ध है। कुछ दिनों तक वह उसकी सेवा कर के उसे प्रसन्न कर लेता है और उससे रूप पलटने की क्रिया सीख लेता है। फिर मनसूर वन कर सतवंती के साथ रहने लगता है। सतवंती को कुछ संदेह होता है। अतः वह कुछ दिन तक टालती रहती है। इतने में उसका पति भी आ जाता है। एक रूप के दो व्यक्ति राजा के पास न्याय के लिये जाते हैं। राजा दोनों से तथा सतवंती से अपने अपने विवाह की तिथि लिखवा लेता है। सतवंती और मनसूर की तिथि एक मिलने पर धूर्त को प्राण दण्ड मिलता है।

आदि भाग-

चौपई

प्रथम समिरौं सिरजन हार । अलप अगोंचर एकंकार ॥
अधम उधार अधार निरजन । मलिनरसन सुमिरन तिह मनन ॥
व्याध असाध महा अपराध । विधि सुमिरन तैं-होत समाध ॥
जिह रसना सुमिरन रसरसी । प्रगट भयो ज्यों-सविता ससी ॥
सुमिरन रसना रसना पीजै । तिरसना पट रस कत दीजै ॥

सोरठा

हार हार समरारि, पारा प्यार अपार कह्यो ।
